CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 15°C
न्यूनतम : 04°C

मुजफ्फरनगर, शुक्रवार 9 जनवरी 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 359 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 | 19 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



योगी सरकार का दावा: आयुष्मान अस्पतालों को 30 दिन में हो रहा है भुगतान पेज 2




हम श्रीलंका में विश्व कप खेलना चाहते हैं : बांग्लादेश खेल टाइम्स



सब कुछ जानकर भी नहीं छूट पा रही सोशल मीडिया की लत सम्पादकीय



भारत पर 500 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा अमेरिका! पेज 12



नई दिल्ली: गणतंत्र दिवस के पूर्वाभ्यास के दौरान दिल्ली पुलिस के जवान।

# स्टार्टअप व AI उद्यमी भारत के भविष्य के सह निर्माता: मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) स्टार्टअप के प्रतिनिधियों के साथ गोलमेज बैठक की अध्यक्षता की और कहा कि वे भारत के भविष्य के सह निर्माता हैं।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि यह बैठक श्री मोदी के आवास पर हुई। बैठक में अगले महीने देश में होने वाले 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' से पूर्व 'एआई फॉर ऑल: ग्लोबल इम्पैक्ट चैलेंज' के लिए चयनित 12 भारतीय एआई स्टार्टअप ने भाग लिया तथा अपने विचारों के साथ प्रस्तुति दी। ये स्टार्टअप कई क्षेत्रों में काम कर रहे



- **प्रधानमंत्री ने एआई स्टार्टअप के प्रतिनिधियों के साथ गोलमेज बैठक की अध्यक्षता की**

हैं, जिनमें भारतीय भाषा फाउंडेशन मॉडल, बहुभाषी एलएलएम, स्पीच-टू-टेक्स्ट, टेक्स्ट-टू-ऑडियो और टेक्स्ट-टू-वीडियो, ई-कॉमर्स, मार्केटिंग और वैयक्तिकृत सामग्री निर्माण के लिए जनरेटिव एआई का उपयोग करके 3डी सामग्री, इंजीनियरिंग सिमुलेशन, सामग्री अनुसंधान और विभिन्न उद्योगों में डेटा-संचालित निर्णय लेने के लिए उन्नत एनालिटिक्स, स्वास्थ्य देखभाल निदान और चिकित्सा अनुसंधान आदि शामिल हैं। एआई स्टार्टअप ने भारत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) इकोसिस्टम को आगे बढ़ाने की मजबूत प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने एआई क्षेत्र की तीव्र वृद्धि और अपार भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एआई नवाचार का केंद्र अब भारत की ओर स्थानांतरित हो रहा है। स्टार्टअप प्रतिनिधियों ने कहा कि भारत में अब एआई विकास के लिए मजबूत और अनुकूल माहौल है, जिससे देश वैश्विक एआई मानचित्र पर मजबूती से स्थापित हो गया है।

### सोमनाथ मंदिर पर केंद्रीय मंत्री सिंधिया के लेख को मोदी ने सोशल मीडिया पर किया साझा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया द्वारा लिखित एक लेख गुरुवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा किया और कहा कि यह मंदिर भारत की शाश्वत सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है।' हमारी सभ्यतागत चेतना का प्रतीक' शीर्षक इस लेख में श्री सिंधिया ने कहा है,' सोमनाथ मंदिर की (पिछले) हजार वर्ष की यात्रा हमें सिखाती है कि स्मृतियां कभी मिटती नहीं और सच्ची आस्था कभी हारती नहीं। उनके इस लेख को साझा करते हुए श्री मोदी ने कहा है कि सोमनाथ मंदिर देश की शाश्वत सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है। यह दर्शाता है कि पिछले 11 वर्षों में सोमनाथ मंदिर से राम जन्मभूमि तक जो परिवर्तन हुआ है, वह इस बात का प्रमाण है कि भारत एक आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में उभरा है, जो अपनी सांस्कृतिक पहचान पर गर्व करता है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया ने विस्तार से इस पर अपनी बात साझा की है।

## संक्षिप्त समाचार

### पत्थरबाजी मामला: सपा सांसद से पूछताछ करेगी पुलिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 6 जनवरी की रात फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास हुई पत्थरबाजी को लेकर सपा सांसद मोहिबुल्लाह नदवी से पूछताछ की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली पुलिस के सीनियर अधिकारियों के बार-बार कहने के बावजूद नदवी घटनास्थल से नहीं गए और आसपास मौजूद रहे। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से पत्थरबाजी में शामिल 30 लोगों और सोशल मीडिया पर मस्जिद गिराने की अफवाह फैलाने वाले 10 इन्फ्लुएंसर की पहचान की है। हिंसा के मामले में 6 और गिरफ्तारियों के साथ कुल 11 लोग पकड़े गए हैं, जिनमें एक नाबालिग भी शामिल है। दरअसल पूरा मामला फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास अतिक्रमण हटाने से जुड़ा है। पुलिस की टीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक अतिक्रमण हटाने गई थी। इस बीच कुछ लोगों ने अफवाह फैलाई कि मस्जिद गिराई जाएगी। जिससे हिंसा भड़की। पुलिसकर्मियों पर पत्थर फेंके गए, 5 पुलिसकर्मी घायल हो गए। सपा नेता एस टी हसन ने कहा कि यहां 100 साल पुरानी मस्जिद और दुकानें हैं।

### जेएनयू में मोदी-शाह के खिलाफ नारेबाजी एफआईआर दर्ज

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने बुधवार रात दिल्ली की जेएनयू में साबरमती हॉस्टल के बाहर पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ लगे विवादित नारे के मामले में एफआईआर दर्ज की। शिकायत जेएनयू के सीएसओ ने दर्ज कराई। रिपोर्ट में कहा गया है कि मौके पर 30-35 छात्र मौजूद थे। शुरुआत में कार्यक्रम शांतिपूर्ण था, लेकिन उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत नहीं मिलने पर भड़काऊ नारे लगाए गए। दोनों 2020 दिल्ली दंगों की साजिश मामले में आरोपी हैं।

### ईडी ने फर्जी सरकारी नौकरी घोटाले के मामले में मारे छापे

**नई दिल्ली।** ईडी ने फर्जी सरकारी नौकरी घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में देश भर में तलाशी अभियान चलाया। यह अभियान एक संगठित गिरोह को निशाना बनाते हुए चलाया गया, जिसने फर्जी नौकरी का झांसा देकर लोगों को ठगा है। एक ईडी अधिकारी ने कहा कि यह घोटाला शुरू में भारतीय रेलवे के नाम पर सामने आया था।

# कुत्ते इंसानी डर पहचानते हैं इसलिए काटते हैं: सुप्रीम कोर्ट

## आवारा कुत्तों से जुड़े मामलों में लगातार दूसरे दिन शीर्ष अदालत में हुई सुनवाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में आवारा कुत्तों से जुड़े मामलों पर गुरुवार को लगातार दूसरे दिन ढाई घंटे सुनवाई हुई। कोर्ट ने कुत्तों के बिहेवियर को लेकर चर्चा की। जस्टिस नाथ ने कहा कि कुत्ते इंसानों का डर पहचान लेते हैं इसलिए काटते हैं।

इस पर एक वकील (कुत्तों के फेवर वाले) ने इन्कार किया। फिर जस्टिस ने कहा कि अपना सिर मत हिलाइए, ये बात मैं पर्सनल एक्सपीरियंस से बोल रहा हूं। उधर याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि राज्यों ने जो आंकड़े दिए हैं। उनमें से किसी ने यह नहीं बताया कि नगर पालिकाओं की तरफ से कितने शेल्टर चलाए जाते हैं। देश में सिर्फ 5 सरकारी शेल्टर हैं। इनमें से हर एक में 100 कुत्ते रह सकते हैं। हमे इन्फ्रास्ट्रक्चर की जरूरत है। इससे पहले सुनवाई के दौरान एनिमल वेलफेयर की तरफ से दलील दे रहे एडवोकेट सीयू सिंह ने कुत्तों को हटाने या शेल्टर होम भेजने पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि कुत्ते हटाने से चूहों की आबादी बढ़ेगी। इस पर कोर्ट ने मजाकिया अंदाज में कहा कि तो क्या बिल्लियां ले आएं? इस मामले पर पिछले 7 महीनों में छह बार सुनवाई हो चुकी है। पिछले साल नवम्बर में सुप्रीम कोर्ट ने स्कूलों, अस्पतालों, बस स्टैंड, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और रेलवे स्टेशनों से आवारा कुत्तों को हटाने का आदेश दिया था। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा था कि इन जानवरों को तय शेल्टर में ट्रांसफर किया जाए। याचिकाकर्ता के एक वकील ने कहा कि हर पालतू कुत्ते का मालिक होता है। जबकि आवारा कुत्ते का कोई मालिक नहीं होता। न ही यह राज्य की जिम्मेदारी है। हालांकि राज्य का काम वैक्सीनेशन वगैरह देना है। एबीसी नियम ऐसे होने चाहिए कि मेरे घर तक का रास्ता सुरक्षित रहे। वकील (कुत्तों को हटाने के पक्ष में) ने कहा कि अदालत का आदेश सिर्फ संस्थानों तक सीमित नहीं होना चाहिए। बल्कि उसे रिहायशी इलाकों पर भी लागू किया जाना चाहिए। कुत्ते को समझाना (काउंसलिंग) संभव नहीं है, लेकिन कुत्ते की देखभाल करने वाले या मालिक को समझाया जा सकता है। हर डाग लवर और एनजीओ को याचिका लगाने में एक तय राशि जमा करनी होती है। इस शर्त को हटाया जाए। इस पर कोर्ट ने हल्के अंदाज में जवाब दिया कि अगर हमने यह शर्त नहीं रखी होती, तो यहां पंडाल लगाना पड़ता। कुत्तों की मॉनिटरिंग के लिए पहले उनकी गिनती जरूरी है, जो आखिरी बार 2009 में हुई थी। सिर्फ दिल्ली में 5,60,000 कुत्ते थे। सेंटर्स की हाउसिंग कैपेसिटी के हिसाब से ही तय संख्या में जानवरों को पकड़ा जाना चाहिए।

**सुनवाई के दौरान वकील बोले- देश में सिर्फ पांच सरकारी शेल्टर, हमें इन्फ्रास्ट्रक्चर की जरूरत**



### जज कैश कांड: कोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा की याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने दो दिन की सुनवाई के बाद यह निर्णय लिया।

हालांकि बेंच ने जस्टिस वर्मा को पार्लियामेंट्री कमेटी के सामने जवाब दाखिल करने के लिए समय बढ़ाने से मना कर दिया। उन्हें 12 जनवरी को संसदीय समिति के सामने जवाब देना है। दरअसल, जस्टिस वर्मा ने अपने खिलाफ लाए गए महाभियोग प्रस्ताव को चुनौती दी थी। याचिका में कहा गया कि दोनों सदनों में महाभियोग प्रस्ताव लाया गया था, लेकिन

- **जवाब देने के लिए समय बढ़ाने से इन्कार**

राज्यसभा ने उसे मंजूर नहीं किया। इसके बावजूद लोकसभा ने अकेले जांच समिति बना दी, जो उनके अनुसार गलत है। एक दिन पहले, 6 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि जांच समिति के गठन में कुछ खामियां दिखाई देती हैं। हालांकि कोर्ट यह देखेगा कि क्या यह खामी इतनी गंभीर है कि पूरी कार्यवाही को रद्द किया जाए। 14 मार्च को दिल्ली में जज के आधिकारिक आवास के स्टोर रूम में आग लगने के बाद जले हुए नोटों के बंडल मिले थे। इसके बाद के घटनाक्रम में उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर कर दिया गया।

# यूपी में कोहरे से छह सड़क हादसे, सात लोगों की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो



- **आठ लोग हुए घायल**
- **उत्तराखंड में तापमान 21 डिग्री दर्ज**

**नई दिल्ली।** पहाड़ों पर बर्फबारी के चलते मैदानी राज्यों में सर्दी बढ़ गई है। कोहरे के चलते दिल्ली से मप्र आने वाली एक दर्जन से ज्यादा ट्रेनें रोजाना 2 से 6 घंटे लेट हो रही हैं। उत्तर प्रदेश में कोहरे की वजह से गुरुवार सुबह 6 हादसे हुए। इनमें 14 गाड़ियां टकराईं और 7 लोगों की जान चली गई। पुलिस ने बताया कि इसमें 8 लोग घायल भी हुए हैं जिनका इलाज जारी है।

वाराणसी- मेरठ और झांसी समेत 38 जिलों में घने कोहरे का अलर्ट है। लखनऊ-कानपुर समेत 26 जिलों में कोल्ड डे रहेगा। उत्तराखंड के 3 शहरों का तापमान -21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। इनमें पिथौरागढ़ का आदि कैलाश, रुद्रप्रयाग का केदारनाथ और उत्तरकाशी का यमुनोत्री धाम शामिल है। मध्य प्रदेश के शहडोल का कल्याणपुर सबसे ठंडा रहा। यहां न्यूनतम तापमान 2.7 डिग्री दर्ज किया गया। उधर, राजस्थान के 4 शहरों का न्यूनतम तापमान बुधवार को 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। गुरुवार को 23 जिलों में घना कोहरा छाया रहा। 25 जिलों में स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। 9 जनवरी को पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, मध्य प्रदेश में घने कोहरे का अलर्ट, कड़ाके की सर्दी रहेगी। हरियाणा में सर्द हवाओं ने कंपकंपी बढ़ा दी है। दिन में रात की तरह ठंड पड़ रही है। उत्तर-पश्चिम में 15 किमी/घंटा की रफ्तार से ठंडी हवा चल रही हैं। मौसम विभाग ने कई जिलों में कोल्ड-डे का अलर्ट जारी किया है।

### जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में जमी जिंदगी, श्रीनगर में रिकॉर्ड तोड़ ठंड

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भीषण शीतलहर की चपेट में हैं। दोनों केंद्र शासित प्रदेशों में कई जगहों पर मौसम का सबसे कम तापमान दर्ज किया गया। कश्मीर घाटी के पर्यटन स्थल और ऊंचे इलाके सबसे सर्द रहे। सोनमर्ग में सबसे कम तापमान - 9.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

इसके बाद गुलमर्ग में -9. 2डिग्री सेल्सियस और पहलगाम में -8.6 डिग्री सेल्सिसय रहा। शोपियां में भी तापमान -7.8 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने बताया कि ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर का तापमान -5. 1 डिग्री सेल्सियस रहा, जो पिछली रात के -1.6 डिग्री सेल्सियस से काफी कम है, जो एक महत्वपूर्ण गिरावट है। जम्मू क्षेत्र के मैदानी इलाकों में भी तापमान में गिरावट देखी गई, हालांकि अधिकांश स्टेशनों पर तापमान जमाव बिंदु से ऊपर रहा। शीतकालीन राजधानी जम्मू में न्यूनतम तापमान 7.1डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### दिल्ली में कड़ाके की ठंड का प्रकोप जारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को तापमान में गिरावट आने एवं शीतलहर चलने से कड़ाके की ठंड का प्रकोप रहा। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी के मौसम स्टेशनों पर न्यूनतम तापमान 4.8 डिग्री सेल्सियस से 6.0 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने से लोगों को ज्यादा ठंड महसूस हुई। विभाग के अनुसार सुबह 8:30 बजे पालम में इलाके का सबसे कम तापमान 4.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.7 डिग्री कम था।

# हम वर्दी पहनें या न पहनें, हमारा दिल वर्दीधारी होना चाहिए: एयर चीफ मार्शल

शाह टाइम्स ब्यूरो

- **एनसीसी कैडेटों को कैरियर के संबंध में दिया सशक्त संदेश**
- **कहा: असफलताओं से डरना नहीं चाहिए**



**नई दिल्ली।** वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने गुरुवार को राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेटों को कैरियर के संबंध में एक सशक्त संदेश दिया कि उन्हें असफलताओं से डरना नहीं चाहिए, क्योंकि असफलता अंत नहीं बल्कि अक्सर महानता की शुरुआत होती है।

उन्होंने कैडेटों से एनसीसी के मूल्यों को हमेशा याद रखने का आह्वान करते हुए कहा कि हम वर्दी पहनें या न पहनें, हमारा दिल वर्दीधारी होना चाहिए। एयर चीफ मार्शल सिंह ने यहां दिल्ली छावनी स्थित एनसीसी के गणतंत्र दिवस शिविर का दौरा किया। कैडेटों को संबोधित करते हुए उन्होंने अपने जीवन के बेहद व्यक्तिगत अनुभव साझा किए, जिनमें बचपन में स्कूल में दाखिला न मिल पाने से लेकर सेवा के दौरान पहले पदोन्नति बोर्ड में चूकना तक शामिल है। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद वह दुनिया की सबसे शक्तिशाली वायु सेनाओं में से एक के प्रमुख बने। युवा कैडेटों को संबोधित करते हुए उन्होंने जोर देकर कहा कि वास्तविक विकास प्रतिस्पर्धा से नहीं, आत्म-सुधार से होता है। उन्होंने कहा कि यदि आप दूसरों से प्रतिस्पर्धा करेंगे, तो जिस दिन आप उनसे आगे निकल जाएंगे, उस दिन आपकी प्रगति रुक जाएगी। अपने आप से प्रतिस्पर्धा करें। आज से बेहतर बनने का प्रयास करें। दृढ़ संकल्प के महत्व पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि असफलता प्रयास का स्वाभाविक परिणाम है और इससे कभी डरना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल वही लोग असफल होते हैं जो प्रयास करते हैं, जो कुछ नहीं करते, वे कभी असफल नहीं होते। अपने जीवन की सच्ची घटनाएं साझा करते हुए उन्होंने बताया कि उन्हें हरियाणा के राई स्थित स्पोर्ट्स स्कूल में प्रवेश नहीं मिल पाया था। उन्होंने यह भी बताया कि एक बार वह अपनी पदोन्नति परीक्षा में चूक गए थे, जिससे उनकी पदोन्नति अपने बैच के सहयोगियों की तुलना में एक वर्ष देर से हुई। उन्होंने कहा कि लेकिन फिर भी मैं प्रमुख बना। यह नियति में लिखा था। भगवद गीता का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि व्यक्ति को अपने कर्तव्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, पूरे मन से काम करना चाहिए और परिणामों से अत्यधिक आसक्त नहीं होना चाहिए। उन्होंने सलाह दी, अपना सर्वश्रेष्ठ दें, कड़ी मेहनत करें और जो भी परिणाम आए, उसे गरिमा के साथ स्वीकार करें। कैडेटों से महत्वाकांक्षी, लेकिन विनम्र बने रहने का आग्रह करते हुए उन्होंने कहा कि प्रयास और सीखने की यात्रा मुकाम से अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सफलता के कोई 'शॉर्टकट' नहीं होते और कड़ी मेहनत, अनुशासन तथा माता-पिता और शिक्षकों द्वारा दिए गए मजबूत मूल्य ही स्थायी सफलता की नींव होते हैं। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि सेना में शामिल होना और देश की सेवा करना ही एनसीसी का एकमात्र लक्ष्य नहीं है।

# आईटी सेल इंचार्ज के घर और ऑफिस पर ईडी के छापे

- **गृह मंत्री मेरी पार्टी के दस्तावेज उठवा रहे: ममता**
- **मामला हाईकोर्ट पहुंचा, आज सुनवाई**

**कोलकाता।** ईडी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कथित कोयला तस्करी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में छापेमारी के दौरान रुकावट पैदा की। वे कोलकाता में पॉलिटिकल कंसल्टेंट फर्म आई-पीएसी के डायरेक्टर प्रतीक जैन के घर में जबरन घुसीं और अपने साथ कई फिजिकल डॉक्यूमेंट्स और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ले गईं।

ईडी के मुताबिक, इसके बाद मुख्यमंत्री साल्ट लेक स्थित आई-पीएसी कार्यालय भी पहुंचीं। यहां भी राज्य की पुलिस की मदद से अहम सबूत जबरन अपने साथ ले गईं। प्रतीक जैन ममता की पार्टी टीएमसी के आईटी सेल के हेड भी हैं। ममता ने इस कार्रवाई को राजनीति से प्रेरित बताया और कहा कि गृह मंत्री मेरी पार्टी के दस्तावेज उठवा रहे हैं। इस कार्रवाई के विरोध में ममता शुक्रवार 2 बजे मार्च निकालेंगी। ईडी के अफसर प्रतीक के घर और ऑफिस से कई डॉक्यूमेंट्स ले गए। सबूतों से छेड़छाड़ के मामले में ईडी ने कलकत्ता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। मामले की सुनवाई शुक्रवार को जस्टिस सुवरा घोष की बेंच में होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### पर्यटकों की सुविधा के लिए चार पर्यटन सूचना केंद्र स्थापित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की संगम नगरी प्रयागराज में चल रहे माघ मेला 2026 का आयोजन तीन जनवरी से भव्य और दिव्य स्वरूप में किया जा रहा है। आस्था, संस्कृति और सुव्यवस्था का प्रतीक बनता यह मेला अब पर्यटन की दृष्टि से भी नई पहचान गढ़ रहा है। देश-विदेश से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए योगी सरकार द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए हैं। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने माघ मेला क्षेत्र में पर्यटकों और श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए चार अस्थाई पर्यटन सूचना केंद्र स्थापित किए हैं। पर्यटन विभाग के अनुसार ये चार अस्थाई पर्यटन सूचना केंद्र परेड ग्राउंड, नागवासुकी मंदिर, प्रयागराज छिवकी जंक्शन रेलवे स्टेशन और अरैल घाट के समीप स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों के माध्यम से अब तक करीब 20 लाख से अधिक श्रद्धालु और पर्यटक लाभान्वित हो चुके हैं। इस वर्ष माघ मेले में 12 से 15 करोड़ श्रद्धालुओं के प्रयागराज पहुंचने का अनुमान है।

### मुंबई हवाई अड्डे ने बनाया यात्रियों का नया रिकॉर्ड

**मुंबई।** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने 2025 में 5.55 करोड़ यात्रियों की आवाजाही के साथ एक नया रिकॉर्ड कायम किया। यह आंकड़ा कैलेंडर वर्ष 2024 की तुलना में लगभग 1.3 प्रतिशत और वर्ष 2023 की तुलना में 7.6 प्रतिशत अधिक है। कुल यात्रियों में 1.63 करोड़ अंतर्राष्ट्रीय व 3.92 करोड़ घरेलू यात्री शामिल हैं। हवाई अड्डे के लिए जनवरी 2025 अब तक का सबसे व्यस्त महीना रहा, जिसमें करीब 50 लाख यात्रियों ने यहां से सफर किया। इसके बाद नवम्बर 2025 में 49 लाख यात्रियों की आवाजाही रही।

# केंद्र सरकार पर जांच एंजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप

**प. बंगाल में विपक्ष को डराने व राजनीतिक प्रक्रिया में दखल की कोशिशें जारी:तृणमूल कांग्रेस**

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने गुरुवार को केंद्र सरकार पर पश्चिम बंगाल में विपक्ष को डराने और राजनीतिक प्रक्रिया में दखल देने के लिए केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया।

टीएमसी ने यह आरोप पार्टी नेता और राज्यसभा सांसद साकेत गोखले के इस दावे के बाद लगाया गया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पार्टी की अंदरूनी चुनावी तैयारियों की जानकारी हासिल करने के मकसद से तलाशी ली। गोखले ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में दावा किया कि ईडी ने आज सुबह टीएमसी के संभावित उम्मीदवारों, चुनाव रणनीति और अभियान योजना की जानकारी वाले दस्तावेज जब्त किए। इस कार्रवाई को राजनीतिक रूप से प्रेरित बताते हुए, उन्होंने आरोप लगाया कि एजेंसी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इशारे पर काम कर रही है। उन्होंने पोस्ट में कहा कि बंगाल में मोदी-शाह की गंदी चालें एक नए स्तर पर पहुंच गई हैं। आज सुबह वे अपनी पालतू एजेंसी ईडी का इस्तेमाल करके हमारे संभावित उम्मीदवारों, हमारी चुनाव रणनीति और हमारे अभियान योजना की जानकारी वाले दस्तावेज चुरा रहे हैं।

# अखिलेश ने पीडीए समाज से की वोट बचाने की अपील

## कहा: वोटर लिस्ट से नाम काटे जाने की साजिश को हर हाल में नाकाम किया जाए

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीडीए समाज (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि वोटर लिस्ट से नाम काटे जाने की साजिश को हर हाल में नाकाम किया जाए। उन्होंने कहा कि तमाम प्रयासों के बावजूद पीडीए समाज के करोड़ों मतदाताओं के नाम अब तक मतदाता सूची से हटाए जा चुके हैं, जो लोकतंत्र और नागरिक अधिकारों पर सीधा हमला है।

यादव ने गुरुवार को एक्स पर पीडीए प्रहरी' से हर बूथ पर गहन जांच-पड़ताल करने का आह्वान करते हुए कहा कि ष्एक भी वोट न कटने पाए, एक भी वोट न घटने पाए' के संकल्प के साथ सभी को फिर से संगठित होना होगा। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम होना नागरिक होने की पहचान है। अगर किसी का नाम वोटर लिस्ट से हटता है, तो आने वाले समय में उसी आधार पर राशन कार्ड, सरकारी योजनाओं, जाति प्रमाणपत्र, आरक्षण, नौकरी, बैंक खाते, बीमा, पैन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, बिजली-पानी कनेक्शन, खेत-जमीन और घर-मकान तक पर संकट आ सकता है। सपा अध्यक्ष ने आशंका जताई कि सत्ता में बैठी भारतीय जनता पार्टी सरकार चुनावी लाभ के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। उन्होंने कहा कि जो सरकार निर्विरोध चुनाव कराने का खेल खेल सकती है, वह वोट काटने की साजिश भी कर सकती है। चुनाव जीतकर सत्ता में आना और फिर भ्रष्टाचार के जरिए जल-जंगल-जमीन पर कब्जा करना ही उनका उद्देश्य है। यादव ने कहा कि पीडीए समाज को यह समझना होगा कि जब हमारे पास वोट डालने का अधिकार है, तब भी उत्पीड़न हो रहा है। यदि यह अधिकार ही छीन लिया गया तो हालात और भयावह होंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्चस्ववादी ताकतें संविधान को कमजोर करना चाहती हैं, जबकि संविधान ही गरीब, शोषित और वंचित वर्गों की ढाल है। उन्होंने पीडीए समाज के हर सदस्य से अपील की कि वह सजग रहे, अपना वोट जरूर बनवाए।

### सपा विधायक विजय सिंह गोंड का निधन

**लखनऊ/सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में दुद्धी विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी विधायक विजय सिंह गोंड का गुरुवार को लखनऊ के संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ थे और उनका इलाज चल रहा था। संस्थान की जनसंपर्क अधिकारी कुसुम यादव के मुताबिक, मल्टी आर्गन फेल्योर के चलते विधायक की मृत्यु हुई है। उनके निधन की सूचना मिलते ही सोनभद्र सहित आसपास के इलाकों में शोक की लहर फैल गई है। दुद्धी विधानसभा अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित और आदिवासी बहुल क्षेत्र है। विजय सिंह गोंड को आदिवासी राजनीति का 'पितामह' माना जाता था।

## सत्ता पक्ष और विपक्ष का सदन में हंगामा और जमकर नारेबाजी

# दिल्ली विस में कार्यवाही हंगामे की भेंट चढ़ी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**सिख गुरु के खिलाफ आपत्तिजनक वक्तव्य से संबंधित वीडियो की जांच फोरेंसिक लैब से कराने और पूरे मामले को विशेषाधिकार समिति को भेजने के आदेश**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में गुरुवार को सत्ता पक्ष और विपक्ष हंगामे के कारण कार्यवाही तीन बार स्थगित करने के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई।

अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने हंगामें के बीच ही विपक्ष की नेता के सिख गुरु के खिलाफ कथित आपत्तिजनक वक्तव्य से संबंधित वीडियो की जांच फोरेंसिक लैब से कराने और पूरे मामले को विशेषाधिकार समिति को भेजने के आदेश दिए। अध्यक्ष ने संसदीय कार्य मंत्री प्रवेश साहिब सिंह के प्रस्ताव पर सदन की कार्यवाही भी एक दिन बढ़ा दी है। चार दिवसीय इस सत्र का गुरुवार को अंतिम दिन था, जिसे एक दिन के लिए बढ़ा दिया गया है। पूर्वान्ह 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही भारतीय जनता पार्टी सदस्यों ने गुरु तेग बहादुर के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे। कुछ सदस्य सदन के बीचोबीच आकर आम आदमी पार्टी के खिलाफ नारेबाजी करने लगे और अध्यक्ष से विपक्ष की नेता आतिशी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। भाजपा विधायक 'गुरुओं का अपना नहीं, नहीं सहेंगे' नारा लगा रहे थे। इसी बीच आम आदमी पार्टी के सदस्य सदन में आ गए और वे भी हंगामा करने लगे। आप के सदस्य संस्कृति मंत्री कपिल मिश्रा के इस्तीफे की मांग कर रहे थे और वे सदस्य पोस्टर और तख्तियां लिए हुए थे, जिन पर श्री मिश्रा के खिलाफ स्लोगन लिखे हुए थे। आप के सदस्य हालांकि सदन के बीचोबीच नहीं गए। दोनों पक्षों के सदस्यों की नारेबाजी के बीच गुप्ता ने सदस्यों से शांति बनाए रखने की अपील की, लेकिन हंगामा नहीं रूका। इस पर उन्होंने सदन की कार्यवाही आधे घंटे के लिए स्थगित कर दी। एक बार के स्थगन के बाद सदन की कार्यवाही जब फिर शुरू हुई तो भाजपा और आप के सदस्य फिर हंगामा करने लगे। इस दौरान भाजपा विधायकों ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविद केजरीवाल के खिलाफ और आप विधायकों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ नारे लगाए और दोनों दलों के सदस्य सदन के बीचोबीच आ गए। विस अध्यक्ष के बार-बार आग्रह करने के बाद हंगामा कर रहे सदस्य जब शांत नहीं हुए, तो उन्होंने सदन की कार्यवाही आधे घंटे के लिए स्थगित कर दी। इसके बाद अपराह्न साढ़े 12 बजे सदन की फिर से शुरू हुई, तो दोनों दलों के विधायक फिर हंगामा करने लगे। आप के विधायक हाथों में 'कपिल मिश्रा इस्तीफा दो' के नारे लिखे थे। इस बार दोनों दलों के सदस्य तख्तियां लिए थे। विधायकों के हंगामे के बीच गुप्ता ने कहा कि चूंकि दोनों दलों ने गुरु तेग बहादुर को लेकर सदन में कही गई बात वाले वीडियो की जांच की मांग की है, इसलिए वह वीडियो की फोरेंसिक जांच का आदेश देते हैं, जिसकी रिपोर्ट 15 दिन में आ जाएगी।

### आतिशी ने जानबूझकर किया गुरुओं का अपमान: मिश्रा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कला एवं संस्कृति मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा है कि नेता विपक्ष आतिशी जिस प्रकार खुद को सही साबित करने की कोशिश कर रही है उससे साबित होता है कि उन्होंने गुरुओं का अपमान जानबूझकर किया है। मिश्रा ने विधानसभा परिसर में पत्रकारों से गुरुवार को कहा कि इस सदन में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने एक बहुत बड़ा पाप किया है। गुरुओं का अपमान किया और एक पेशेवर अपराधी की तरह वो अपराध करके फरार हैं। सदन के अंदर आने की उनकी हिम्मत नहीं हो रही है। अध्यक्ष ने कई बार उनको बुलाया, उसके बाद भी वह सदन में नहीं आयीं। उन्होंने कहा कि कि सुश्री आतिशी का व्यवहार एक अपराधी जैसा है कि पहले अपराध करते हैं और उसके बाद फरार हो जाते हैं।

# प्रधानमंत्री कार्यालय से इंदौर की घटना की जांच के आदेश हों: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने मध्य प्रदेश के इंदौर में गंदा पानी पीने लोगों की मौत को भारतीय जनता पार्टी सरकार की गंभीर लापरवाही का परिणाम बताते हुए कहा है कि इसकी जांच खुद प्रधानमंत्री कार्यालय से हो और अलग से उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश से इसकी स्वतंत्रता तथा निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में सवाल किया कि भाजपा सरकार की लापरवाही के चलते शहर के पीने के पानी में सीवेज के पानी को घुसने दिया गया और नागरिकों की बार-बार चेतावनियों को नजरअंदाज करके हजारों लोगों की जदिगी खतरे में डाली गई है। पार्टी का कहना है कि यह घटना भाजपा सरकार की लापरवाही से हुई है जबकि इस घटना को रोका जा सकता था। इस लापरवाही के कारण जब मासूम बच्चे और शिशु मर रहे हैं, तो राज्य के मुख्यमंत्री और वरिष्ठ मंत्री अपनी चुप्पी साधे हुए है। उन्होंने कहा कि यह दुखद घटना भाजपा सरकार के घमंड, नाकाबिलियत और इंसानी जदिगी की पूरी तरह से अनदेखी को सामने लाती है। मध्य प्रदेश के लोग न्याय, जवाबदेही और तुरंत सुधार के हकदार हैं। अब समय आ गया है कि भाजपा अपनी नाकामी और अपनी बड़ी लापरवाही की वजह से गई जानें के लिए जवाब दे। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा सरकार का क्रूर, निर्दई और पूरी तरह से उदासीन चेहरा इस घटना से उजागर हो गया है। इंदौर में, मध्य प्रदेश की सरकार की बड़ी लापरवाही, नाकाबिलियत और साफ बेपरवाही की वजह से छह महीने के एक बच्चे समेत 18 मासूम जानें चली गईं।



सेंसेक्स 84961.14
निफ्टी 26140.75



सोना रु. 138450
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 254620
प्रति किलो



# बाजारों में चौतरफा बिकवाली, सेंसेक्स दो महीने के निचले स्तर पर

मुंबई, वार्ता



वैश्विक अनिश्चितताओं से दुनिया के दूसरे शेयर बाजारों की तरह भारतीय शेयर बाजारों में भी गुरुवार को बड़ी गिरावट देखी गई और प्रमुख सूचकांक करीब एक प्रतिशत की नीचे में बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 780.18 अंक (0.92 प्रतिशत) टूटकर गत 11 नवम्बर के बाद के निचले स्तर 84,180.96 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 263.90 अंक यानी 1.01 प्रतिशत लुढ़ककर 25,876.85 अंक पर बंद हुआ। यह 18 दिसम्बर के बाद का इसका निचला स्तर है। कोटक सिक्योरिटीज के इक्विटी अनुसंधान प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा कि बाजार में आगे भी गिरावट जारी रह सकती है। निफ्टी-50 सूचकांक 25,700 अंक तक और सेंसेक्स 83,700 अंक तक उतर सकता है। अमेरिका के 66 वैश्विक संधियों से अलग होने और रूस पर कड़े प्रतिबंध वाला विधेयक लाने से दुनिया भर के शेयर बाजारों में निवेशक बिकवाल रहे। मझौली और छोटी कंपनियों का और भी बुरा हाल रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.82 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.99 प्रतिशत लुढ़क गया। जियोजित इनवेस्टमेंट्स के अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि आयात शुल्क बढ़ाने की अमेरिकी चेतावनी और विदेशी संस्थागत निवेशकों के लगातार बिकवाल रहने से बाजार में गिरावट आई है। सभी सेक्टरों के सूचकांक लाल निशान में बंद हुए।

धातु समूह का सूचकांक 3.40 प्रतिशत, तेल एवं गैस का 2.84, सार्वजनिक बैंकों का 2.08, आईटी का 1.99, रियलिटी का 1.71, फार्मा का 1.39, स्वास्थ्य और मीडिया दोनों के 1.38, गैर-बैंकिंग वित्तीय सेवाओं का 1.43 और रसायन समूह का सूचकांक 1.22 प्रतिशत फिसल गया। ऑटो और एफएमसीजी समूहों के सूचकांक भी एक फीसदी के करीब टूटे। बिकवाली इतनी व्यापक रही कि एनएसई में जिन 3,247 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुए उनमें 2,625 के शेयर गिरावट में और 545 के बढ़त में बंद हुए। अन्य 77 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स में एलएंडटी का शेयर सबसे अधिक 3.35 फीसदी गिरकर बंद हुआ। टेक महिंद्रा में 2.94 प्रतिशत, टीसीएस में 2.74 प्रतिशत और रिलायंस इंडस्ट्रीज में 2.25 प्रतिशत की गिरावट रही। टाटा स्टील का शेयर 1.93 प्रतिशत, ट्रेंट का 1.75, पावरग्रिड का 1.74 और इंफोसिस का 1.57 प्रतिशत लुढ़क गया। एनटीपीसी में 1.38 प्रतिशत, सनफार्मा में 1.18, बजाज फिनसर्व में 1.16 प्रतिशत और अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.04 प्रतिशत की गिरावट रही। इंडिगो, भारतीय स्टेट बैंक, भारती एयरटेल, मारुति सुजुकी, एशियन पेंट्स, एक्सिस बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाइटन, कोटक महिंद्रा बैंक और हिदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। इंटरनल का शेयर 0.91 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ।

आईसीआईसीआई बैंक का शेयर भी हरे निशान में रहा। वैश्विक स्तर पर लगभग सभी प्रमुख शेयर बाजारों में गिरावट रही। एशिया में जापान का निक्केई 1.63 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 1.17 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.07 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी के डैक्स में 0.14 फीसदी और ब्रिटेन के एफटीएसई में 0.27 फीसदी की गिरावट थी।

# चावल, चीनी मजबूत, खाद्य तेलों और दालों में घट-बढ़ दर्ज की गई

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ चीनी भी महंगी हुई। वहीं गेहूं में टिकाव रहा जबकि खाद्य तेलों और दालों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत आठ रुपये बढ़कर 3,856 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 2,850 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा।

आटे की कीमत भी कमोबेश पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर ही रही। दाल-दलहनों में उतार-चढ़ाव देखा गया। मूंग दाल की औसत कीमत 16 रुपये और उड़द दाल की 10 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। तुअर दाल के भाव स्थिर रहे। चना दाल की कीमत सात रुपये और मसूर दाल की चार रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा नौ रिंगिट चढ़कर 4,042 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.32 प्रतिशत की बढ़त में 49.47 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सोया तेल औसतन 35 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। वहीं वनस्पति की कीमत 27 रुपये और सरसों तेल की 25 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सूरजमुखी तेल में 14 रुपये और पाम ऑयल में 12 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव दो रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी सात रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन : दाल चना 7792.58 रुपये, मसूर काली 8145.87 रुपये, मूंग दाल 10103.84 रुपये, उड़द दाल 10410.20 रुपये, तुअर दाल 10618.56 रुपये प्रति क्विटंल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2850.19 रुपये और चावल 3856 रुपये प्रति क्विटंल। आटा (गेहूं) 3298.42 रुपये प्रति क्विटंल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4306.46 रुपये और गुड़ 4992.30 रुपये प्रति क्विटंल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17668.22 रुपये, मूंगफली तेल 17859.28 रुपये, सूरजमुखी तेल 15849.08 रुपये, सोया तेल 13741.20 रुपये, पाम ऑयल 12465.62 रुपये और वनस्पति 14515.13 रुपये प्रति क्विटंल के स्तर पर रहा।

# अटल आवासीय विद्यालयों में अखबार पढ़ने की आदत विकसित करने के निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**पहल विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने में अहम मदद करेगी**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड (बीओसीडब्ल्यू) के अध्यक्ष एवं श्रम एवं सेवायोजन विभाग के प्रमुख सचिव डा. एमके शन्मुगा सुन्दरम ने प्रदेश के अटल आवासीय विद्यालयों में नियमित समाचार पत्र पठन को दिनचर्या का हिस्सा बनाने के निर्देश जारी किए हैं।

उन्होंने कहा कि यह पहल विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने के साथ-साथ उनमें जागरूकता, तार्किक सोच और जिम्मेदार नागरिक होने का भाव विकसित करेगी। डा. शन्मुगा ने गुरुवार को बताया कि छात्रों के समग्र विकास के लिए पाठ्यक्रम आधारित पढ़ाई के साथ-साथ सामान्य ज्ञान, भाषा पर पकड़ और आलोचनात्मक सोच को सशक्त करना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से विद्यार्थियों को नियमित रूप से समाचार पत्र पढ़ने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक विद्यालय के पुस्तकालय में प्रतिष्ठित एवं गुणवत्तापूर्ण हिदी तथा अंग्रेजी समाचार पत्रों की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। विद्यार्थियों को समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञान, अर्थव्यवस्था, समसामयिक घटनाओं, नवीन विकास और खेल से संबंधित समाचार पढ़ने के लिए विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जाए। जारी निर्देशों के तहत प्रतिदिन प्रार्थना सभा के बाद तथा कक्षा का नियमित पठन-पाठन शुरू होने से पहले 10 मिनट का समय समाचार पत्र पठन के लिए निर्धारित किया जाएगा। इसके साथ ही रोजाना पांच नए या कठिन शब्द उनके अर्थ सहित बोर्ड पर लिखे जाएंगे। विद्यालय के मुख्य डिस्प्ले बोर्ड पर 'आज का सुविचार' प्रदर्शित करना भी अनिवार्य किया गया है। वहीं कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों के लिए सप्ताह में एक दिन संपादकीय लेखों पर आधारित मौलिक लेखन या समूह चर्चा आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। जूनियर वर्ग के विद्यार्थियों से विज्ञान, पर्यावरण और खेल विषयों पर न्यूज क्लिपिंग स्क्रैपबुक तैयार कराई जाएगी। छात्रों की मानसिक और तार्किक क्षमता बढ़ाने के लिए सुडोकू, शब्द पहेली और ज्ञानवर्धक प्रश्नोत्तरी जैसी प्रतियोगिताओं के आयोजन पर भी जोर दिया गया है। इसके अलावा विद्यार्थियों को अपने विद्यालय की त्रैमासिक समाचार पत्र या पत्रिका तैयार करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

# दावा: आयुष्मान अस्पतालों को 30 दिन में हो रहा है भुगतान

शाह टाइम्स ब्यूरो




**कार्ड धारकों की भर्ती में हो रही हीलाहवाली की रिपोर्टों को नकारा**

लखनऊ। प्राइवेट अस्पताल और नर्सिंग होम में आयुष्मान कार्ड धारकों की भर्ती में हो रही हीलाहवाली की मीडिया रिपोर्टों को दरकिनार करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने दावा किया कि योगी सरकार गरीबों और जरूरतमंदों को बेहतर, सुलभ और समयबद्ध स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में प्रभावी कदम उठा रही है।

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत इलाज कराने वाले परिवारों के लिए जहां कैशलेस उपचार सुनिश्चित किया गया है, वहीं योजना से जुड़े अस्पतालों को समय पर भुगतान सुनिश्चित कर व्यवस्था को और मजबूत किया जा रहा है। इसी का नतीजा है कि पिछले एक वर्ष में आयुष्मान योजना के क्लेम निस्तारण में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। स्टेट एजेंसी फॉर कॉम्प्रिहेंसिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज (साचीज) की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अर्चना वर्मा ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रदेश के सूचीबद्ध सरकारी एवं निजी अस्पतालों द्वारा प्रस्तुत क्लेम के त्वरित और पारदर्शी निस्तारण के लिए लगातार सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। जनवरी-25 में जहां क्लेम की पेंडेंसी 10 लाख 75 हजार तक पहुंच गई थी, वहीं दिसम्बर-25 तक यह घटकर मात्र 3 लाख रह गई है। इसे भी जल्द ही निस्तारित कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में योजना के तहत प्रति माह औसतन 2 लाख से अधिक क्लेम अस्पतालों से प्राप्त होते हैं। इतनी बड़ी संख्या में आने वाले क्लेम का समयबद्ध निस्तारण एक बड़ी चुनौती है। इसके बावजूद यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि पुराने लंबित मामलों के साथ-साथ नए क्लेम का भी नियमित और सुव्यवस्थित तरीके से निस्तारण हो। इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि सूचीबद्ध अस्पताल बिना हीलाहवाली के आयुष्मान कार्ड धारकों का इलाज सुनिश्चित करें। साचीज की एसीईओ पूजा यादव ने बताया कि क्लेम निस्तारण प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और तेज बनाने के लिए मेडिकल ऑडिट व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। इसी क्रम में मेडिकल ऑडिटरों की संख्या 40 से बढ़ाकर 130 कर दी गई है। इससे क्लेम की जांच प्रक्रिया तेज हुई है। इसके साथ ही क्लेम प्रोसेसिग डेस्क (सीपीडी) की संख्या भी 100 से बढ़ाकर 125 कर दी गई है। योजना के तहत अस्पतालों द्वारा प्रस्तुत क्लेम्स का भुगतान 30 दिनों की निर्धारित समय-सीमा यानी टर्न अराउंड टाइम (टीएटी) के भीतर किया जाए। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एजेंसी स्तर पर नियमित समीक्षा बैठकें की जा रही हैं और लंबित मामलों की सतत निगरानी की जा रही है। साचीज की सीईओ ने बताया कि जनवरी-25 से दिसम्बर-25 की अवधि के दौरान आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रदेश के सूचीबद्ध अस्पतालों को क्लेम्स के सापेक्ष कुल 4,649 करोड़ रुपये की धनराशि का भुगतान किया जा चुका है। यह आंकड़ा दर्शाता है कि योगी सरकार न सिर्फ इलाज की व्यवस्था कर रही है, बल्कि अस्पतालों के आर्थिक हितों की भी पूरी तरह से रक्षा कर रही है, ताकि वे गरीब मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दे सकें। योगी सरकार की नीतियों से क्लेम पेंडेंसी में कमी, समयबद्ध भुगतान और मजबूत ऑडिट व्यवस्था ने अस्पतालों का विश्वास बढ़ाया है। इसका सीधा लाभ गरीब और जरूरतमंद मरीजों को मिल रहा है, जिन्हें अब इलाज के लिए कर्ज और संपत्ति बेचने की मजबूरी से पूरी तरह से मुक्ति मिली है।

# कुकर्म में विफल होने पर किशोरों ने कर दिया मासूम का कत्ल

## छोटी सी उम्र और अपराध इतना बड़ा, गांव के ही तीन किशोरों ने अपहरण के बाद किशोर को लगाई थी फांसी

■ एसएसपी के निर्देशन में बारह घंटे बाद आरोपी पुलिस के शिकंजे में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** ग्राम भौराखुर्द में मासूम बच्चे की हत्या का खुलासा बड़ा ही चौकाना और शर्मनाक भी है। इसमें गंभीर बात यह है कि जिन लोगों ने इस मासूम को बेरहमी से फांसी लगाकर मार डाला वे भी कम उम्र के किशोर ही है। पुलिस के खुलासे में आया कि बच्चे को बेहला फुसलाकर जंगल में ले जाया गया और अप्राकृतिक कुकर्म में विफल रहने तथा भेद खुल जाने के डर से छोटी सी उम्र के इन किशोरों ने मासूम की जान ले ली। इस घटना से यह सबक मिल रहा है कि आखिर इतनी सी उम्र में



इन्होने न केवल बच्चे को अगवाह किया बल्कि उसके साथ कुकर्म का प्रयास किया इतना हीं नहीं जब विफल हो गए तो उसको मौत की नींद सुला दिया। फिलहाल सभी आरोपी किशोर पुलिस के चुंगल में है, लेकिन अब यह किशोर अपराध करने के बाद भले ही पुलिस उन्हे बाल सम्प्रेक्षण गृह भेज दे, लेकिन क्या वहां से आने के बाद यह कौन सी दुनिया में कदम रखेगे, यह आने वाला समय बताएगा क्या छोटी सी उम्र के ये अपराधी अपराध की दुनिया में कदम रखेगे या फिर यह अपराध से तौबा करेंगे। फिलहाल बच्चे की जिस तरह से हत्या की गई उससे पूरा गांव सख्ते में है। यह भी हकीकत है कि यदि पुलिस समय रहते कई पहलुओं पर जांच न करती तो शायद अपहरण, कूकर्म के प्रयास और हत्या का यह राज कुछ दिन तक छिपा रह जाता, लेकिन पुलिस की भागदौड के बाद इस सनसनी खेज कांड जल्द पर्दा उठ गया। और असली आरोपी भी पुलिस पकड में आ गए। भौराकंला पुलिस का कहना है कि आरोपियों से जब पूछताछ की गई तो उन्होने बताया कि वह बच्चे को बहला फुसलाकर ईख के खेत में ले गए और अप्राकृतिक कुकर्म करने का प्रयास किया तो वह कामयाब नहीं हो सके तो उन्होंने फिर पहचान छिपाने के डर से मासूम की गला घोंटकर हत्या कर दी। बता दे कि विगत दिवस गांव भौंराखुर्द निवासी अफजल अहमद का लगभग आठ साल का पुत्र समद दो दिन पूर्व घर के बाहर से खेलते समय गायब हो गया था और काफी तलाश के बाद भी वह परिजनों को नहीं मिला था। सूचना के बाद भौराकलां पुलिस भी बच्चे की तलाश में जुट गई थी। और भागदौड के बाद बच्चे का शव पास के ही ईख के खेत में मिला था। पुलिस ने भी इसकी गुमशुदगी दर्ज कर ली थी। मासूम के अपहरण और खेत में उसका शव मिलने की घटना के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा मौके पर पहुंचे थे इससे पहले उनके आदेश पर एसपी देहात आदित्य बंसल, सीओ और डॉग स्क्वायर्ड व फिंगर प्रिंट की टीम ने भी यहां पहुंचकर मौका मुआयना किया था कुल मिलाकर पुलिस की भागदौड काम आई और घटना का जल्द खुलासा हुआ और मासूम के अपहरण कुकर्म के प्रयास तथा रस्से से फांसी लगाकर हत्या के आरोप में आरोपियों को जल्द ही हिरासत में ले लिया गया। अब गंभीर सवाल यह है कि इतनी छोटी सी उम्र में एक सनसनी खेज वारदात को अंजाम देने वाले आगे चलकर क्या करेगे?

### जब आरोपी पुलिस के साथ ही घूमते रहे

जब पुलिस उक्त मामले की जांच कर रही थी तो भीड़ में ये आरा. पी भी शामिल थे और वे पुलिस की एक एक बात पर खामोशी से नजर रख रहे थे कि अब पुलिस मृतक के परिजनों से क्या वार्तालाप कर रही है और उनका शक किस पर है। जब पुलिस, डाग स्क्वायड व फॉरेंसिक टीम मौके पर जांच कर रही थी तो चारों आरोपी पुलिस के साथ घूम रहे थे ताकि किसी को उन पर शक न हो मगर पुलिस को उनकी गतिविधियों पर संदेह हुआ। जब उन्हें हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल लिया।

### बच्चा पढ़ाई में था बहुत ही होशियार

बच्चे की मां के अनुसार उनका बच्चा समद जब पांच साल का था तो वो अंग्रेजी में मेरे और खुद के हस्ताक्षर कर लेता था और अंग्रेजी में सारी बातें समझ लेता था। उनकी गांव में किसी से कोई भी रंजिश नहीं थी। उनको नहीं पता था कि उनके मासूम बच्चे पर इस तरह का अत्याचार हो जाएगा।

### गांव के लोगों का कहना...

गांव के शब्बीर अहमद ने बताया कि हम गांव में सभी हिंदू मुस्लिम मिल जुलकर रहते हैं। जब बच्चा गायब हुआ तो पूरा गांव थाने में था तो पुलिस भीड़ पर बिगड़ गयी थी तो सभी गांव वाले इस बात पर पुलिस पर भड़क गये थे और कहा था कि वह बच्चे की तलाश करें। पूरे गांव के सभी लोगों में इस घटना को लेकर आरोपियों के प्रति पूरा पूरा आक्रोश है।

## स्वास्थ्य विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का आरोप

**मुजफ्फरनगर।** स्वास्थ्य विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर सहारनपुर के एक युवक से करीब सवा दो लाख की नगदी ठगी का मामला प्रकाश में आया है। यह मामला जिलाधिकारी कार्यालय और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों तक भी पहुंच चुका है। ठगी का आरोप किसी आम आदमी पर नहीं बल्कि जानसठ सीएचसी में तैनात एक डॉक्टर पर भी लगाया जा रहा है। गंभीर बात तो यह है कि पीड़ित की पत्नी को नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी का आरोप है और पीड़ित को लखनऊ ले जाकर ज्वाइनिंग लेटर भी दिया गया। यह मामला समता पार्टी के पदाधिकारियों के पास भी पहुंचा जहां उन्होने सीएमओ को इस मामले से अवगत कराते हुए जांच और कार्यवाही की मांग की। आरोप तो यह भी है कि जब नौकरी नहीं मिली और पैसे मांगा गया तो पीडित को धमकी मिल रही है इस संबंध में पुलिस को भी एक तहरीर देने की बात कही गई है।



बुढ़ाना: ग्राम भौराखुर्द में ग्रामीणों की जमा भीड़।

## महावीर चौक के सौंदर्यकरण का चेयरपर्सन ने लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शहर में सौंदर्यकरण को गति देते हुए नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने महावीर चौक के रूपांतरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

गुरुवार को भगवान महावीर को समर्पित शहर के प्रमुख महावीर चौक सौंदर्यकरण कार्य का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चौराहे पर स्थापित कलश पार्क में लगाई जा रही नई रैलिंग और आकर्षक लाइटिंग व्यवस्था को बारीकी से परखा। आधुनिक डिज़ाइन वाली यह रैलिंग और इसमें की जा रही लाइटिंग महावीर चौक के सौंदर्य में अभूतपूर्व वृद्धि करेगी और आने-जाने वालों के लिए यह स्थान एक आकर्षक दृश्य प्रस्तुत करेगा। उन्होंने कहा कि महावीर चौक के सौन्दर्यकरण में इसके धार्मिक महत्व को भी ध्यान में रखा गया है। रैलिंग के डिजाइन में कलश, घंटी और जैन समाज के अन्य धार्मिक प्रतीकों को भी शामिल किया गया है। आने वाले समय में कई अन्य चौराहों और पार्कों के साथ ही मुख्य मार्गों पर भी इसी प्रकार की आधुनिक लाइटिंग रैलिंग लगाने के लिए कार्य शुरू किए जाएंगे। निरीक्षण के दौरान उनके साथ ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह तथा नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय प्रताप शाही भी मौजूद रहे और उन्होंने अध्यक्ष को सौंदर्यकरण कार्यों की वर्तमान स्थिति और आगामी योजनाओं की जानकारी दी।



मुजफ्फरनगर: महावीर चौक का निरीक्षण करने पहुंची चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप।

## प्रधानी पद की दावेदारी में युवक पहुंचा नशा मुक्ति केन्द्र

■ बेफजूल खर्च करने से परेशान परिजनों ने उठाया कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** प्रधानी चुनाव लडने का एक किसान को ऐसा खुमार चढ़ा कि वह अपने पुरखो द्वारा कमाई गई सम्पत्ति को ही खर्च करना शुरू कर दिया। सूत्रों का तो यह भी कहना है कि प्रधानी पद की दावेदारी करने वाला ग्रामीण अपने साथियों की रोज महफिल जमाकर उन पर खांसा रूपया खर्च करता था रात दिन दोस्तों पर शराब लुटाने और पैसे बर्बादी करने से परेशान परिजनों ने उसको नशा मुक्ति केन्द्र भेजना ही उचित समझा। और ऐसा हुआ भी परिवार के लोगों ने नशा मुक्ति केन्द्र की टीम को गांव बुलाया और उनकी गाडी में भेज दिया।

बताया जाता है कि यह मामला मंसूरपुर क्षेत्र के एक गांव का है जहां एक किसान ने प्रधानी पद की जीत हासिल की थी और प्रधानी चलाने के बाद कुछ वर्ष पूर्व उनकी मौत हो गई इसके बाद किसान के बेटे को भी प्रधानी चुनाव लडने का जनून चढ़ा और उसने एक-एक करके सम्पत्ति ठिकाने लगानी शुरू कर दी थी इसी से तंग आकर परिवार के लोग शहर में रहने लगे।

कुल मिलाकर सम्पत्ति को खर्च करने से परेशान परिजनों ने बुधवार को नशा मुक्ति केन्द्र की टीम को गांव बुलाया और प्रधानी का चुनाव लडने की जिद करने वाले किसान को उनके हवाले कर दिया। यह मामला आज पूरे गांव और क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा। यह समाचार कुछ सोशल मीडिया पर भी प्रसारित हो रहा है।

## प्रदूषण नियंत्रण को चलाए अभियान में तीन गोदाम सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बढ़ते प्रदूषण को लेकर जनपद में उठ रहे तरह-तरह के सवाल के बाद क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम हरकत में आई और अलग-अलग टीमों ने कई क्षेत्रों में अभियान चलाकर प्रतिबंधित प्लास्टिक कचरा जब्त करने के साथ ही टीम गोदामों को सील किया है।

गुरूवार को अलग-अलग टीमों ने पेपर मिलो, कोल्हूओं सहित अन्य स्थानों पर जलाए जा रहे प्लास्टिक कचरे को लेकर प्रदूषण बोर्ड की चल रही कार्रवाई की कड़ी में तीन स्थानों पर कार्रवाई हुई। जांच में टीम को बिना एनओसी प्लास्टिक कचरे का भंडारण करने पर तीन गोदामों को सील किया गया।

क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी गीतेश चंद्रा ने बताया कि उनकी टीम ने प्लास्टिक कचरे का भंडारण करने वाले लोगों की जांच के लिए अभियान चलाया।

जेई राजा गुप्ता व अन्य कर्मचारियों ने बिलासपुर स्थित उसमान के गोदाम में कचरे का भंडारण पकड़ा। इस दौरान वहां प्लास्टिक के कचरे का भी भंडारण मिला, जिसे टीम पर सील कर दिया। इसके अलावा टीम को एनएच-58 पर एमजी पार्किंग में प्लास्टिक का गोदाम मिला। सिप्पी गुप्ता पर कार्रवाई करते हुए गोदाम का सील किया। वहीं एक अन्य स्थान पर जाबिद के प्लास्टिक कचरा गोदाम को भी सील किया गया।

## गोष्ठी में कप्तान ने पढ़ाया कानून का पाठ

### गैंगस्टर में निरुद्ध की सम्पत्ति जब्त करने के दिए गए निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने बुधवार को पुलिस लाइन के सभागार कक्ष में जनपद के पुलिस अधिकारियों के साथ अपराध गोष्ठी की। गोष्ठी में उन्होन अधिनस्थों को शासन की मंशा बताते हुए कानून का पाठ पढ़ाया।

बता दे कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बुधवार को पुलिस लाइन के सभागार कक्ष में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया। उन्होने अधिनस्थों को शासन के निर्देशों से अवगत कराते हुए अपराध का पाठ पढ़ाया। पुलिस कप्तान ने अपराध नियंत्रण कानून व्यवस्था को मजबूत करने, महिला सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल, पुलिस अधीक्षक अपराध मती इन्दु सिद्धार्थ, पुलिस अधीक्षक यातायात अतुल कुमार चौबे, सहायक पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के0 मिश्रा सहित जनपद के समस्त सक्रिल अफसर और एएलआईयू एसओजी प्रभारी, आरआई भी मौजूद रहे। यहां पर शाखा के सभी अधिकारी भी गोष्ठी में पहुंचे।

गोष्ठी का आयोजन राष्ट्रगान के साथ हुआ और इसके बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सभी को क्षेत्र के टॉप-10 व हिस्ट्रीशीटर अपराधियों पर नजर रखने तथा और असामा. जिक तत्वों पर भी पैनी नजर रखने को कहा। एसएसपी ने जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों के ग्राम प्रधान, जिम्मेदार व्यक्ति, जन प्रतिनिधि ग्राम प्रहरियों और पुलिस मित्रों से सहयोग लेने के आदेश भी दिए है।

उन्होने अवैध धंधो पर पूरी तरह रोक लगाने के निर्देश दिए और कहा कि गैंगस्टर में निरूद्ध अपराधियों के विरूद्ध अभियान चलाया जाए। उन्होने उनकी सम्पत्ति जब्त करने के निर्देश देते हुए कहा कि मिशन शक्ति-5 अभियान के तहत एंटी रोमियो स्कवॉड और महिला पुलिसकर्मियों को अपनी बीट में जाकर ग्राम प्रधान व जिम्मेदार लोगों से सहयोग ले। क्षेत्र में बने स्कूल कॉलेज की छुट्टी के दौरान भी शरारती तत्वों पर नजर रखे। उन्होने समस्त थाना प्रभारियों को लंबित विवेचनाओं को जल्द निस्तारण और एससी-एसएसटी एक्ट, महिला अपराध संबंधी अपराध, पोक्सो एक्ट की समीक्षा भी की।

## मखियाली में गोली चलाने की जांच में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बीती रात नई मंडी क्षेत्र के गांव मखियाली के एक परिवार ने पुलिस को गोली चलने की सूचना देकर खलबली मचवा दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की छानबीन की आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को चैक किया गया और बारीकी से की गई जांच पडताल के बाद पुलिस ने शिकायतकर्ता और आरोपी को थाने बुला लिया। पुलिस का कहना है कि शिकायत करने वाला आरोपी तितावी क्षेत्र स्थित जग्गाहेडी टॉल प्लाजा पर गोली चलाने के आरोप में साथियों सहित जेल जा चुका है और पुलिस का कहना है कि दस दिन पूर्व ही वह जेल से छुटकर आया है। फिलहाल जेल जाना छुट कर आना यह बात तो अलग है, लेकिन अब सवाल यह है कि क्या बिट्टू उर्फ सिद्धार्थ के घर गोली चलाने की घटना हुई, क्योकि पुलिस तो सीधे-सीधे इस मामले को संदिग्ध बता रही है, हालांकि पुलिस ने आरोपी को भी थाने में लाकर पूछताछ की, लेकिन अभी तक पुलिस किसी भी नतीजे पर नहीं पहुंची। पुलिस को मौके से आरोपी द्वारा छोडा गया तमंचा भी दिया गया है, लेकिन अब पुलिस इस मामले की सच्चाई जानने के लिए आसपास के लोगों से पूछताछ के अलावा सीसीटीवी की फुटेज भी खंगाल रही है।

## स्कूलों में दस जनवरी तक बढ़ा अवकाश

**मुजफ्फरनगर।** शीतलहर और कड़ाके की ठंड को देखते हुए जिलाधिकारी उमेश मिश्रा के निर्देश पर जिले में कक्षा आठवीं तक के विद्यालयों में अवकाश बढ़ाया गया है। बीएसए संदीप कुमार ने पत्र जारी करते हुए बताया कि जिले में सभी बोर्डो से संचालित विद्यालयों में आठ जनवरी तक अवकाश घोषित था, लेकिन ठंड अत्यधिक होने के कारण इस अवकाश को बढ़ाते हुए 10 जनवरी तक किया गया है। जिले में सभी बोर्ड के विद्यालयों में आठवीं तक की कक्षाएं 10 जनवरी तक संचालित नहीं होगी। ठंड के बढ़ते प्रकोप और बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। अवकाश की घोषणा होने से स्कूल संचालकों ने भी सभी बच्चों के अभिभावकों को जानकारी साझा की है, जिससे अभिभावकों ने भी चैन की सांस ली है।

## एसटीपी प्लांट का निरीक्षण करते हुए मंत्री कपिल देव ने दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शहर के मोहल्ला कृष्णापुरी में जल निगम द्वारा नवनिर्मित एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) का निरीक्षण करते यहां लोगो की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा गया कि योगी सरकार में जनता की सुविधा से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए कि ट्रीटमेंट प्लांट से उत्पन्न होने वाली दुर्गंध, जलभराव और अन्य असुविधाओं का तत्काल, स्थायी और तकनीकी समाधान सुनिश्चित किया जाए। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि आम जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।इसके साथ ही, विद्युत विभाग के अधिकारियों को सख्त लहजे में निर्देशित करते हुए कहा गया कि सड़क के बीच में खड़े बिजली के खंभों (पोल) और ट्रांसफार्मर को शीघ्र दूसरी जगह स्थानांतरित करने के लिए समयब) कार्ययोजना बनाकर तुरंत कार्य प्रारंभ किया जाए। इसका उद्देश्य क्षेत्र में आवागमन को सुचारु बनाना और किसी भी प्रकार की दुर्घटना की आशंका को पूरी तरह समाप्त करना है। इस अवसर पर वार्ड सभासद योगेश मित्तल, राजीव शर्मा, नवनीत गुप्ता, भाजपा नेता शिवकुमार त्यागी, मनोज गोयल सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।






# शीतलहर-कोहरे की मार:अलाव बना गोवंश का सहारा

## घंटों तक आग से राहत पाते दिखाई दिए बेजुबान

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कड़ाके की ठंड और लगातार गिरते तापमान ने जहां आम जनजीवन को प्रभावित किया है, वहीं बेजुबान जानवरों की पीड़ा भी बढ़ा दी है। न्यूनतम तापमान सामान्य से काफी नीचे चले जाने के कारण दिनभर गलन और ठिठुरन बनी हुई है। ऐसे हालात में सार्वजनिक स्थानों पर जल रहे अलाव न सिर्फ इंसानों, बल्कि बेसहारा पशुओं के लिए भी राहत का एकमात्र जरिया बनते नजर आ रहे हैं।

गुरुवार रात खतौली के जानसठ तिराहे पर एक संवेदनशील और मार्मिक दृश्य देखने को मिला। कड़ाकड़ाती सर्दी से बचने के लिए एक आवारा गोवंश जलते अलाव के पास जाकर घंटों खड़ा रहा और आग तापकर खुद को गर्म रखने की कोशिश करता रहा।

ठंड की तीव्रता इतनी अधिक थी कि गोवंश अलाव से दूर हटने का नाम नहीं ले रहा था। लगातार ठंड, धूप न निकलना और सर्द हवाओं ने इंसानों के साथ-साथ पशु-पक्षियों को भी बेहाल कर दिया है। सुबह-शाम भले ही कोहरे की तीव्रता में कुछ कमी आई हो, लेकिन गलन ने लोगों को घरों में दुबकने पर मजबूर कर दिया है।

वहीं सड़कों और गलियों में घूमने वाले बेसहारा मवेशी ठंड से बचने के लिए मंदिरों, दुकानों, मकानों की दीवारों और छज्जों के नीचे शरण लेते दिखाई दे रहे हैं।

बस स्टैंड, प्रमुख चौराहों और मोहल्लों में जल रहे अलाव के आसपास अक्सर जानवर भी खड़े नजर आते हैं, ताकि उन्हें ठंड से कुछ राहत मिल सके। जहां इंसान सर्द रातों में रजाइयों में सिमट जाता है, वहीं खुले आसमान के नीचे जीवन गुजार रहे गोवंश और अन्य पशुओं की हालत समाज की संवेदनशीलता पर सवाल खड़े



करती है। जानसठ तिराहे पर अलाव तापते गोवंश का यह दृश्य न केवल ठंड की भयावहता को दर्शाता है, बल्कि बेजुबान जीवों के प्रति मानवीय जिम्मेदारी की भी याद दिलाता है।

### बकाया ऋण पर बैंक का शिकंजाः

## कोर्ट आदेश के तहत बैंक ऑफ बड़ौदा ने 5.05 करोड़ के कर्ज में पाइप फैक्ट्री ली कब्जे में

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** कोर्ट के आदेश के अनुपालन में बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा मेरठ ने गुरुवार को खतौली तहसील क्षेत्र के गांव लाड़पुर में एक बड़ी रिकवरी कार्रवाई को अंजाम दिया। करीब 5 करोड़ 5 लाख रुपये का ऋण अदा न किए जाने पर बैंक ने बंद पड़ी पाइप फैक्ट्री के ताले तुड़वाकर उसे अपने कब्जे में ले लिया। इस दौरान तहसील प्रशासन और भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा, जिससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति बनी रही।

जानकारी के अनुसार गांव लाड़पुर स्थित जेपीसी पाइप प्राइवेट लिमिटेड के लिए दिसंबर 2018 में बैंक ऑफ बड़ौदा से 5.05 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत कराया गया था। फैक्ट्री प्रबंधक विकास तंवर तथा मालिक एवं संपत्ति स्वामी पुष्पा तंवर पत्नी विकास तंवर, निवासी बामनोली, द्वारिका द्वारा लिए गए इस ऋण के एवज में फैक्ट्री की भूमि, भवन और मशीनरी बैंक के पास बंधक रखी गई थी। समय पर किस्तें जमा न होने के चलते बैंक ने खाते को एनपीए घोषित कर दिया। बैंक अधिकारियों ने बताया कि ऋण वसूली के लिए फैक्ट्री मालिक को कई बार नोटिस जारी किए गए, लेकिन बकाया राशि जमा नहीं की गई। इसके बाद बैंक ने नियमानुसार कब्जे की प्रक्रिया शुरू की। तय समयावधि पूरी होने पर गुरुवार को बैंक की टीम नायब तहसीलदार राजीव त्यागी के नेतृत्व में तहसील प्रशासन, राजस्व कर्मियों और पुलिस बल के साथ फैक्ट्री पहुंची। फैक्ट्री परिसर बंद और खाली मिलने पर अधिकारियों की मौजूदगी में ताले तुड़वाए गए। कार्रवाई के दौरान फैक्ट्री के मुख्य गेट पर बैंक का कब्जा बोर्ड लगाया गया तथा अंदर मौजूद सामान की सूची तैयार कर उसे भी बैंक के अधीन ले लिया गया।



मौके पर बैंक की ओर से सिद्धार्थ त्यागी द्धमैनेजर-लॉड्ढ, अभिनव गुआरी (रिकवरी मैनेजर) और कमलेश तिवारी (रिकवरी अधिक. री) उपस्थित रहे, जबकि तहसील प्रशासन से पटवारी विपिन मोतला, अमीन अनिल शर्मा सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा। बैंक के मैनेजर लॉ सिद्धार्थ त्यागी ने बताया कि लंबे समय से ऋण बकाया होने और कई अवसर दिए जाने के बावजूद भुगतान न होने पर कोर्ट के आदेश के तहत फैक्ट्री को कब्जे में लेना पड़ा। उन्होंने कहा कि आगे फैक्ट्री की नीलामी समेत अन्य कानूनी प्रक्रिया बैंकिंग नियमों के अनुसार पूरी की जाएगी। इस कार्रवाई को लेकर क्षेत्र में दिनभर चर्चाओं का दौर चलता रहा।

## गृहस्वामी की गैर मौजूदगी में मकान का ताला तोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** गृहस्वामी की गैर मौजूदगी में कुछ लोगों ने एक मकान पर अवैध रूप से कब्जा करने के उद्देश्य से रात में किसी समय अंधेरे का लाभ उठाते हुए मकान के मुख्य गेट पर लगा ताला तोड़कर अपना ताला लगा दिया। घटना का पता सुबह लगा तो पुलिस में शिकायत की गयी।

पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी। मिली जानकारी के अनुसार सलीम पुत्र अब्दुल गनी इदरीशी निवासी मौहल्ला मिर्दगान बुढ़ाना हाल निवासी दिल्ली ने बुढ़ाना पुलिस को मौखिक रूप से बतलाया कि उसका एक पैतृक मकान बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला मिर्दगान में स्थित है। वह अब दिल्ली में अपने परिवार समेत रहकर कारोबार कर रहा है। वह अपने पैतृक मकान पर समय समय पर आता जाता रहता है।

अब बीती 07 जनवरी की रात्रि में किसी समय कस्बा बुढ़ाना के निवासी राशिद, ताहिर, पप्पू और शाहिद पुत्रगण मरहूम रफीक अहमद ने एक राय होकर उसके मकान के मुख्य गेट पर लगा हुआ ताला तोड़कर अपना नया ताला लगाकर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है।

कुछ स्थानीय व्यक्तियों ने उसको इस बात की सूचना फोन पर दी तो उसने सूचना के आधार पर मौके पर आकर 112 नम्बर पुलिस को फोन पर सूचना दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।



## एसएसपी ने फ्लैग मार्च कर जनसुरक्षा का अहसास कराया



**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने नगर क्षेत्र में पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च कर किया ओर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए, अधिनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जनपद में कानून-व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने बुधवार को पुलिस बल के साथ नगर क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। "लैग मार्च के दौरान उन्होंने ने क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था, बाजार क्षेत्र की स्थिति, ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल की सतर्कता, ट्रैफिक नियंत्रण तथा संवेदनशील स्थानों की निगरानी व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया तथा डयूटी पर मौजूद पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया कि वे अपराधिक गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखें, संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की प्रभावी चेकिंग करें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल, पुलिस अधीक्षक यातायात अतुल कुमार चौबे सहायक पुलिस अधीक्षक / क्षेत्राधिकारी नगर सिद्धार्थ के0मिश्रा सहित समस्त क्षेत्राधिकारीगण एवं अन्य पुलिस अधिकारी / कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे।

## नगर पंचायत ने हजारों जरूरतमंदों को बांटे कंबल, सर्दी से बचाव के लिए किया वितरण, मिली सराहना

**चरथावल।** नगर पंचायत चरथावल ने सर्दी के प्रकोप से बचाव के लिए एक कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम नगर पंचायत सभागार में हुआ, जहां कस्बे के विभिन्न मोहल्लों से आए हजारों जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। लाभार्थियों को कंबल प्रदान किए और उन्हें सर्द मौसम में सुरक्षित रहने की अपील की।इस अवसर पर नगर पंचायत के सभासद, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और अन्य गणमान्य व्यक्ति बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी ने मिलकर जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए और नगर पंचायत के इस जनहितैषी कदम की सराहना की।

उन्होंने आश्वासन दिया कि नगर पंचायत भविष्य में भी ऐसे जनहितैषी कार्य करती रहेगी। जरूरतमंद लोगों ने कंबल पाकर खुशी का इजहार किया वही कंबल को सर्दी से बचाव मे सहायक बताया इस मौके पर रालोद नेता मतलूब राइन,फुरकान अध्यक्ष महेश बाबू,सुनील, आदि मौजूद रहे।




**न्यायालय श्रीमान मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण महोदय मुजफ्फरनगर।**

एम ए सी सं० 469 सन् 2023

श्रीमति खातून पत्नी स्व0 शौकत उम्र 60 साल निवासी ग्राम वलीपुरा तहसील जानसठ जिला मु0नगर। आदि

..... प्रार्थीया/याचिया

बनाम

शानु पुत्र मौ0 शाकिर निवासी मकान नं0 23 मौहल्ला सराय रफी वार्ड सं0 9 कस्बा व थाना चांदपुर जिला बिजनौर उत्तर प्रदेश (पंजीकृत वाहन स्वामी/चालक ओडी कार वाहन सं0 डीएल 8 सी ए एफ/0445) ......विपक्षी/उत्तरदाता

याचिका/क्लेमेंट ने एम ए सी 469/2023 श्रीमति खातून आदि बनाम शानू प्रस्तुत किया है। जिसकी सुनवाई हेतु दिनांक 03-02-2026 नियत की गई है। उपरोक्त वाद में विपक्षी / उत्तरदाता को इस सूचना द्वारा अवगत कराया जाता है कि आप नियत तिथि पर न्यायालय में उपस्थित हों और उक्त आवेदन के विरूद्ध कोई आपत्ति हो, तो वह अपनी आपत्ति उपरोक्त तिथि न्यायालय में समय 10:30 बजे दिन स्वयं या किसी अधिवक्ता द्वारा उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। उक्त दिनांक के बाद कोई आपत्ति दर्ज नहीं की जायेगी। आपको यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर वर्णित तिथि को इस न्यायालय में उक्त वाद के निस्तारण के समय उपसंजात, उपस्थित नहीं होंगे जो उक्त दशा में उक्त वाद का निस्तारण आपकी अनुपस्थिति में गुण दोष के आधार पर किया जायेगा।

आज दिनांक....माह....सन 2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी किया गया।

आज्ञा से
पीठासीन अधिकारी
दुर्घटना दावा अधिकरण
मुजफ्फरनगर।


## सपा नेता सत्येंद्र पाल ने अखिलेश यादव को खिलाया गुड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येंद्र पाल ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के गांव उमरपुर के पास स्थित एक कोल्हू से अपने सामने अच्छे तरीके से साफ सुथरा बिना मसाले का गुड बनवाकर सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष रविंद्र प्रधान जोगी व सपा मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड मुजफ्फरनगर के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अनुराग पाल के हाथों भिजवाया।

उन्होंने गुड के साथ साथ अखिलेश यादव को नववर्ष बधाई संदेश भी भिजवाया। मिली जानक. ारी के अनुसार अखिलेश यादव के पास विगत दिवस गये रविंद्र प्रधान जोगी और अनुराग पाल ने सपा के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र पाल के द्वारा भेजा गया गुड व नव वर्ष का बधाई पत्र अखिलेश यादव को दिया। यह गुड़ किसी सामान्य मिठाई या उपहार की तरह नहीं था बल्कि इसे गांव की परंपरा और अपनत्व के भाव से तैयार किया गया था। अखिलेश यादव ने सपा नेता सत्येंद्र पाल का गुड़ स्वीकार किया और



दोनों नेताओं से गर्मजोशी से हाथ भी मिलाया।

अखिलेश यादव ने कहा इस तरह की छोटी व सरल भेंटों में दिल की सच्चाई व अपनत्व झलकता है। गांवों में ये परंपरा आज भी जिंदा है कि त्योहारों या नए वर्ष पर लोग अपने प्रियजनों, नेताओं, वरिष्ठ व्यक्तियों को घर के बने उत्पाद या हस्तनिर्मित वस्तुएं भेंट करते हैं। ये अपनत्व व पारिवारिकता का प्रतीक माना जाता है।

### गाड़ी की किस्त भरने को कहा तो दी गालियां

**बुढ़ाना।** एक गाडी के मालिक ने जिस व्यक्ति को अपनी गाड़ी बैंची तो उसने गाड़ी की किश्त जमा नहीं की। तब गाड़ी मालिक ने अपनी गाड़ी वापस ले ली। इसी बात से क्षुब्ध होकर आरोपी ने गाड़ी मालिक और उसकी मां के साथ जमकर गाली गलौच की। अब शिकायत मिलते ही बुढ़ाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर उक्त मामले की जांच शुरु कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार अर्चित बंसल पुत्र सुशील बंसल निवासी मौहल्ला पश्चिमी पछाला बुढ़ाना ने पुलिस को बृहस्पतिवार के दिन एक तहरीर देते हुए बतलाया कि मैंने रिन्कू को अपनी डिजायर गाडी बैंच दी थी और उसको किश्त भरने को कहा था लेकिन उसने किश्त नहीं भरी तो मैंने अपनी गाडी वापस ले ली। बीती 07 जनवरी की देर रात में रिन्कू मेरे घर पर आया और मेरे साथ गाली गलौज करने के बाद चला गया। उसके बाद फिर उसने मेरे और मेरी मम्मी के मोबाइल फोन पर काल करके गाली गलौज की। पीड़ित गाडी मालिक ने बुढ़ाना पुलिस से आरोपी रिन्कू के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। उधर बुढ़ाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरु कर दी थी।

## एसएसपी ने हड़काया तब हुआ मुकदमा दर्ज

**बुढ़ाना।** एक युवक अपनी रिपोर्ट दर्ज कराने को चौकी, कोतवाली, सीओ आफिस और शामली एसपी के यहां गया मगर किसी भी अधिकारी का दिल नही पसीजा। थक हारकर पीड़ित ने एसएसपी के दरबार में पहुंचकर फरियाद की तो उन्होंने बुढ़ाना पुलिस को हड़काते हुए रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दिए। फुरकान पुत्र मास्टर अनीस निवासी मौहल्ला नई बस्ती बुढ़ाना ने बताया कि उसे एक लाख रुपये का लोन दिलाने को रीतिक राजपूत पुत्र रामबीर निवासी गांव कुरालसी व बड़ौत निवासी विशाल ने बीते वर्ष कहा था मगर उसका लोन नहीं हुआ। अब उसे बैंक से फोन पर पता लगा कि रीतिक ने उसके नाम से एक लाख रूपये का लोन लेकर अपने निजी कार्यों में खर्च कर लिया और कुछ समय तक उसने खुद कुछ किस्तें जमा की। आगे किश्त जमा न होने पर उसके पास बैंक से फोन आया। बैंक द्वारा पता लगा कि रीतिक ने उसके नाम से 1 लाख रुपये का लोन इंदु सिंध बैंक शामली से लिया है। रीतिक उसके संग फ्राड कर उसके नाम से लिये 1 लाख रुपये के लोन का पैसा अपने कार्यों में खर्च कर रहा है। उसे बैंककर्मियों ने बताया कि रीतिक दूसरे लोगों के नाम पर लोन लेता है और उस लोन को अपने कार्यों में खर्च करता है। लाभार्थी को पैसा नही देता। रीतिक चालाक युवक है। पता नही रीतिक ने कितनो लोगों के साथ धोखाधड़ी कर फ्राड से रुपये डकारे हैं। उसने ये शिकायत बुढ़ाना कोतवाली, गढ़ी सखावतपुर चौकी पर की मगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। रिपोर्ट दर्ज कराने को वो चक्कर काट रहा है। उसने अपनी शिकायत सीओ बुढ़ाना आफिस में की तो दोनों आरोपियों को बुलाया गया। दोनों ने उसे एक हफ्ते से पूर्व ही रुपये देने का वादा किया मगर आरोपियों ने उसे रुपये नहीं दिए।


**सार्वजनिक सूचना**

मेरी पुत्री हुरैन का जन्म 5/11/2022 को हुआ था जिसका रजिस्ट्रेशन (संख्या 13257) दिनांक 15/11/2022 को नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर में दर्ज कराया था। भूलवश मैं अपनी पुत्री का जन्म प्रमाण नहीं बना पाया। कृपया जन्म प्रमाण पत्र जारी करने की कृपया करें।

**गुलजार,** निवासी: जहांगीर पट्टी सूजडू, मुजफ्फरनगर।
मो. 7060926061



**वाद के निस्तारण हेतु प्रतिवादी की उपस्थिति के लिए समन** (आदेश 5 नियम 1, और 5) **न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जूनियर डिवीजन) बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर** वाद सं0 22 सन् 2024 **संजीव कुमार** पुत्र ब्रहम सिंह निवासी ग्राम शौरों परगना शिकारपुर तहसील बुढ़ाना जिला-मुजफ्फरनगर ....**वादी** बनाम **रियासत अली उर्फ रासा** पुत्र मुस्ताक अली निवासी मौहल्ला गोकुलपुर कस्बा शाहपुर परगना शिकारपुर तहसील बुढ़ाना जिला-मुजफ्फरनगर। ..... **प्रतिवादीगण** आपको इस समन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वाद, वादी ने आपके विरूद्ध इकरारनामा महायदा बय के आधार पर सम्पत्ति का बैनामा अपने हक में कराने हेतु न्यायालय में योजित किया है। आपको इस न्यायालय में उक्त वाद का उत्तर पत्र आदि प्रस्तुत करने के लिए उपसंजात, उपस्थित होने के लिए दिनांक 09 माह 12 सन 2025 को दिन में 10.30 बजे नियुक्त करके यह समन प्रेषित किया जाता है आप नियत दिनांक को न्यायालय में स्वयं या अपने अधिकृत पैरोकार, अधिवक्ता द्वारा उपस्थित/उपसंजात हो सकते हैं। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय में आपकी उपसंजाती (उपस्थिति) के लिए जो उक्त तिथि नियत की गयी है। वह इस वाद के अन्तिम निस्तारण के लिए भी नियत है। इसलिए आपको उसी दिन अपने उन सभी साक्ष्यों को या उनसे सम्बन्धित सभी सारवान प्रपत्रो, साक्ष्यो को पेश करने के लिए तैयार रहना चाहिये, जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते है। आपको यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर वर्णित तिथि को इस न्यायालय में उक्त वाद के निस्तारण के समय उपसंजात / उपस्थित नहीं होगे तो उस दशा मे उक्त वाद का निस्तारण आपकी अनुपस्थिति में गुण दोष पर किया जायेगा। आज दिनांक 06 माह 12 सन 2025 को यह समन मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित विधिवत न्यायालय द्वारा जारी किया गया।

आज्ञा से मनसरिम / न्यायाधीश
सिविल जज ( जू.डि. ) बुढ़ाना
( मुजफ्फरनगर )


## चेयरमैन विनोद सैनी के आवास पर सुना गया अमित शाह का भाषण



**बुढ़ाना।** बृहस्पतिवार के दिन कस्बा बुढ़ाना के मंदवाडा रोड़ पर स्थित भूमि विकास बैंक बुढ़ाना के चेयरमैन विनोद सैनी के आवास पर एक अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

जिसमें लोकसभा में एसआईआर गहन पुनरीक्षण अभियान पर स्क्रीन के माध्यम से देश के गृह मंत्री अमित शाह का लोकसभा में एसआईआर विशेष गहन पुनरीक्षण विषय पर दिया गया ओजस्वी और राष्ट्रहितकारी भाषण सुना गया। इस कार्यक्रम का बुढ़ाना मण्डल का संयोजक भूमि विकास बैंक के चेयरमैन विनोद सैनी को बनाया गया। केन्द्रीय मंत्री अमित शाह के सम्बोधन के बाद भूमि विकास बैंक बुढ़ाना के चेयरमैन विनोद सैनी ने यहां बतलाया कि एसआईआर का मुख्य उद्देश्य हमारी मतदाता सूची का शुद्धिकरण करना है। यहां पर मुख्य रूप भाजपा बुढ़ाना मण्डल महामंत्री मुकेश शर्मा, भाजपा बुढ़ाना सोशल मीडिया संयोजक शाहिद असलम, पूर्व युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष पुनीत शर्मा, अंकुश, आशु, आनंद सैनी, सोनू उपाध्याय, नीरज कुमार, ऋषिपाल सैनी, पूर्व नामित सभासद राम नरेश, सौरभ, रमेश चंद सैनी, पंकज सैनी, धर्मेंद्र सिंह, सिद्धांत और राधेश्याम आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे और केंद्रीय मंत्री अमित शाह का भाषण सुना गया।

### लाखों रुपये की कीमत के 3 पशु हुए थे चोरी

**बुढ़ाना।** दस दिन पूर्व चोरी हुए तीन पशुओं के संबंध में बुढ़ाना पुलिस ने पशु पालक की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मुकदमा दर्ज होते ही बुढ़ाना पुलिस भी चोरों की तलाश में लग गयी है। मिली जानकारी के अनुसार शाहबाज अहमद पुत्र जाहिद निवासी गांव रसूलपुर दभेड़ी ने बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि उसके घर से बीती 29 दिसम्बर की प्रथम रात्रि में अज्ञात चोर दो भैंसे और एक लवारी भी चोरी करके ले गए थे। वह दस दिनों से अपने तीनों पशुओं को तलाश करता फिर रहा था लेकिन उसके पशु अब तक भी नहीं मिले। पीड़ित ने पुलिस से तीनों पशुओं की सकुशल बरामदगी और अज्ञात चोरों को पकड़ने की गुहार लगाई है। उधर बुढ़ाना पुलिस ने पीड़ित पशुपालक शाहबाज की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर तीनों पशुओं की बरामदगी के प्रयास शुरु कर दिए थे।

## खुशहालिया उर्स में हुआ सूफ़ी संत समागम, दिया सदभाव का संदेश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** मोरना क्षेत्र के गांव बिहारगढ़ स्थित चिल्लागाह शरीफ पर हजरत ख्वाजा पीर खुशहाल के नौ वे उर्स का आरम्भ गुरुवार को सुबह ज़िक्रे इलाही व कुरान की तिलावत के साथ हो गया।कार्यक्रम में अनेक सूफ़ी संतो ने भाग लेकर सर्वधर्म संभाव का संदेश दिया। वहीं स्वास्थ्य शिविर लगाकर ग्रामीणों का निशुल्क उपचार किया गया तथा बालिका नायला अहमद द्वारा लिखित दी हर्ट ऑफ़ काइंडनेस नामक पुस्तक का विवरण किया गया।

खुशहालिया उर्स के पहले दिन शुकतीर्थ से पधारे साधु संतो का स्वागत किया गया इस अवसर पर सज्जादा नशीन सूफ़ी जवाद अहमद खुशहाली ने कहा की सूफ़ीसंतो की ज़िंदगी मानव सेवा दूसरों की परेशानियों को दूर करने के लिए समर्पित होती है। मानव सेवा सबसे बड़ी इबादत है।समर्पण भाव के साथ इबादत को करने से अल्लाह की रहमत प्राप्त होती है।

महामंडलेश्वर गोपालदास,पूर्व मंत्री सईदुलज़मा, सलमान सईद, कुंवर देवराज पंवार, मुफ़्ती ज़ुल्फ़िकार कुरैशी, राजीव बालियान, बालेन्द्र सिंह ने अपने सम्बोधन मे कहा की मानव प्रेम से देश प्रेम की भावना जाग्रत होती है।प्रेम भाव से ही विश्व शान्ति के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान सज्जादा साहब की आठ वर्षीय पुत्री नायला खुशहाली द्वारा लिखित पुस्तक द हार्ट ऑफ काइण्डनेस नामक पुस्तक का विवरण किया गया वहीं आयोजित स्वास्थ्य शि. विर में डॉ.आस मोहम्मद डॉ. मोबीन, डॉ. सलमान द्वारा सैकड़ो मरीज़ो का नि:शुल्क उपचार किया गया। कार्यक्रम मे रामपुर से आये कव्वाल दानिश खलील हमनवा द्वारा नातिया कलाम की प्रस्तुति दी गयी। इस अवसर पर मौलाना साजिद सूफ़ी रईस,सूफ़ी दिलनवाज, सूफ़ी सलीम, प्रधान संजय चौहान, भगवन्त सिंह, सुरेन्द्र सिंह, राज लखवेन्द्र सिंह, सुरजीत सिंह,शेर सिंह आदि मौजूद रहे।


**खोया-पाया**

मेरी सम्पत्ति के मूल बैनामे के अंतिम दो पृष्ठ जिसका विक्रय विलेख संख्या 4704 दिनांक 23- 04- 2008 जिल्द 4155 पृष्ठ संख्या 23 से 46 पर रजिस्टर्ड है वास्तव में कहीं पर खो गये हैं।

**प्रार्थी**
**जगमोहन सिंह पुत्र सत्यपाल सिंह, निवासी 892, साउथ सिविल लाईन, मुजफ्फरनगर यूपी। मो. नं. 9756 177777**

# ऑपरेशन सवेरा के तहत पुलिस का बड़ा वार, 22.800 किलो गांजा जब्त

■ दो शातिर तस्कर दबोचे, जेल रवाना

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** जनपद में नशे के अवैध कारोबार पर पूरी तरह अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ऑपरेशन सवेरा अभियान के अंतर्गत खतौली पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। जीटी रोड पर हेलमेट और वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने बाइक सवार दो नशा तस्करों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया। पुलिस ने आरोपियों के पास से 22 किलो 800 ग्राम गांजा, एक मोटरसाइकिल, दो मोबाइल फोन, चार्जर तथा 950 रुपये नकद जब्त किए हैं। दोनों तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

एसएसपी संजय वर्मा के निर्देश पर जनपदभर में नशा तस्करों के विरुद्ध सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सीओ राम आशीष यादव के निर्देशन तथा कोतवाली प्रभारी दिनेश बघेल के नेतृत्व में खतौली पुलिस टीम जीटी रोड पर सघन चेकिंग अभियान चला रही थी। इस दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि नगर क्षेत्र में गांजे की बड़ी खेप सप्लाई की जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम अलर्ट हो गई और संदिग्ध वाहनों पर पैनी नजर रखी जाने लगी। कुछ ही देर में एक बाइक पर सवार दो युवक एक बड़े बोरे के साथ आते दिखाई दिए। पुलिस को देखकर दोनों युवक बाइक मोड़कर भागने लगे, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पीछा कर उन्हें दबोच लिया। तलाशी लेने पर बोरे से भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में अपने नाम चरण सिंह उर्फ जीतू पुत्र राजू तथा रोहित पुत्र राजेश, निवासी देवीदास गांव बताए।

आरोपियों से पूछताछ के बाद पुलिस ने उनके नेटवर्क की जानक. ारी जुटाने के लिए देवीदास गांव में ताबड़तोड़ दबिश दी। इस दौरान सीओ व कोतवाली प्रभारी के साथ भारी पुलिस बल तैनात रहा, वहीं ड्रोन कैमरे की मदद से भी इलाके की निगरानी की गई। पुलिस ने आरोपियों के घरों और संदिग्ध ठिकानों पर गहन तलाशी अभियान चलाया, हालांकि कोई अन्य मादक पदार्थ बरामद नहीं हो सका। गांव में भारी पुलिस मौजूदगी के चलते नशा तस्करों में हड़कंप मच गया और कई संदिग्ध मौके से फरार हो गए।

सीओ राम आशीष यादव ने बताया कि फरार तस्करों की पहचान कर उनके खिलाफ भी शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने साफ कहा कि नशे के कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और पुलिस का अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। इसके साथ ही खतौली पुलिस ने नगर के बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर गश्त कर आमजन, विशेषकर युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया तथा सड़क सुरक्षा के मद्देनज़र हेलमेट पहनकर वाहन चलाने का संदेश भी दिया।

# सड़क दुर्घटना में ग्रामीण की दर्दनाक मौत

**बुढ़ाना।** घर से किसी कार्य के लिए मोटर साइकिल पर गये एक युवक की जनपद बिजनौर में हुई एक सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गयी। घटना की सूचना पर परि. जनों में कोहराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला शाहवाडा निवासी 32 वर्षीय मोहसीन कस्सार पुत्र नसीम कस्सार बृहस्पतिवार की सुबह 11 बजे मोटर साइकिल पर सवार होकर कारोबार के सिलसिले में किसी काम के लिए बुढ़ाना से जनपद बिजनौर के लिए निकला था। जब वह जनपद बिजनौर में पहुंचा तो एक थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार रोडवेज बस के चालक ने मोहसीन कस्सार की मोटर साइकिल में रोडवेज बस की जोरदार टक्कर मार दी। जोरदार टक्कर लगते ही मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर सड़क पर दूर तक फिसलती चली गयी। जिसमें मो. हसीन के गले की नली टूट गयी और उसने मौके पर ही दम तोड दिया। मौके पर पहुंची बिजनौर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर मृतक युवक के मोबाइल गोन पर आई काल के आधार पर घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी मृतक के परिवार में जबरदस्त कोहराम मच गया। परिजन मोर्चरी की और दौड़े और शव की पहचान मोहसीन के रूप में की। पोस्टमार्टम के बाद शव को बृहस्पतिवार की देर रात बुढ़ाना लाया गया। संभवत: शुक्रवार की सुबह शव को कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया जाएगा। मृतक के 3 बच्चे बताए गये हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सरकारी भूमि कब्जा मुक्त कराकर ग्राम पंचायत को सौंपी

**मोरना।** ग्राम पंचायत मोरना में कब्जा की गई सरकारी भूमि को वन एवं राजस्व विभाग की टीम ने नाप तौल कर कब्जा मुक्त कराकर ग्राम पंचायत को सौंप दी। तहसील प्रशासन की कार्रवाई से हडकंप मच गया।एसडीएम जानसठ राजकुमार भारती, नायब तहसीलदार अजय कुमार, राजस्व निरीक्षक सुनील शर्मा, वन विभाग के नंद किशोर व ग्राम पंचायत अधिकारी राजकुमार गुरुवार दोपहर मोरना पहुंचे तथा लेखपाल की टीम सुरेश चंद,प्रवीण कुमार,मनोज कुमार के द्वारा ग्राम पंचायत मोरना में खसरा नंबर 491 में नापतौल की गई तथा कुछ लोगों के द्वारा कब्जा की गई भूमि को मुक्त कराकरकरीब छह बीघा ग्राम पंचायत को सौंप दी। तहसील प्रशासन की कार्रवाई से हडकंप मच गया।

### पेंट करते समय युवक की संदली से गिरकर मौत

**चरथावल।** थाना क्षेत्र में गुरूवार को पेंट करते समय संदली से गिरकर एक 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई।युवक को अस्पताल ले जाते समय उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। चरथावल थाना क्षेत्र के गांव कुल्हेड़ी में हुई। सेद नगला निवासी 22 वषह्लय अली पेंटिंग का काम करता था। वह कई दिनों से कुल्हेड़ी गांव में एक मकान में पेंट कर रहा था। आज सुबह भी वह पेंट करने के लिए घर से निकला था।जिस मकान में अली काम कर रहा था, वहां वह संदली लगाकर पेंट कर रहा था। अचानक संदली का संतुलन बिगड़ने से अली नीचे गिर गया। नीचे गिरने से उसका सिर फर्श से टकरा गया।दुर्घटना की सूचना मिलते ही परिजन ग्राम कुल्हेड़ी पहुंचे। उन्होंने तुरंत एंबुलेंस बुलाई और अली को अस्पताल भेजने का इंतजाम किया। हालांकि, अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही 22 वषह्लय अली ने दम तोड़ दिया।अली की मौत से उसके परिजनों में कोहराम मच गया है।

### काले धुएं की लंबी लपटें देखकर पुलिस दौड़ी

**बुढ़ाना।** एक दुकान के पीछे पड़े कबाड़ में किसी अज्ञात व्यक्ति ने जलती हुई बीड़ी फेंक दी। तब कुछ ही देर बाद कबाड़ धूं धूंकर जल उठा और काले धुएं की लम्बी लम्बी लपटें उठने लगी। तब किसी व्यक्ति ने इसकी सूचना कुछ ही दूरी पर स्थित बुढ़ाना कस्बा चौकी पर तैनात पुलिस को दी तो सूचना पाकर सब इंस्पेक्टर छविकांत चौहान पैदल ही कांस्टेबल गौरव पूनिया को साथ लेकर घटनास्थल की और दौड़े तो देखा पुराना समान बेंचने वाले दुकानदार की शाप के पीछे पड़े कबाड़े में किसी व्यक्ति ने बीड़ी फैंक दी। जिससे कबाड़ ने आग पकड़ ली और कबाड़ धूं धूंकर जल उठा। तब उन्होंने मौके पर दो पुलिसकर्मी और बुलाकर आसपास के कुछ दुकानदारों की सहायता से खुद ही पानी रेत से आग बुझानी शुरु कर दी। बिना दमकलकर्मियों के पुलिसकर्मियों ने खुद ही कुछ मिनट बाद ही भड़कती आग पर काबू पा लिया। अगर कुछ और देर हो जाती तो आग दुकान को बड़ा नुक्सान पहुंचायी लेकिन पुलिस ने खुद ही साहस का परिचय देते हुए आग पर काबू पा लिया। इस दौरान सैंकड़ों लोगों की भीड़ भी जमा हो गयी थी। आसपास के लोगों ने फायर ब्रिगेडकर्मियों को भी सूचना दी थी लेकिन उनके आने से पहले ही सब इंस्पेक्टर छविकांत चौहान के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों के द्वारा आग बुझा दी गयी।

### गोदाम लाईसेंस सुविधा पोर्टल पर न होने से कैमिस्ट परेशान



**मुजफ्फरनगर।** बृहस्पतिवार को केमिस्ट् एसोसिएशन की कोर कमेटी की एक मीटिंग आहूत की गई जिसमें अध्यक्ष सुभाष चौहान द्वारा बताया गया आज की तारीख में हमारे गोदाम के लाइसेंस बनना व नवीनीकरण होने की प्रक्रिया पोर्टल में नहीं है। जिसकी बार बार सरकार से मांग उठाई जा रही है इस विषय में एसोसिएशन द्वारा ड्रग लाइसेंसिंग अथॉरिटी वह ड्रग कंट्रोलर को बार बार लिखा जा चुका है। हम आपसे निवेदन करते हैं की इस प्रक्रिया को शीघ्र पोर्टल पर डाला जाए। पिछले कई वर्षों से गोदाम के लाइसेंस नए नहीं बन रहे हैं और न ही लाइसेंस का नवीनीकरण हो रहा है। हमारा सरकार से निवेदन है शीघ्र अतिशीघ्र इस प्रक्रिया को पोर्टल के द्वारा ठीक किया जाए। आज सभी केमिस्ट साथी पोर्टल पर न होने की वजह से बहुत परेशान हैंइस मीटिंग में मुख्य रूप से संस्थापक चेयरमैन प्रमोद मित्तल, चेयरमैन श्रीसत्यपाल सिंह ,अध्यक्ष सुभाष चौहान ,महामंत्री दिव्य प्रताप राणा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव वर्मा,उपाध्यक्ष मनोज गर्ग ,संगठन महामंत्री कुलदीप शर्मा ,संगठन मंत्री संदीप चौहान उपस्थित रहे।

# चरथावल में नो हेलमेट, नो हाईवे अभियान, सीओ सदर ने संभाली कमान

■ पुलिस अभियान के बावजूद बडी संख्या में बाइक सवार हेलमेटहीन

**चरथावल।** कस्बे के रोहाना तिराहे पर सड़क सुरक्षा को लेकर नो हेलमेटख्नो हाईवे अभियान के तहत सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।अभियान का नेतृत्व सीओ सदर डक्क्र रविशंकर ने किया।उनके निर्देशन में सत्यनारायण दहिया प्रभारी निरीक्षक चरथावल के नेतृत्व में सभी चौकी प्रभारियों व उपनिरीक्षकों ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की। अभियान के दौरान दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति जागरूक किया गया। बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों को समझाइश दी गई, वहीं नियमों का पालन करने वालों की सराहना भी की गई।इस मौके पर राजेश सिंह चरथावल कस्बा चौकी प्रभारी,पुष्पेंद्र सिंह दधेड़ू चौकी प्रभारी, मंगत सिंह अलावलपुर चौकी प्रभारी, कुलदीप परिहार बिरालसी चौकी प्रभारी, राघव बंसल दूधली चौकी प्रभारी, गोविंद चौधरी हिंडन चौकी प्रभारी,नंदकिशोर शर्मा कुटेसरा चौकी प्रभारी सहित उपनिरीक्षक निक्की मोहर,परवेंद्र सिंह, सत्यवीर सिंह, ओमपाल सिंह आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

सीओ सदर डा. रविशंकर ने कहा कि हेलमेट का प्रयोग न करने से सड़क दुर्घटनाओं में जान का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे अभियानों का उद्देश्य लोगों को दंडित करना नहीं, बल्कि सुरक्षित और जिम्मेदार नागरिक बनाना है। पुलिस ने आमजन से अपील की कि वे अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनें और यातायात नियमों का पालन करें।

## मतदाता सूची को लेकर असंतोष

# सैकड़ों लोगों के मकान नंबर शून्य होने पर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** मतदाता सूची का प्रकाशन होने के बाद सामने आई भारी त्रुटियों को लेकर कस्बे में चर्चा और असंतोष का माहौल बन गया है। सूची के प्रकाशन के पश्चात बीएलओ द्वारा अपने-अपने क्षेत्रें में जाकर मतदाता सूची मतदाताओं के सामने पढ़कर सुनाई गई, तभी बड़ी संख्या में गंभीर गलतियां उजागर हुईं।

नई मतदाता सूची में मीरापुर के हजारों मतदाताओं के नाम शामिल नहीं पाए गए हैं।

इसके साथ ही सैकड़ों लोगों के मकान संख्या शून्य दर्शा दी गई है, जबकि एक ही मकान में रहने वाले भाइयों की मकान संख्या अलग-अलग दर्ज कर दी गई है। कई मामलों में पति-पत्नी, जो वर्षों से एक ही घर में रह रहे हैं, उनकी मकान संख्या भी अलग दिखाई गई है। कुछ भाग संख्या में भी गंभीर त्रुटियां पाई गई हैं। इन विसंगतियों को लेकर लोगों में असमंजस की स्थिति है कि यह गलती बीएलओ स्तर से हुई है या प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही का परिणाम है। कस्बे में यह चर्चा आम है कि इतनी बड़ी संख्या में त्रुटियां कैसे हो सकती हैं। लोगों का कहना है कि एक ही घर में रहने वाले तीन-चार भाइयों के मकान नंबर अलग होना और सैकड़ों लोगों के मकान नंबर शून्य दर्ज होना समझ से परे है। इस संबंध में अधिकारियों ने बताया कि इन त्रुटियों को चिह्नित कर लिया गया है और जल्द ही सुधार की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। शीघ्र ही संशोधित मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी, जिसमें इस तरह की त्रुटियों की संभावना बहुत कम रहेगी। प्रशासन ने लोगों से संयम रखने और सत्यापन कार्य में सहयोग करने की अपील की है।

## नवयुवक को अवैध चाकू के साथ किया अरेस्ट

**बुढ़ाना।** स्थानीय पुलिस ने एक नवयुवक को अवैध रुप से अपने पास में चाकू रखने के जुर्म में अरेस्ट कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह के निर्देश पर बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री के नेतृत्व में सब इंस्पैक्टर शुभम सिंह ने गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी इंचार्ज ललित कुमार, हैड कांस्टेबल हरीश पाल सिंह और कांस्टेबल मौहम्मद अशफाक के सहयोग से किसी खास मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर गश्त करने के दौरान अमन कुमार पुत्र राजपाल निवासी गांव सफीपुर को लुहसाना रोड पर स्थित एक बाग के पास से संदिग्ध अवस्था में पकडकर उसके पास से एक अवैधघ्‍ चाकू भी बरामद किया। पुलिस ने अमन को लिखापढ़ी करने के बाद जेल भेज दिया है।



**बुढाना:** एसडीएम को ज्ञापन देते किसान मजदूर संगठन के कार्यकर्ता।

# एसडीएम व ग्रामीणों की बैठक में हुई 12 मांगों पर चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** किसान मजदूर संगठन पूरन सिंह के नेतृत्व में बिराल गांव में बीती 19 दिसम्बर को हुए धरना प्रदर्शन से संबंधित एक बडी मीटिंग बीती पांच जनवरी को बुढ़ाना तहसील परिसर में स्थित बार एसोसिएशन बुढ़ाना के भव्य सभागार में एसडीएम और तहसीलदार की मौजूदगी में हुई। यह मीटिंग ठाकुर मदन सिंह जो कि किसान मजदूर संगठन के ग्राम बिराल के ग्राम अध्यक्ष हैं उनके नेतृत्व में हुई और मध्यस्थता में किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनु मलिक और बुढ़ाना तहसील क्षेत्र के उपाध्यक्ष कृष्णपाल सिंह भी मौजूद रहे। मीटिंग में 12 सूत्रीय मांगों पर चर्चा हुई और इसमें से मुख्य मांग जो कि हाईवे के दोनों तरफ सर्विस रोड से संबंधित थी उसके लिए प्रस्ताव एनएचएआई के अधिकारियों ने अपने बड़े अधिकारियों को भेज दिया है। एसडीएम और तहसीलदार ने बताया कि इस पर आगामी 19 जनवरी को सर्विस रोड बनने से संबंधित अप्रूवल आएगा। यहां पर किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनु मलिक, ग्राम अध्यक्ष व प्रवक्ता ठाकुर मदन सिंह, तहसील अध्यक्ष कृष्णपाल सिंह, जनप्रतिनिधि अंकुश प्रताप सिंह बिराल, सतबीर सिंह, विजय दत्ता, डॉक्टर मुकेश, मोनू, कुलदीप सिंह, राजेश, नागेंद्र सिंह, रणदीप मास्टर, धीर सिंह मास्टर, देव कुमार, मुकेश दावेदार, अमित, अजय, प्रवीण प्रधान, सतीश, ओमवीर, मन्नू प्रधान, अमरीश सिंह, बिट्टू, सोनू भगत, गुल्लू भगत व अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# खेत की मेढ़ को काटने व मारपीट का आरोप, मुकदमा दर्ज

■ नन्हेडा गांव में पीड़ित किसान ने दर्ज कराया मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** नन्हेड़ा गांव मे खेत की मेंढ को खुर्द बुर्द करने के बाद आरोपी ने पीड़ित किसान के साथ मारपीट की तथा जानलेवा हमले का प्रयास किया। शिकायत पर संज्ञान लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव नन्हेंड़ा निवासी ललित कुमार ने बताया की गांव का ही गजेन्द्र उर्फ गज्जू आये दिन उसके खेत की मेंढ काटता रहता है।विरोध करने पर आरोपी गजेन्द्र गाली गलौच करता है तथा मारपीट करने पर उतारू हो जाता है। आरोप है की पूर्व मे कई बार गजेंद्र ने ललित के खेत की मेंढ काटकर अपने खेत में मिला ली है। बुधवार की सुबह आरोपी को इस बाबत कहने पर उसने ललित के साथ गाली गलौच कर मारपीट की तथा भाला लेकर पीड़ित पर वार करने का प्रयास किया। उसकी पुकार सुनकर आस पास के किसान धर्मेन्द्र व अमित कुमार आदि लोगो ने मौके पर उसकी जान बचाई।सूचना पर डायल 112 पुलिस भी पहुंच गयी।पीड़ित ने कार्रवाई की गुहार पुलिस से लगाई। पुलिस ने आरोपी गजेंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।



**खतौली:** खेतों में महिलाओं व युवतियों को जागरूक करती मिशन शक्ति टीम।

# खेतों में काम करती महिलाओं से संवाद, मिशन शक्ति फेस 5.0 ने बढ़ाया सुरक्षा का भरोसा

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को मजबूत करने के उद्देश्य से चल रहा मिशन शक्ति फेस-5.0 अब शहरों की सीमाओं से आगे बढ़कर गांवों और खेतों तक पहुँच गया है।

इसी क्रम में थाना खतौली क्षेत्र में महिला पुलिस टीम ने खेतों में कार्यरत ग्रामीण महिलाओं और युवतियों से सीधा संवाद कर उन्हें उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। महिला पुलिस टीम इंचार्ज खुशबू के नेतृत्व में टीम गांव मिद्दीनपुर पहुँची, जहां खेतों में काम कर रही महिलाओं को महिला अपराधों की रोकथाम, आत्मरक्षा के उपाय, यातायात नियमों और साइबर अपराध से बचाव के बारे में सरल व व्यावहारिक भाषा में समझाया गया। पुलिस टीम ने महिलाओं को आश्वस्त किया कि किसी भी समस्या की स्थिति में वे बिना संक. ोच पुलिस व हेल्पलाइन सेवाओं की मदद ले सकती हैं।

अभियान के दौरान कम्पोजिट स्कूल क्षेत्र मिद्दीनपुर, खतौली तहसील में महिलाओं, बालिकाओं और आशा कार्यकर्ताओं को भी जागरूक किया गया। उन्हें सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओंकृजैसे विधवा व वृद्धावस्था पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, नशा मुक्ति अभियान और भारत उज्ज्वल योजनाकृकी विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही महिलाओं व बालिकाओं को 1090, 181, 112, 102/108, 1076, 1098 और 1930 जैसे महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया गया।

जीरो एफआईआर और ई-एफआईआर की प्रक्रिया समझाते हुए जागरूकता पंपलेट भी वितरित किए गए। ग्रामीण महिलाओं ने मिशन शक्ति/एंटी रोमियो टीम के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियानों से न केवल जागरूकता बढ़ती है, बल्कि महिलाओं में सुरक्षा का बिश्वास भी मजबूत होता है।

# निर्माण कार्यों में लगे श्रमिक जरूर कराए नवीनीकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** सहायक श्रमायुक्त देवेश सिंह ने बताया कि सचिव, उ.प्र. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से अवगत कराया गया कि मा. मंत्री जी, श्रम एवं सेवायोजन उ.प्र. की अध्यक्षता में आहुत बैठक दिनांक 28.04.2025 को उ.प्र. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के वेब पोर्टल पर परीक्षणोपरान्त पाया गया कि बोर्ड के अन्तर्गत प्रदेश के लगभग 1.87 करोड़ से अधिक निर्माण श्रमिक पंजीकृत है, जिनमें से लगभग 13. 83 लाख निर्माण श्रमिक ही अद्यतन रूप से नवीनीकृत है, तथा लगभग 42 लाख से अधिक निर्माण श्रमिकों द्वारा 04 वर्ष या उससे अधिक समय से अपना नवीनीकरण नहीं कराया गया गया है। जिस सम्बन्ध में मा. मंत्री जी द्वारा यह निर्देश दिये गये है कि ऐसे पंजीकृत निर्माण श्रमिक जिन्होंने 04 वर्ष या उससे अधिक समय से नवीनीकरण नहीं कराया है. उनको निष्क्रिय सूची में रखा जाए तथा इसकी व्यवस्था पोर्टल पर भी की जाए। साथ ही यह भी निर्देश दिये गये कि ऐसे निर्माण श्रमिकों को नवीनीकरण कराए जाने हेतु सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तथा अन्य उपलब्ध माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार कर करते हुए नवीनीकरण कराने हेतु जागरूक करें। सचिव, उ.प्र. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा अवगत कराया गया कि मा. मंत्री जी के निर्देशों के क्रम में ऐसे सभी निर्माण श्रमिक, जिन्होने 04 वर्ष या उससे अधिक समय से नवीनीकरण नही कराया है, उन्हें निष्क्रिय सूची। में सम्मिलित किये जाने हेतु अवगत कराया गया था। जिसमें सचिव, उ.प्र. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के पत्र सं 1/404590/2026 दिनांक 05.01.2026 के माध्यम से अवगत कराया गया कि वर्तमान में बोर्ड स्तर से उक्त अवधि को दिनांक 31.01. 2026 तक 31 दिन और बढाते हुए पोर्टल पर व्यवस्था कर दी गई है।

उक्त के सम्बधं में जनपद मुजफ्फरनगर के ऐसे पंजीकृत निर्माण श्रमिक जिन्होंने चार वर्षो से अधिक समय से नवीनीकरण नहीं कराया है, से अपील की जाती है, कि वह 31 जनवरी 2026 तक अपने आस-पास के सीएससी / जनसेवा केन्द्र के माध्यम से अपने पंजीयन का नवीनीकरण अवश्य करा लें, अन्यथा की स्थिति में मा. मंत्री, श्रम एवं सेवायोजन उ.प्र. एवं सचिव, उ. प्र. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के निर्देशानुसार निर्धारित तिथि 31.01. 2026 के उपरान्त उनका पंजीकरण निष्क्रिय सूची में शामिल कर दिया जाएगा।

# अधिकारियों ने गेंहू के खेतों का किया भ्रमण

**बुढ़ाना।** बृहस्पतिवार के दिन बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव मंदवाडा मे युवा प्रगतिशील किसान तैमूर अली राणा के खेत पर इफको जनपद मुजफ्फरनगर के क्षेत्रीय अधिकारी ईश्वर सिंह तालियान ने गेहूं के खेतों का भ्रमण कर उसमें खड़ी गेंहू की फसलों का बारीकी से निरीक्षण किया।

इन सभी खेतों को नैनो डीएपी से गेहूं के बीज को उपचारित करके किसान तैमूर अली राणा के द्वारा बुवाई करवाई गई थी। आज नैनो यूरिया का स्प्रे मुजफ्फरनगर जनपद के इफको के क्षेत्र अधिकारी ईश्वर सिंह तालियान और सहायक अधिकारी सक्षम पूनिया के द्वारा करवाया गया और कहा गया कि इन सभी खेतों मेंघ् गेंहू की बहुत ही अच्छी फसल खड़ी है।



हम इस पर एक बड़ी मीटिंग जल्दी कराएंगे और दूसरे किसानों को भी दिखाएंगे कि नैनो डीएपी और नैनो उर्वरक के रिजल्ट अब बहुत अच्छे आ रहे हैं। तैमूर अली राणा ने कहा कि अब हम नैनो डीएपी का और नैनो यूरिया का ही इस्तेमाल करेंगे क्योंकि इसके रिजल्ट बहुत ही अच्छे आ रहे हैं और किसानों को भी इसके फायदे बतलाएंगे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



कैराना। सड़क हादसे के बाद घायल उपचार कराते हुए।

# सांसद इकरा हसन ने किया सौर ऊर्जा पैनलों का लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कैराना सांसद चौधरी इकरा हसन ने आरडी इंटर कॉलेज सिक्का सिलावर में सौर ऊर्जा पैनलों का लोकार्पण किया।

मै कृष्णा कॉन्स्टेलेशन प्रा. लि. मेरठ द्वारा पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल की प्रेरणा से आरडी इंटर कॉलेज सिक्का सिलावर में 10 किलोवाट, जैन कन्या इंटर कॉलेज शामली में 10 किलोवाट तथा हिन्दू कन्या इंटर कॉलेज शामली में 15 किलोवाट क्षमता के सौर ऊर्जा पैनल लगाए गए हैं।





लोकार्पण समारोह को संबो. धित करते हुए सांसद चौधरी इकरा हसन ने कहा कि सम्पन्न परिवारों के बच्चे प्राय: निजी विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण करते हैं, जबकि माध्यमिक व सरकारी विद्यालयों में भी शिक्षा की गुणवत्ता कम नहीं है। इन विद्यालयों में मध्यम एवं गरीब परिवारों के बच्चे अधिक संख्या में पढ़ते हैं, इसलिए जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों को चाहिए कि वे ऐसे विद्यालयों पर विशेष ध्यान दें और विद्यार्थियों को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराएं। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष विक्रम सिंह, प्रबंधक प्रवीण तरार, प्रबंधक विरेंद्र जैन, प्रधानाचार्य रुचिका ढाका, मनीष कुमार संगल, शान्तनु मित्तल, हरविंद्र सिंह, शैलेंद्र मित्तल उपस्थित रहे।

# दो बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत, तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नेशनल हाईवे बाईपास रोड पर गुरुवार दोपहर तेज रफ्तार और लापरवाही ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। ईंट भट्टे के सामने दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने हुई जबरदस्त टक्कर में चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और कुछ देर के लिए यातायात भी बाधित रहा। उपचार के लिए पानीपत ले जाते समय एक युवक ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मोहल्ला आर्यपुरी निवासी कासिम अपने सगे भाई राशिद पुत्रगण अ"यूब के साथ बाइक पर सवार होकर खेत की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे नेशनल हाईवे बाईपास रोड पर स्थित भट्टे के सामने पहुंचे, उसी समय शामली की दिशा से आ रही दूसरी बाइक से उनकी आमने-सामने भिड़ंत हो गई। दूसरी बाइक पर मामा-भांजे मोनू पुत्र दर्शन लाल तथा शुभम पुत्र सुशील, निवासी मोहल्ला विद्यानंद, जनपद सहारनपुर सवार थे।

टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं और चारों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद सड़क पर खून फैल गया, जिसे देखकर आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। सूचना पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैराना ले जाकर भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद कासिम की हालत गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन कासिम को उपचार के लिए हरियाणा के जनपद पानीपत के एक निजी अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।घायल शुभम ने बताया कि वह अपने मामा के साथ पानीपत स्थित घर जा रहा था, तभी अचानक सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। इधर, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक जानकारी जुटाई। फिलहाल दोनों पक्षों में से किसी की ओर से कोतवाली कैराना में कोई तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# लायंस क्लब ने किया जैकेट का वितरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कड़ाके की ठंड के बीच जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से लायंस क्लब शामली सिनेर्जी द्वारा जैकेट वितरण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत 101 जरूरतमंद लोगों को जैकेट वितरित की गई।

गुरूवार को जैकेट वितरण समारोह का आयोजन शहर के जैन धर्मशाला में किया गया। संजय संगल तथा समाजसेवी प्रतीक गर्ग ने कार्यक्रम का शुभारंभ किाय। वहीं जोन चेयरमैन भारत संगल ने जरूरतमंदों को जैकेट वितरित की। उन्होने कहा कि ऐसे प्रयास समाज के कमजोर वर्ग को न केवल राहत देते हैं, बल्कि उन्हें संबल भी प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन सिद्धार्थ गर्ग रह। समारोह में क्लब अध्यक्ष डॉ। अजय वर्मा, सचिव रुचिर संगल और कोषाध्यक्ष निशांत गर्ग, तुषार धवन, मोहित कंबोज, वैभव गुप्ता, विश्वास कुमार तेहरी, अमन शर्मा, शिवम विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

# बोर्ड के मेधावियों का सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** महिला कल्याण विभाग शामली द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश राज्य बोर्ड परीक्षा के शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 10 एवं कक्षा 12 में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाली 21 मेधावी छात्राओं का सम्मान समारोह कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एमएलसी वीरेन्द्र सिंह, विधायक प्रसन्न चौधरी, एडीएम सत्एन्द्र सिंह तथा एसडीएम न्यायिक हामिद हुसैन ने संयुक्त रूप से मेधावी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की कैप व टी-शर्ट भेंट कर सम्मानित किया। एमएलसी वीरेन्द्र सिंह ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं और प्रदेश की कानून व्यवस्था सु.ढ़ होने से उन्हें आगे बढ़ने का सुरक्षित वातावरण मिला है। विधायक प्रसन्न चौधरी ने



कहा कि बेटियों को प्रोत्साहित करने के लिए ऐसे कार्यक्रम अत्यंत सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि आज समय बदल गया है, हर घर की बेटी शिक्षा प्राप्त कर रही है और बेटियों की शिक्षा से ही देश का विकास संभव है। एसडीएम न्यायिक हामिद हुसैन ने बताया कि योजना के अंतर्गत कक्षा 10 एवं 12 की 21 मेधावी छात्राओं को प्रति छात्रा 5 हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी, जबकि कक्षा 12 की जनपद टॉपर छात्रा रिया को 10 हजार रूपए की धनराशि उनके खाते में हस्तांतरित की जाएगी। सम्मानित होने वाली कक्षा 12 की छात्राओं में रिया, खुशी मलिक, खुशी शर्मा, शुभ्रा चौधरी, जानवी चौधरी, सुरभी राजपूत, हिमानी पवार, शगुन चौधरी, पूर्वा मालिक, रिया शर्मा व कनिका वर्मा शामिल रहीं। वहीं कक्षा 10 की मेधावी छात्राओं में अर्पण, बुशरा सैफी, एकता, भूमिका, अंशिका वर्मा, अनुका, गोरी जैन, वंशिका चौहान, वंशिका अफशा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अजरा, सदफ, कुलदीप शर्मा, पूजा गिरी मौजूद रहे। बाद में एमएलसी वीरेन्द्र सिंह ने उपस्थित लोगों को बाल विवाह के विरुद्ध शपथ दिलाई। मंच संचालन अनुराग शर्मा ने किया।

# शामली की विद्युत समस्याओं को लेकर मुखर हुए थानाभवन विधायक अशरफ अली खान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** गुरुवार को लखनऊ में सार्वजनिक उपक्रम एवं नगर संयुक्त समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें नवनिर्वाचित सदस्य एवं थानाभवन विधायक अशरफ अली खघन ने सक्रिय रूप से भाग लिया। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश भर में व्याप्त विभिन्न विद्युत समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में विभिन्न सार्वजनिक उपक्रमों एवं निगमों से संबंधित विषयों पर विस्तृत समीक्षा एवं विचार-विमर्श किया गया। समिति के समक्ष पूर्व वर्षों की ऑडिट रिपोर्ट, निगमों की कार्यप्रगति, वित्तीय स्थिति तथा भावी योजनाओं से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर थानाभवन विधायक अशरफ अली खघन ने शामली





जनपद की प्रमुख विद्युत समस्याओं को मजबूती से उठाया।

विशेष रूप से आवासीय क्षेत्रों के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइनों को स्थानांतरित किए जाने की समस्या को गंभीरता से उठाते हुए इसे जनसुरक्षा से जुड़ा अहम विषय बताया, उन्होंने क्षेत्र में बार-बार हो रही बिजली कटौती, लो-वोल्टेज की समस्या, जर्जर विद्युत लाइनों, ट्रांसफार्मरों की कमी तथा समय पर समस्या का समाधान व मरम्मत कार्य न होने जैसे मुद्दों को समिति के समक्ष रखा। विधायक अशरफ अली खान ने कहा कि विद्युत व्यवस्था की खराब स्थिति से आम जनता, किसान, व्यापारी और उद्योग सभी प्रभावित हो रहे हैं।

उन्होंने शामली जिले में विद्युत आपूर्ति को सुचारु करने, पुराने उपकरणों को बदलने तथा पर्याप्त ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने की मांग रखी। समिति के समक्ष रखे गए प्रस्तावों पर संबंधित विद्युत अधिका. रियों ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। बैठक में प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए ठोस कदम उठाने पर भी सहमति बनी। थानाभवन विधायक अशरफ अली खघन की इस पहल से क्षेत्रवासियों में उम्मीद जगी है कि जल्द ही शामली जिले में लाइन लॉस, लो वोल्टेज और ट्रांसफार्मर आदि की विद्युत समस्याओं का समाधान होगा।

## मोटरसाइकिल चोरी की घटना, अज्ञात के खिलाफ तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना गढ़ीपुख्ता क्षेत्र के गांव कैल शिकारपुर निवासी युवक की मोटरसाइकिल चोरी हो जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित अवकेश पुत्र वेदपाल सिंह ने थानाभवन थाने में दी गई तहरीर में बताया कि 7 जनवरी 2026 को वह अपनी टीवीएस रेडियॉन मोटरसाइकिल से शामली से अपने गांव लौट रहा था। गांव मस्तगढ़ व ठिरवा के बीच रास्ते में वह मोटरसाइकिल सड़क किनारे खड़ी कर चाबी लगी छोड़कर पास के खेत में शौच के लिए चला गया। इसी दौरान टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात व्यक्ति वहां पहुंचे और पीछे बैठे व्यक्ति ने उसकी मोटरसाइकिल स्टार्ट कर मौके से फरार हो गया। पीड़ित ने थानाभवन थाने पहुंचकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध चोरी की तहरीर दी है।

# छात्र-छात्राओं ने ली बाल विवाह रोकने की शपथ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सत्यनारायण इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने बाल विवाह रोकने की शपथ ली। प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि बाल विवाह एक अभिशाप है।

जिस आयु के बच्चो को शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए उस आयु में उनका विवाह कर देना एक बड़ी कुप्रथा है। यद्यपि इसके लिए कानून है। किन्तु सामाजिक सहयोग के बिना इसे रोकना सम्भव नही है। छात्र-छात्राओं को इसके लिए विशेष रूप से जागरूक करना आवश्यक है। छात्र-छात्राओं ने बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ लेते हुए कहा कि बाल विवाह रोकने में वे पूरा सहयोग करेगे। मंच का संचालन अनिल कुमार कश्यप ने किया तथा सतीश आत्रैय ने छात्र-छात्राओं को शपथ ग्रहण कराई। इस अवसर पर घनश्याम सारस्वत, रामनाथ, शिव कुमार, फूल कुमार, लक्ष्मी गर्ग, नीतू अग्रवाल, ज्योति तायल आदि मौजूद रहे।

## धर्म अनुभूति को सत्य कहता है, शब्द को नहीः महाराज

**बडौत।** नगर में जैन समाज के अजितनाथ सभागार मंडी में मंगल प्रवचन देते हुए आचार्य विमर्श सागर महाराज ने कहा कि आत्मा की सफाई होने के उपरांत, आत्मा के दिव्य आसन में सत्य का देवता विराजमान हो जाता है। धर्म अनुभूति को सत्य कहता है, शब्द को नहीं, सत्य को शब्दों की बोतलों में कैद नहीं किया जा सकता है। शब्दों के माध्यम से जो भी कहा जाता है वह पूर्ण सत्य नहीं होता, क्योंकि शब्द जड़ है, मृत है, सीमित है।सत्य चेतन है, जीवन्त है, असीमित है। फिर भी जब तक व्यक्ति बाह्य सत्य से परिचित नहीं होता, तब तक वह अन्दर के सत्य से परिचय नहीं कर पाता। बाह्य सत्य अक्षरात्मक, गणितात्मक, घटनात्मक, भौगोलिक, ऐतिहासिक, जातीय, व्यवहारिक, ज्योतिष्क, सैद्धन्ति और आध्यात्मिक होता है।

## हाईवे निर्माण स्थल से एमएस प्लेट चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माणाधीन कार्य स्थल से लोहे की प्लेट चोरी होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित ठेकेदार द्वारा थानाभवन थाने में तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। सत्येन्द्र राणा पुत्र रणवीर सिंह निवासी ग्राम रौनी हरजीपुर, थाना चरथावल, जनपद मुजफ्फरनगर की SARA INFRA दिल्ली-देहरादून हाईवे पर ग्राम कुतुबगढ़ के सामने एनएचआई के तहत निर्माण कार्य करा रही है। पीड़ित के अनुसार हाईवे के चौनेंज संख्या 0700 पर रखी गई लोहे की एमएस की 6 प्लेटों को अज्ञात चोरों ने 6/7 जनवरी 2026 की रात चोरी कर लिया। पीड़ित ने बताया कि प्रत्येक प्लेट का वजन करीब 55 किलोग्राम है। चोरी की घटना से निर्माण कार्य प्रभावित हुआ है। मामले की जानकारी मिलने पर पीड़ित थाने पहुंचा और लिखित तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकद्दमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## किसानों का धरना दिन-रात जारी

**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत का डीएफओ कार्यालय पर चल रहा धरना-प्रदर्शन मंगलवार को दसवें दिन भी जारी रहा। वन विभाग के द्वारा किसानों पर किए गए अत्याचार व भ्रष्टाचार के खिलाफ किसानों का धरना कड़कड़ाती ठंड के बावजूद दिन-रात जारी है। किसानों ने मांगें पूरी होने तक धरना जारी रखने की बात कही है। धरने पर जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार, ब्लॉक उपाध्यक्ष रामेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष विजय पहलवान, मंडल उपाध्यक्ष वीरेश राणा, सोनू, अमित, प्रमोद, पप्पू, युसूफ, शगुन, सत्यपाल, विकार, जितेन्द्र, विजय, नीतू, पवन, मोनू, आशीष, मंडल उपाध्यक्ष चौधरी महेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## चिकित्सक ने गरीबों को कंबल बांटे

**नजीबाबाद।** नगर के डॉ. शादाब हुसैन (फिजियोथैरेपिस्ट) ने भीषण सर्दी में गरीबों को कम्बल देकर मानवता का सच्चा फर्ज निभाया है। उक्त चिकित्सक पंजाब में रहकर लोगों का इलाज करते हैं, उनमें शुरू से ही गरीब व बेसहारा लोगों की मदद करने का जज्बा फूट-फूटकर भरा हुआ है। कई दिन पहले वह अपने किसी काम से अपने शहर नजीबाद पहुंचे थे, जहां हर्षवाड़ा में मदरसे में उनके एक मरीज का फोन आया कि ठंड ज्यादा है, यहां ठंड से लोग कांप रहे हैं। यह सुनकर तुरंत मदरसे में लगने वाले आंखों के कैंप में पहुंचे, जहां पर उन्होंने देखा कि गरीब लोग भीषण ठंड में बाहर खड़े होकर लाइन में लग कर अपने नंबर का इंतजार कर रहे हैं, यह देखकर उनसे रहा न गया, तभी उन्होंने बाजार जाकर 50-60 कम्बल खरीदे तथा उक्त गरीब मरीजों को सर्दी से बचाने के लिए उन्हें वितरित किए। चिकित्सक ने बताया कि मानवता की सेवा करने में एक अलग ही मजा आता है, बेसहारा लोगों को कंबल बांटकर उनके दिल को एक अलग सुकून मिला है। कम्बल पाकर सभी मरीज काफी खुश हुए तथा उन्होंने डॉक्टर व उनकी टीम को दुआओं से नवाजा। उन्होंने शहर के अन्य लोगों से भी भीषण सर्दी में गरीबों को गर्म कपड़े बांटने की अपील की। इस मौके पर उनके साथ डॉक्टर खालिद, डॉक्टर ईसा, डॉ. जुबैर आसिफ, उमर आदि मौजदू रहे।

## कड़ाके की ठंड में चाय का वितरण

**धामपुर।** वित्तविहीन स्कूल प्रबंधन समिति बिजनौर द्वारा एक चाय स्टाल समिति के कार्यालय विश्व भारती पब्लिक स्कूल क्षत्रिय नगर में अत्यधिक ठंड से लोगों को राहत प्रदान करने हेतु लगाया गया। स्टॉल का शुभारंभ समिति के मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार, मंडल उपाध्यक्ष अजय कुमार, संरक्षक अनिल कुमार, जिला अध्यक्ष कुमार पाल ने फीता काटकर किया।

# महिला के घर फायरिंग का आरोपी मुठभेड़ में पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गंगेरू मार्ग स्थित रजवाहे की पुलिया पर पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। महिला के परिवार पर फायरिंग करने के मामले में वांछित एक आरोपी पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसके तीन साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस ने मौके से एक तमंचा, कारत. ूस और बिना नंबर की पल्सर बाइक बरामद की है। बुधवार देर शाम थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार पुलिस टीम के साथ गंगेरू मार्ग पर रजवाहे की पुलिया के पास संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक पल्सर बाइक पर सवार चार युवक आते दिखाई दिए। पुलिस द्वारा रुकने का इशारा करने पर बाइक सवारों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली एक बदमाश के पैर में जा लगी, जबकि



उसके तीन साथी मौके से फरार हो गए। घायल बदमाश को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम मुनेंद्र उर्फ कालू पुत्र फाले सिंह निवासी गांव इस्सोपुरटील बताया। अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला ने बताया कि आरोपी अपने चार अन्य साथियों के साथ मिलकर गांव की महिला ममता उर्फ मोनी के घर पर फायरिंग की घटना में मुख्य अभियुक्त शामिल था, जिसकी पुलिस तलाश कर रही थी। पुलिस आरोपी का आपराधिक इतिहास खंगाल रही है तथा फरार बदमाशों की तलाश में जुटी हुई है।

## शादी का झांसा देकर महिला से लाखों की ठगी का मुकदमा दर्ज

**कांधला।** गांव असदपुर जिडाना निवासी मीरा पुत्री राजवीर ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि 4 नवंबर 2025 को उसके मोबाइल फोन पर एक अज्ञात व्यक्ति का कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को मर्चेंट नेवी का कर्मचारी बताते हुए कहा कि वह पीड़िता से शादी करना चाहता है। ठग ने यह भी दावा किया कि उसकी पत्नी उसे छोड़कर उसके अधिकारी के साथ चली गई है और वह दिल्ली फ्लाइट से आ रहा है।पीड़िता के अनुसार, अगले दिन आरोपी ने फोन कर बताया कि उसे हवाई अड्डे पर कस्टम विभाग ने पकड़ लिया है और उसके पास मौजूद गहनों के बदले दो लाख रूपए की मांग की जा रही है। आरोपी की बातों में आकर पीड़िता झांसे में आ गई और उसके बताए खाते में एक लाख चार हजार रूपए ट्रांसफर कर दिए।कुछ समय बाद जब पीड़िता को अपने साथ ठगी का एहसास हुआ तो उसने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा आरोपी की तलाश और मामले की जांच की जा रही है।

# किशोरी के अपहरण के आरोप में तीन पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देकर एक युवक व उसके दो सहयोगियों पर उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के विरुद्ध अभियोग दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि विगत 2 जनवरी को उसकी 15 वर्षीय पुत्री को देवा पुत्र जयवीर निवासी ग्राम हलालपुर, थाना छपरौली, जनपद बागपत बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। आरोप है कि इस घटना में विक्की व पीपन पुत्र ओमवीर उसके सहयोगी हैं। परिजनों ने किशोरी को काफी तलाश किया, लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं लग सका।पीड़ित का आरोप है कि आरोपी उसकी पुत्री के साथ किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को अंजाम दे सकते हैं, जिससे परिवार में गहरी चिंता व्याप्त है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है और किशोरी तथा आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। किशोरी को जल्द बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# मेडिटेशन विषय पर प्रेरणादायक कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के बीएसएम स्कूल में ध्यान द्धमेडिटेशनत्र विषय पर एक विशेष एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों व शिक्षकों में मानसिक शांति, एकाग्रता तथा सकारात्मक सोच का विकास करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एक्सीलेंस बोर्ड, एकेडमिक प्रोजेक्ट, महर्षि वैदिक विश्वविद्यालय नीदरलैंड्स के को-ऑर्डिनेटर वैद्यनाथन विवेक ह्यूमन रहे। इस अवसर पर पीएस मलिक, डॉ। राजेंद्र गोयल, फ्लोरेंस एडीजी, रवि शंकर एवं रोहित भट्ट ने छात्र-छात्राओ को जागरूक किया। मुख्य अतिथि वैद्यनाथन विवेक ने मेडिटेशन के वैज्ञानिक लाभों और दैनिक जीवन में इसके सकारात्मक प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि नियमित ध्यान से एकाग्रता बढ़ती है, तनाव कम होता है और स्वास्थ्य में सुधार आता है। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने पूरे मनोयोग से ध्यान सत्र में भाग लिया। कार्यक्रम मे प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, मैनेजर छाया सिंह, चेयरमैन सूर्यवीर सिंह, उप-प्रधानाचार्य आशु पंडित ने बताया कि आज के तनावपूर्ण वातावरण में ध्यान और योग विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। इससे मानसिक संतुलन के साथ-साथ अध्ययन में एकाग्रता भी बढ़ती है। नियमित मेडिटेशन से बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच का विकास होता है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# जीएसटी विभाग की सचल दल प्रणाली समाप्त हो: घनश्याम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने जीएसटी विभागकी सचल दल प्रणाली को पूर्णत: समाप्त कर प्रदेश के व्यापारियों को जीएसटी के सचल दल विभाग अधिकारियों द्वारा किए जा रहे उत्पीड़न से राहत दिलाने की मांग दोहराई उन्होंने फोन पर लखनऊ में तैनात जीएसटी विभाग के अपर आयुक्त माननीय धनंजय शुक्ला जी से फोन पर वार्ता कर पुन: इस मांग को दोहराया कि प्रदेश में सचल दल प्रणाली पूर्णतया समाप्त होनी चाहिए क्योंकि सचल दल के अधिकारी केवल अपना टारगेट पूरा करने के उद्देश्य से व्यापारियों एवं उद्यमियों की गाड़ियों



को डिटेन्ड कर उन पर भारी टैक्स व पेनल्टी थोप कर उनका खुला उत्पीड़न कर रहे हैं विभाग को भी इस विभाग की कार्य प्रणाली से कोई लाभ नहीं मिल रहा है उन्होंने बताया कि उन्होंने सितंबर माह में लखनऊ में जाकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के द्वारा एक ज्ञापन के माध्यम से माननीय अपर आयुक्त महोदय धनंजय शुक्ला जी से सचल दल प्रणाली समाप्त करने की मांग की थी उन्होंने फोन पर वार्ता करते हुए कहां की विसवस्त सूत्रों से जानकारी मिली है कि जीएसटी विभाग शीघ्र ही सचल दल विभाग को समाप्त कर उसकी कार्य प्रणाली में परिवर्तन करने जा रहा है जिससे भविष्य में सचल दल व्यापारियों की गाड़ी डिटेन्ड कर उन पर छोटी-छोटी गलतियां पर भारी टैक्स नहीं थोप पाएंगे उन्होंने विभाग के इस निर्णय की सराहना करते हुए व्यापारियों की मांग का समर्थन बताते हुवे कहा कि सचल दल विभाग वास्तव में पूर्णतया समाप्त होने पर ही व्यापारियों को उत्पीड़न से लाभ मिलेगा और व्यापारियों को इंस्पेक्टर राज से राहत मिलेगा उधर विभाग को पहले से भी अधिक रेवेन्यू मिलेगा प्रदेश अध्यक्ष ने सचल दल विभाग की फंक्शनिंग कार्यप्रणाली में परिवर्तन करने को प्रदेश के व्यापारियों की एक जुटता का फल बताते बताते हुए कहा कि व्यापारी एकजुट रहेगा तो उसकी हर समस्या का समाधान व्यापार मंडल के मंच पर संभव होगा।

# मोबाइल व्यापारी से लूट से सनसनी

## पूर्व में भी रंगदारी की चिट्ठी मिली थी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर कोतवाली क्षेत्र के माजरा रोड पर बुधवार देर रात करीब आधा दर्जन युवकों ने मोबाईल व्यापारी से हथियारों के बल पर मारपीट व लूट की घटना को अंजाम दिया। हमले के बाद आरोपी युवक मौके से जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीडित व्यापारी ने अपना मेडिकल कराते हुए थाना आदर्शमंडी पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। मोबाईल व्यापारी को पूर्व में भी रंगदारी की चिटठी मिल चुकी है।



शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला ब्रहमणान निवासी दीपक बंसल कैराना स्थित अपनी मोबाईल की दुकान से गुरूवार देर रात्रि वापस लौटे थे। बताया जाता है कि देर रात्रि वह अपने साथी जतिन के साथ शहर के माजरा रोड पर खाना खाने के लिए गए थे। आरोप है कि इसी दौरान बुलट बाइक पर सवार दो युवकों ने गाली–गलौज की। बाद में दीपक व जतिन दुकान के अंदर जाकर खाना खाने लगे, लेकिन करीब दस मिनट बाद आठ से दस युवक तमंचे, पिस्टल व लाठी–डंडों से लैस होकर वहां पहुंचे और जान से मारने की नीयत से दोनों पर हमला कर दिया। हमलावरों ने दोनों को बुरी तरह पीटकर लहूलुहान कर दिया और दीपक बंसल की जेब से 70 हजार रूपए नकद तथा 22 ग्राम वजन की सोने की चेन लूट ली। पीड़ित का कहना है कि आरोपी उन्हें अधमरा छोड़कर फरार हो गए और जाते–जाते गोली मारने की धमकी देकर फरार हुए है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। मोबाईल व्यापारी दीपक बंसल को पूर्व में भी रंगदारी की चिटठी मिल चुकी है। जिसमें एक बदमाश गिरफ्तार भी किया गया था।



### नगर में अलाव जलवाकर राहगीरों व नगर के लोगों को दी राहत

**खुर्जा।** नगर पालिका के चेयरमैन व अधिशासी अधिकारी ने नगर मे सर्दी से बचने के लिए लकड़ी के अलाव जलवा कर राहगीरों व नगर के लोगो को दी राहत नगर में सर्द रात में ठंड बढ़ती ही जा रही है वह शाम होते ही कोहरा भी दिखाई दे रहा है पालिका अधिशासी अधिकारी ने नगर मुख्य चौराहे व सार्वजनिक स्थान जैसे नेहरू की चुंगी बस स्टैंड बड़ा मंदिर का चौराहा दाता राम चौराहा पदम सिंह गेट बिन्दा वाला चौक कबाड़ी वाला चौक अस्पताल रोड पदम की पुलिया बस स्टैंड के आदि के स्थान पर लकड़ी के अलाव जलवाने की व्यवस्था की है इस अलाव से नगर के लोगों को बड़ी राहत मिली है वह चलते–फिरते राहगीरों को भी राहत मिली है।

# वायरल वीडियो प्रकरण में तीन गिरफ्तार कर भेजे जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के बिजली घर रोड पर युवक के साथ मारपीट करने के मामले में हुई वीडियो वायरल प्रकरण में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।पुलिस फरार आरोपी की तलाश कर रही है।

कस्बे के बिजली घर रोड पर कई दिन पूर्व चार युवकों ने कासिम पुत्र अ"यूब के साथ लाठी डंडों से मारपीट की थी। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल हुआ था। पीड़ित युवक ने बिजली घर रोड निवासी साकिर,खालिद, फरमान व रिहान पुत्रगण सलीम के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुक.दमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। गुरुवार को पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए मारपीट के आरोपी साकिर, खालिद व फरमान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस फरार आरोपी की तलाश कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि बिजली घर रोड निवासी एक युवक के साथ चार लोगों ने मारपीट की थी, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। एक आरोपी फरार है शीघ्र ही उसको भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।



## पं. दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** विकासखंड क्षेत्र के गांव गढ़ी श्याम में गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शि. बिर का आयोजन किया गया। शिबिर में बड़ी संख्या में पशुपालकों ने अपने पशुओं को लेकर पहुंचकर सेवाओं का लाभ उठाया। पशु चिकित्सकों द्वारा दर्जनों पशुओं की जांच की गई तथा आवश्यक दवाइयां निरूशुल्क वितरित की गई।शिबिर का शुभारंभ पशु चिकित्सक डॉ. धीरेंद्र सिंह एवं डॉ. धर्मेंद्र सिंह द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर पशुपालकों को पशुओं के स्वास्थ्य, टीकाकरण, पोषण एवं रोगों से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही सरकार द्वारा पशुपालकों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर उनका अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया गया। शिविर में 273 पशुओं की निशुल्क जांच की गई और उन्हें बुखार सहित खलीली, कीड़ों की दवाई वितरित की गई। कार्यक्रम में तेजपाल, अनुज कुमार, अशोक कुमार, संजीव कुमार, योगेश शर्मा, राजीव सिंह, प्रवीण कुमार, आस मोहम्मद सहित ग्रामीण व पशुपालक मौजूद रहे।



# डीएम के निर्देश पर प्रस्तावित सड़कों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर पालिका परिषद द्वारा कस्बे में सड़क निर्माण कराए जाने के उद्देश्य से एक दर्जन से अधिक सड़कों के निर्माण प्रस्ताव शासन को भेजे गए हैं। इन प्रस्तावों के संबंध में जिलाधिकारी शामली अरविंद चौहान के निर्देश पर गठित टीम ने गुरुवार को कस्बे में पहुंचकर प्रस्तावित सड़कों का निरीक्षण किया।

बीते दिनों नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक के दौरान कस्बे की जर्जर व क्षतिग्रस्त सड़कों के निर्माण को लेकर एक दर्जन से अधिक प्रस्ताव सर्वसम्मति से मंजूर किए गए थे। लंबे समय से सड़क निर्माण न होने के कारण कस्बे के लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जिसको लेकर नागरिक लगातार सड़क निर्माण की मांग उठा रहे है।



गुरुवार को जिलाधिकारी के आदेश पर गठित टीम के नायब तहस. ीलदार सतीश यादव, अवर अभियंता राहुल कुमार, अधिशासी अधिकारी पूर्णिमा सिंह, कानूनगो धर्मवीर सिंह सहित नगर पालिका परिषद के अन्य अधिकारी व कर्मचारी प्रस्तावित सभी सड़कों का बारीकी से निरीक्षण कर उनकी वर्तमान स्थिति का जायजा लिया।

इस मौके पर नायब तहसीलदार सतीश यादव ने बताया कि नगर पालिका परिषद द्वारा शासन को भेजे गए सड़क निर्माण प्रस्तावों के संबंध में जिलाधिकारी के निर्देशानुसार स्थलीय निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के आधार पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर जिलाधिकारी को सौंप दी जाएगी, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### महिला का परिवार से कराया मिलन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रेलवे पुलिस थाना टपरी द्वारा 4 जनवरी को एक महिला प्रभुजी को अपना घर आश्रम शामली में भर्ती कराया गया था। महिला प्रभुजी को हैंड कांस्टेबल नीरज व अमित कुमार द्वारा आश्रम लाया गया, जहां उन्होंने अपना नाम सृष्टि यादव बताया, लेकिन अन्य कोई जानकारी नहीं दे सकीं। आश्रम के शांत वातावरण और सेवा भाव के चलते कुछ ही दिनों में प्रभुजी की मानसिक स्थिति में सुधार होने लगा। इसके बाद उन्होंने अपने घर जाने की इच्छा जताई और अपना पता गांव नारायणपुर, जिला लखीसराय ढ्ढबिहारत्रद्व बताया। आश्रम प्रबंधन द्वारा दिए गए पते के आधार पर इंटरनेट के माध्यम से वहां के ग्राम प्रधान का संपर्क नंबर प्राप्त किया गया। ग्राम प्रधान से संपर्क कर प्रभुजी की जानकारी दी गई और उनसे सहयोग का अनुरोध किया गया। लगभग दो घंटे बाद ग्राम प्रधान ने प्रभुजी के परिजनों से संपर्क करवा दिया। इसके बाद प्रभुजी की बातचीत उनकी माता मंजू देवी से कराई गई। बातचीत के दौरान मां–बेटी के बीच भावुक पल देखने को मिले और दोनों बेहद खुश नजर आईं। प्रभुजी की माता ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट बिहार के रामगढ़ थाना में पहले ही दर्ज करा रखी है। गुरूवार को माता मंजू देवी, उनके मौसा धनेश्वर यादव तथा थाना रामगढ़ से पुलिसकर्मी अरविंद कुमार सिंह अपना घर आश्रम शामली पहुंचे। आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर महिला को अपने साथ ले गए।

# आमजन को बनाया ट्रैफिक वार्डन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पुलिस अधीक्षक जनपद शामली एन।पी। सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शामली सुमित शुक्ला के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत जनपद शामली में सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाने, आमजन के अमूल्य जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा यातायात व्यवस्था को अधिक सुरक्षित, अनुशासित एवं सुव्यवस्थित बनाए जाने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर जन–जागरूकता एवं सहभागिता आधारित अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है ।



थाना थानाभवन व थाना झिंझाना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रों में विशेष सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए । इन कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को ट्रैफिक वार्डन (यातायात प्रहरी) के रूप में स्वेच्छा से जुड़ने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे समाज की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ किया जा सके । कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा नागरिकों को ट्रैफिक वार्डन की भूमिका, दायित्व एवं महत्व के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई । बताया गया कि ट्रैफिक वार्डन न केवल यातायात नियमों के पालन में पुलिस का सहयोग करते हैं, बल्कि सड़क पर अनुशासन बनाए रखने, दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम करने, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में यातायात को सुचारु बनाए रखने तथा आमजन को नियमों के प्रति जागरूक करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं । इसके साथ ही नागरिकों को यह भी अवगत कराया गया कि ट्रैफिक वार्डन समाज और पुलिस के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करते हैं। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन, नशे की अवस्था में वाहन न चलाने, मोबाइल फोन का प्रयोग करते हुए वाहन न चलाने, गलत दिशा में वाहन न चलाने तथा पैदल यात्रियों को प्राथमिकता देने जैसे महत्वपूर्ण यातायात नियमों के प्रति भी विस्तार से जानकारी दी गई । आमजन को यह संदेश दिया गया कि यातायात नियमों का पालन केवल कानूनी दायित्व ही नहीं, बल्कि स्वयं एवं दूसरों के जीवन की सुरक्षा के लिए आवश्यक है। शामली पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई कि वे जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनकर स्वयं यातायात नियमों का पालन करें तथा ट्रैफिक वार्डन बनकर या अन्य माध्यमों से सड़क सुरक्षा अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाएं । आमजन की भागीदारी से ही सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाकर सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं अनुशासित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सकती है। जनपद शामली पुलिस द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह.2026 के अंतर्गत चलाया जा रहा यह अभियान न केवल दुर्घटनाओं की रोकथाम की दिशा में एक सशक्त पहल है, बल्कि समाज में यातायात नियमों के प्रति स्थाई जागरूकता एवं उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है।



# बाल विवाह की रोकथाम के लिए धर्म गुरुओं के साथ की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, नई दिल्ली से प्राप्त निर्देशों तथा जिला. धिकारी शामली अरविंद कुमार चौहान के आदेशों के अनुपालन में दिनांक 08 जनवरी, 2026 को जिला प्रोबेशन अधिकारी मोहम्मद मुशफेकीन के नेतृत्व में पुलिस थाना गढ़ीपुख्ता में बाल विवाह मुक्त समाज की दिशा मे धर्म गुरूओ के साथ बैठक कर जगरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद शामली में ह्बाल विवाह मुक्त भारतह्व अभियान दिनांक 27 नवंबर, 2025 से 8 मार्च, 2026 तक संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि सभी धार्मिक नेता एवं विभिन्न धर्मो के श्रद्धालु समुदाय, मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, गिरजाघर एवं अन्य धार्मिक स्थलों एवं विवाह संबंधी सेवा प्रदाता जैसे मैरिज हॉल, बैंक्विट हॉल, बैंड पार्टी, डीजे, कैटरर्स, फोटोग्राफर, टेंट हाउस आदि को बाल विवाह के दुष्परिणामों, कानूनी प्रावधानों तथा सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग से मति पारुल चौधरी ने बताया कि बाल विवाह विवाह का एक ऐसा प्रकार है, जिसमें लड़की की आयु 18 वर्ष से कम एवं लड़के की आयु 21 वर्ष से कम होने के बावजूद विवाह कर दिया जाता है, जो कि पूर्णत: गैरकानूनी है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह से बालिकाओं के शारीरिक, मानसिक एवं शैक्षिक विकास पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। 18 वर्ष से कम आयु में बालिकाओं का तथा 21 वर्ष से कम आयु में बालकों का विवाह कराना कानूनन अपराध है, जिसके लिए 02 वर्ष तक का कठोर कारावास अथवा घ्1,00,000 तक का जुर्माना या दोनों का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त बाल विवाह में सम्मिलित सभी व्यक्तिकृजैसे बराती, फोटोग्राफर, टेंटध्कैटरिंग संचालक, मौलवीध्पंडित, बैंड संचालक आदि के विरुद्ध भी विधिक कार्यवाही करते हुए FIR दर्ज की जा सकती है। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि जनपद में जिला प्रोबेशन अधिकारी को जिला बाल विवाह निषेध अधिकारी नामित किया गया है। धर्मगुरु एवं अन्य उपस्थित लोगों को बाल विवाह न करने एवं समाज में इसके विरुद्ध जागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई गई।

# नॉ हेलमेट नॉ फ्यूल के तहत किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** No Helmet No Fuel अभियान के अंतर्गत जनपद शामली में सड़क सुरक्षा को और अधिक सु.ढ़ करने के उद्देश्य से यातायात पुलिस शामली द्वारा एक व्यापक, सघन एवं प्रभावी जन–जागरूकता अभियान संचालित किया गया।

पुलिस अधीक्षक जनपद शामली एनपी सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शामली सुमित शुक्ला के मार्गदर्शन में आज दिनांक 8.1.2026 को जनपद शामली में यातायात पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाने, आमजन के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा यातायात व्यवस्था को अधिक सुरक्षित, अनुशासित एवं सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से No Helmet No Fuel अभियान के अंतर्गत व्यापक सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं सख्त प्रवर्तन अभियान निरंतर संचालित किया गया। इसी क्रम में जनपद के विभिन्न प्रमुख एवं व्यस्त स्थानों जैसे धीमानपुरा फाटक, विजय चौक, एस.टी. तिराहा, विक्की मोड सहित अन्य मुख्य चौराहों पर यातायात पुलिस शामली द्वारा विशेष सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान दोपहिया वाहन चालकों, पेट्रोल पंप संचालकों, वाहन स्वामियों एवं आम नागरिकों को हेलमेट के अनिवार्य प्रयोग, यातायात नियमों के पालन तथा सड़क सुरक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया गया।

# एकमुश्त समाधान योजना को विद्युत विभाग ने किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** प्रदेश सरकार द्वारा बिजली के बकाया उपभोक्ताओं के लिए एकमुश्त समाधान योजना को तीन चरणों में लागू किया गया है। यह योजना एक दिसंबर से शुरू होकर 28 फरवरी 2026 तक प्रभावी रहेगी। योजना के तहत बकाया राशि पर सरचार्ज में छूट दी जा रही है। झिंझाना क्षेत्र के विद्युत उपकेंद्र केरटू अंतर्गत गांव बिडौली सादात में बृहस्पतिवार को विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा ग्रामीणों को योजना के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान ऊर्जा निगम के अपर अभियंता संजीव सौरभ ने ग्रामीणों को योजना की विस्तृत जानकारी दी। अपर अभियंता ने बताया कि सरकार बकाया बिजली बिल जमा करने पर उपभोक्ताओं को सरचार्ज में छूट प्रदान कर रही है। इसके साथ ही बिजली चोरी के मामलों में बकाया बिल जमा करने पर जुर्माने में भी राहत दी जा रही है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे समय रहते अपने बकाया बिजली बिल जमा कर योजना का लाभ उठाएं। इस अवसर पर बाबूराम, बबलू कुमार, प्रमोद कुमार, बिजेंद्र कुमार सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।



## अभियुक्तों को कोर्ट ने सुनाई सजा व अर्थदंड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप शामली पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी पैरवी करते हुए 1 मामले में 2 अभियुक्तों को न्यायालय के माध्यम से सजा तथा कुल 40,000/– रूपए अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। वर्ष 2020 में अभियुक्त 1. मोनू पुत्र किरणपाल, 2. सागर पुत्र सतेन्द्र निवासीगण ग्राम लांक थाना कोतवाली जनपद शामली के विरूद्ध थाना कोतवाली शामली पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। न्यायालय द्वारा अभियुक्तगण उपरोक्त को आजीवन कठोर कारावास एवं 20,000/–20,000/–रूपए (प्रत्येक को) अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर 3 माह का अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

# श्रीमद्भागवत कथा में भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं व कालिया नाग उद्धार का भावपूर्ण वर्णन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बे में चल रही मद् भागवत कथा के अंतर्गत आज के दिन कथा स्थल पर भक्तिमय और उल्लासपूर्ण वातावरण देखने को मिला। कथा के दौरान भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का मनो. हारी और भावपूर्ण वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।



कथावाचक द्वारिका प्रसाद ने भगवान कृष्ण की बाल्यावस्था की लीलाओं का वर्णन करते हुए बताया कि किस प्रकार नंदलाल की भोली मुस्कान, माखन चोरी और ग्वाल–बालों के साथ की गई लीलाएं भक्तों के मन में प्रेम और भक्ति का संचार करती हैं। उन्होंने कहा कि बाल लीलाएं यह संदेश देती हैं कि ईश्वर सदा अपने भक्तों के समीप रहते हैं और उनके कष्ट हर लेते हैं।

कथा के प्रमुख प्रसंग में भगवान कृष्ण द्वारा कालिया नाग के उद्धार का विस्तार से वर्णन किया गया। कथावाचक ने बताया कि किस प्रकार कालिया नाग के विष से यमुना का जल विषैला हो गया था, जिससे ब्रजवासियों का जीवन संकट में पड़ गया था। भगवान कृष्ण ने अपनी लीला के माध्यम से कालिया नाग के अहंकार को समाप्त किया और उसे यमुना से बाहर भेजकर जीवनदान दिया। इस प्रसंग के माध्यम से कथावाचक ने यह संदेश दिया कि अहंकार और अधर्म का अंत निश्चित है तथा करुणा और भक्ति से ही मुक्ति संभव है। कथा के दौरान भजन–कीर्तन और जयकारों से पूरा पंडाल गूंज उठा। बड़ी संख्या में महिला–पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिन्होंने श्रद्धा और ध्यान के साथ कथा का श्रवण किया। अंत में सामूहिक आरती कर क्षेत्र की सुख–समृद्धि, शांति और सभी श्रद्धालुओं के कल्याण की कामना की गई।

# ऑपरेशन सवेरा: नशे से दूर रहने के दिए टिप्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** ऑपरेशन सवेरारू नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर अभियान के अंतर्गत नशा–मुक्त समाज के निर्माण के उद्देश्य से जनपद में व्यापक, सुसंगठित, उद्देश्यपूर्ण एवं अत्यंत प्रभावी जन–जागरूकता कार्यक्रमों का सतत संचालन किया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक जनपद शामली एन।पी। सिंह के कुशल निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के प्रभावी मार्गदर्शन में जनपद शामली पुलिस द्वारा नशा–मुक्त समाज के निर्माण के उद्देश्य से ऑपरेशन सवेरा नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर अभियान को निरंतर, व्यापक एवं प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है ।



इसी क्रम में आज थाना गढ़ीपुख्ता पुलिस द्वारा कस्बा गढ़ीपुख्ता में आमजन के बीच पहुंचकर नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें ग्रामीणों, युवाओं एवं स्थानीय नागरिकों को नशे से होने वाले गंभीर दुष्प्रभावों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा यह संदेश स्पष्ट रूप से दिया गया कि नशा पूरे परिवार, समाज एवं राष्ट्र की प्रगति में भी गंभीर बाधक है।

### चौकी प्रभारी ने ली संभ्रांत नागरिकों की बैठक

**ऊन।** पुलिस अधीक्षक शामली एन।पी। सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह.2026 के अंतर्गत जनपद शामली में सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाने, आमजन के अमूल्य जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा यातायात व्यवस्था को अधिक सुरक्षित, अनुशासित एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से शामली पुलिस द्वारा व्यापक सड़क सुरक्षा, यातायात जागरूकता एवं सख्त प्रवर्तनात्मक कार्यवाही का अभियान निरंतर, योजनाबद्ध एवं परिणामोन्मुखी रूप से संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में क्रिटिकल कॉरिडोर टीम के प्रभारी सतीश सिंह ने ऊन चौकी पर संभ्रांत व्यक्तियों की बैठक आयोजित की जिसमें यातायात सुरक्षा के उपाय के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# सैनी व कश्यप समाज के लोगों के बीच हुआ जमकर संघर्ष, तीन घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सैनी एवं कश्यप समाज के लोगों के बीच कहासुनी के चलते जमकर संघर्ष हुआ। इसमें तीन लोग घायल हो गए, जिन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बवाल को देखते हुए मौके पर पांच थानों का पुलिस फोर्स बुलाना पडा, जिसके बाद हालात काबू हुए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर 26 नामजद और 10 अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है, जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष के भतीजे व सभासद कुलदीप सैनी भी शामिल है।

विवाद की शुरुआत बुधवार दोपहर हुई। मोहल्ला सराय मालियान निवासी विनय ने बताया कि दोपहर में वह भाई के साथ जंगल से घास लेकर घर जा रहा था। रास्ते में एक प्लॉट में सैनी समाज के कुछ युवक खेल रहे थे। गेंद आकर उसके सिर में लगी। इसे लेकर उसकी युवकों से कहासुनी हुई। इस दौरान पीछे से आए युवक ने डंडे से उसके सिर पर हमला कर दिया, जिसमें वह घायल हो गया। विनय के मुताबिक मेडिकल कराने के बाद पुलिस को तहरीर दी गई थी। आरोप है कि इसकी जानकारी दूसरे पक्ष को लगी और रात के समय भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. महेंद्र सैनी के भतीजे व सभासद कुलदीप सैनी के साथ काफी संख्या में लोग इकट्ठा होकर आए और विनय के फलों की ठेली को पलट दिया। इसके बाद दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए। कुछ ही देर में दोनों ओर से पथराव और फायरिंग होने लगी, जिससे लोगों में दहशत फैल गई।

पथराव में दोनों पक्षों के विनय, नितिन और रोहन घायल हुए हैं। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और लोगों को समझाने के प्रयास किए, लेकिन स्थिति काबू नहीं हुई। हालात काबू करने के लिए बडगांव, नानौता, नकुड और नागल समेत पांच थानों की पुलिस फोर्स बुलानी पड़ी। एसपी देहात सागर जैन मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाकर शांत किया।

पुलिस ने दो केस कश्यप समाज की तहरीर पर दर्ज किए हैं। इसमें मोहल्ला सराय काहरान निवासी विशाल की तहरीर पर सभासद कुलदीप सैनी, अनुज, विकास, संगीत, सागर, सोनू व दस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। दूसरा केस कश्यप समाज के ही विवेक की ओर से किया गया। जिसमें सौरभ, अनुज उर्फ लेफ्टी, हिमांशु, रजत, अभिषेक, अरुण, अंकित, निखिल, आनंद उर्फ बादशाह, गौरव, अंकित, मुकेश उर्फ मलिंगा नामजद किए गए हैं। जबकि सैनी समाज की ओर से पुलिस ने मोहल्ला सैनी सराय निवासी सुरजीत की तहरीर पर पूर्व सभासद खेमकरण कश्यप, मोहर सिंह, सोमनाथ. अमन. जसवंत, अभिषेक, हेमंत और अर्जुन के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है।



# सांसद ने नगर व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंच जनसमस्याओं को सुना। इस दौरान मीडिया से वार्ता करते हुए उन्होंने जहां बांग्लादेश पर केंद्र सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाए वहीं इशारों ही इशारों में इंडिया गठबंधन में शामिल सपा मुखिया पर भी संभल और दिल्ली में मस्जिदों की घटनाओं पर खामोशी पर मुस्लिम समाज को सिर्फ वोट बैंक समझने का आरोप लगाया।



देर शाम रशीदिया मस्जिद स्थित फैजान हास्पिटल के संचालक साद सिद्दीकी के आवास पर मीडिया कर्मियों से वार्ता करते हुए कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर केंद्र सरकार की चुप्पी असहसीनय है। कहा कि सरकार देश में बांग्लादेश के पुतले जलवा रही है जबकि विदेश मंत्री बांग्लादेश के मंत्रियों से हाथ मिला रहे हैं। कहा कि सरकार का दोहरा रवैया हिंदुओं का तुष्टीकरण है। इमरान मसूद ने उमर खालीद और शरजील इमाम की जमानत न होने पर उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से स्वत ही संज्ञान लेने को कहा। कहा कि एक सुप्रीम कोर्ट कह रहा है कि जमानत नियम है और न देना अपवाद है। दिल्ली और संभल में मस्जिदो और मदरसों पर बुलडोजर चलाए जाने को देश में नफरत का ऐंजड़ा चलाया जा रहा है। इमरान ने कहा कि वह कांग्रेस के सिपाही है और अपनी पार्टी के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने इशारों ही इशारो में अखिलेश यादव पर तंज करते हुए कहा कि मुसलमानों को वोट बैंक समझने वाले मस्जिदों, मदरसों और उमर खालीद पर खामौश है लेकिन उनकी बोलती आवाज को बंद कराने के लिए अपने चंगू-मंगू उनके पीछे लगा दिए हैं। कहा कि इनके नेताओं को मुसलमानों की बोलती आवाज पसंद नहीं है। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस सचिव राहत खलील, कांग्रेस जिलाध्यक्ष संदीप राणा, डा. रागिब अंजुम, अमहद गौड, पूर्व पालिकाध्यक्ष पुत्र जमाल अंसारी, रियाज महमूद, अय्यूब बेग, सोनू कुरैशी, नदीम सीए, खुशनसीब, ताज उस्मानी और माज नबी आदि मौजूद रहे। इसके अलावा कालीपार क्षेत्र में गांव फुलास हसनैन प्रधान, सांपला बक्काल में साबिर प्रधान और तिघरी गांव में रईस प्रधान के यहां जनसमस्याएं सुनी।

# शकील अंसारी को राजकीय सम्मान के साथ दी अंतिम विदाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) में तैनात इंस्पेक्टर शकील अंसारी का लंबी बिमारी के चलते निधन होने की सूचना से नगर एवं परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। देखते ही देखते मौहल्ला पठानपुरा स्थित उनके आवास पर श्रद्धांजलि अर्पित करने वालो का तांता लग गया। पूरे राजकीय सम्मान के साथ तिरंगे में लपेटकर उन्हें अंतिम विदाई दी गई। इस दौरान आरपीएफ के जवानों की ओर से शकील अहमद को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।



मोहल्ला पठानपुरा निवासी 55 वर्षीय शकील अहमद की तैनाती पीलीभीत में थी। लीवर की बीमारी के चलते पिछले करीब 22 दिनों से वह दिल्ली के आईएलबीएस हॉस्पिटल में भर्ती थे। बुधवार को उनके निधन की खबर से नगर में शोक की लहर दौड़ गई। बृहस्पतिवार को तिरंगे में लिपटा उनका पार्थिक शरीर देवबंद स्थित आवास पर लाया गया। इस दौरान वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। दारुल उलूम की आहत-ए-मोलसरी में नमाज-ए-जनाजा अदा कराई गई। गुंबद वाला कब्रिस्तान में आरपीएफ के जवानों ने शकील अहमद को गार्ड अर्घफ ऑनर देकर अंतिम विदाई। जिसके बाद उन्हें सुपूर्द-ए-खाक किया गया। नमाज़-ए-जनाज़ा में हाजी अकील अंसारी, तारिक अंसारी, महबूब अंसारी, जाहिद अंसारी, अय्यूब बैग, सदर अंसारी, नदीम अंसारी, वाजिद अंसारी, शाहिद अंसारी आदि नगर व मौहल्लेवासी शामिल रहे। आरपीएफ अधिकारियों व जवानों ने शकील अंसारी को एक कर्तव्यनिष्ठ, ईमानदार और अनुशासित अधिकारी बताया। कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में पूरी निष्ठा और साहस के साथ देश व विभाग की सेवा की। कांग्रेस सांसद इमरान मसूद, पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग, राहत खलील, पूर्व विधायक माविया अली, जमालुद्दीन अंसारी, शायर डॉ. नवाज देवबंदी, अधिवक्ता नसीम अंसारी, नजम उस्मानी, आरिफ अंसारी, मुमताज मलिक, सईद अंसारी, सलाउद्दीन, अय्यूब बेग, सपा नेता हैदर अली, सपा नगर अध्यक्ष रमजानी कुरैशी, सपा नेता इस्राईल गौड, शाहनवाज सिद्दीकी उर्फ मुन्ना, यासिर तैय्यब उस्मानी, सऊद उस्मानी, शहजाद कुरैशी मुन्ना, तौहीद गौड, अहमद कुरैशी ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें खिराज-ए-अकीदत पेश की।



## खतरनाक स्टंटबाजी का वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र में रील बनाने और सोशल मीडिया पर मशहूर होने के चक्कर में युवा अपनी जान दांव पर लगाने से बाज नहीं आ रहे हैं। ताजा मामला हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव धौरिया का है। जहाँ ट्रैक्टरों के साथ किये गये खतरनाक स्टंट का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि कुछ युवक दो ट्रैक्टरों के बीच ताकत का प्रदर्शन कर रहे हैं। और उन्हें अगले पहियों से उठाकर हवा में नचा रहे हैं। कोतवाल प्रेमपाल सिंह के अनुसार, वीडियो के आधार पर युवकों की पहचान की जा रही है। हसनपुर कोतवाली प्रभारी ने स्पष्ट किया है कि पहचान होते ही दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## हैल्पिंग हैंड्स ने गरीबों को बांटी सामग्री

**मंडी धनौरा।** हेल्पलिंग हैंड्स धनौरा (रजि.) की ओर से माघ मास के पावन अवसर पर बृजघाट गंगा तट पर सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था की अध्यक्ष सृष्टि अग्रवाल ने कहा कि हेल्पलिंग हैंड्स का उद्देश्य जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाना है। संसाधन सीमित होने के बावजूद संस्था लगातार सेवा कार्य कर रही है। वहीं महासचिव सिम्मी अग्रवाल ने बताया कि सेवा कार्यों में अभी कम लोग सहयोग के लिए आगे आ रहे हैं, लेकिन संस्था के सदस्य पूरे समर्पण के साथ कार्य कर रहे हैं।

# सनप्लाजा मार्केट में लगी भीषण आग, लाखों का नुकसान

## शार्ट सर्किट से लगी आग ने मचाया तांडव, कई दुकानें आई चपेट में, दमकल ने पाया काबू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शहर कोतवाली क्षेत्र के बटवाल तिराहे स्थित सन प्लाजा मार्केट में गुरुवार तड़के भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। शॉर्ट सर्किट से लगी आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे मोबाइल, आरओ समेत करीब दस दुकानों में भारी नुकसान हो गया। आग की लपटें और धुएं का गुबार देख आसपास के लोगों में अफरातफरी मच गई। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि घटना के समय मार्केट बंद थी, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। अग्निकांड में लाखों रूपये नुकसान होने का अंदेशा जताया जा रहा है।

**■ मोबाइल व आरओ की दुकानों को भारी नुकसान, सीओ सिटी ने लिया घटना का जायजा**




शहर कोतवाली क्षेत्र में बटवाल तिराहे पर सन प्लाजा मार्केट है। जिसमें बेसमेंट के अलावा एक मंजिल पर दुकानें बनी हुई हैं। मार्केट में डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव तोहफापुर निवासी राजकुमार की आरओ की दुकान है जबकि शशिकांत गोयल मार्केट में मोबाइल की दुकान चलाते हैं। इसके अलावा इस मार्केट में कंप्यूटर व अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान की एक दर्जन से अधिक दुकानें हैं। रोजाना की तरह बुधवार रात सभी दुकानदार अपनी-अपनी दुकानें बंद कर घर चले गए थे। मार्केट के सामने एक ट्रांसफार्मर भी रखा हुआ है। घटना गुरुवार तड़के लगभग चार बजे की है। अचानक हुए शॉर्ट सर्किट से पूरी मार्केट में आग लग गई। थोड़ी देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। दुकानों से निकली लपटें आसमान छूने लगी, आसमान में धुएं का गुबार छा गया। लपटें उठती देख आस-पास घरों में रहने वाले लोग घबराकर बाहर निकल आए। मोहल्ले में अफरातफरी मच गई। सूचना मिलते ही शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची, हालत देख होश फना हो गए। इसके बाद तुरंत दमकल टीम को बुला लिया। थोड़ी देर में मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। दमकल कर्मियों ने पुलिसकर्मियों व स्थानीय लोगों की मदद से करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक आग दस दुकानों में तबाही मचा चुकी थी। जानकारी मिलते ही सीओ सिटी अभिषेक यादव भी मौके पर पहुंचे तथा अग्निकांड की जानकारी ली। सीओ ने बताया कि आग में मोबाइल और आरओ समेत तीन दुकानों में ज्यादा नुकसान हुआ है। गनीमत रही कि अग्निकांड तड़के में हुआ, उस वक्त मार्केट बंद थी, अन्यथा बड़ा हादसा भी हो सकता था। आर्थिक तौर पर लोगों का नुकसान हुआ है, कोई जनहानि नहीं हुई है।

# कारोबारी के खाते से चार लाख उड़ाए

**जोया।** साइबर अपराधियों ने कारोबारी का मोबाइल फोन हैक कर इंडियन ओवरसीज बैंक स्थित खाते से चार लाख रुपये की रकम निकाल ली। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मामला कस्बा जोया से जुड़ा है। मोहल्ला पधानो वाला में मोहम्मद सादिक का परिवार रहता है। पेशे से वह कारोबारी है। उनका खाता अमरोहा शहर में स्थित इंडियन ओवरसीज बैंक की शाखा में है। एफआईआर के मुताबिक 30 दिसंबर 2025 की रात को साइबर अपराधियों ने उनका मोबाइल फोन हैक कर लिया। करीब नौ बजे उनके इनबॉक्स में कई ओटीपी आए थे, लेकिन उन्होंने कोई ध्यान नहीं दिया था। बाद में जब उनके मोबाइल पर खाते से पैसे निकाले जाने का अलर्ट मैसेज आया तो उनके होश उड़ गए। साइबर अपराधियों ने उनके खाते से पांच बार में चार लाख रुपये निकाल लिए। धनराशि दूसरे खातों में ट्रांसफर की गई थी। पीड़ित ने तत्काल 1930 हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद तुरंत कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी। इसके अलावा एक शिकायती पत्र अगले दिन एसपी कार्यालय में भी दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों को जल्दी ही ट्रेस कर लिया जाएगा।

## इंस्टाग्राम पर युवती की फर्जी आईडी बनाने वाले युवक पर मुकदमा दर्ज

**मीरापुर।** क्षेत्र के एक ग्राम में एक युवती की फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाए जाने का मामला सामने आया है। इस घटना को लेकर पीड़िता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।मीरापुर थाना क्षेत्र के एक ग्राम निवासी एक युवती की पहले से इंस्टाग्राम आईडी बनी हुई थी, जिसे उसने काफी समय से बंद कर रखा था। आरोप है कि उसी गांव के रहने वाले आदेश कुमार पुत्र सुरेंद्र गौतम ने युवती के नाम से फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बना ली। आरोपी युवक ने उस फर्जी आईडी से युवती की तस्वीरें और कुछ वीडियो अपलोड कर दिए, जिससे उसकी सामाजिक छवि को ठेस पहुंची। जब युवती को इस फर्जी आईडी के बारे में जानकारी हुई तो उसने आरोपी युवक से इस संबंध में बात की, लेकिन आरोपी ने उसके साथ अभद्र व्यवहार किया और मामले को हल्के में लिया। इसके बाद युवती ने मीरापुर थाने में पहुंचकर पूरे प्रकरण की लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर मीरापुर पुलिस ने आरोपी युवक के विरु) संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि फर्जी सोशल मीडिया आईडी बनाना गंभीर अपराध है और दोषी पाए जाने पर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस घटना से गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग सोशल मीडिया के दुरुपयोग को लेकर चिंता जता रहे हैं।

# अवैध खनन मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस ने लोडर किया सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** क्षेत्र में अवैध खनन के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। एक जनवरी को चेकिंग के दौरान एसडीएम की कार ट्रैक्टर-ट्रॉली और डंपर का पीछा करते समय खंदक में पलट गई थी। पुलिस ने खनन में इस्तेमाल लोडर के साथ दो लोगों को पकड़ा है, जिन्होंने पूछताछ में मुख्य आरोपी के लिए काम करने की बात स्वीकार की है।

एक जनवरी को नौगावां सादात एसडीएम अवैध खनन की सूचना पर गांव पीलाकुंड के जंगल में चेकिंग के लिए गई थीं। उनके साथ सीओ अवधभान भदौरिया व अन्य स्टाफ भी था। टैक्टर-ट्राली व डंपर का पीछा करते हुए उनकी कार खंदक में पलट गई थी। इस मामले में हल्का लेखपाल अरुण कुमार की तहरीर पर खेत स्वामी सोनिका व नरेश कुमार निवासी पीलाकुंड, लोकेश यादव निवासी गांव नसीर नंगला के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। जिस खेत से मिट्टी का खनन किया जा रहा था वह सोनिका के नाम है तथा लोकेश यादव इस मिट्टी का अवैध खनन करा कर नरेश के प्लाट में डाल रहा था। हालांकि अभी तक इस मामले में पुलिस किसी भी आरोपित को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। जबकि बुधवार रात को चेकिंग के दौरान पुलिस ने शमशा उर्फ शमशाद तथा नूर मोहम्मद उर्फ नूरे निवासी सैदपुर इम्मा को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से खनन में प्रयोग होने वाला लोडर भी बरामद किया है। पूछताछ के दौरान दोनों ने बताया कि वह लोकेश यादव के लिए अवैध खनन का काम करते हैं। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि दोनों आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली है। लोडर को सीज कर दिया है। अन्य आरोपितों को भी जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# हजरत अली की तालीमात को आम करने की ज़रूरत

## हक्कानी के अजाखाने में मौलूद-ए-काबा की ओर से मनकबती महफिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** अंजुमन-ए-जश्ने मौलूद-ए-काबा के संयोजन में बुधवार रात शहर के मोहल्ला हक्कानी स्थित इमाम बारगाह हुसैनिया में आल इंडिया मनकबती महफिल का आयोजन किया गया। जिसमें शायरों ने हजरत अली की शान में अपना बेहतरीन कलाम पेश किया। कड़ाके की ठंड में भी श्रोता देर रात तक महफिल में डटे रहे। शिया धर्मगुरु मौलाना डॉ.शाहवर हुसैन नकवी की सदारत में हुई इस महफिल में मौलाना सफदर रजा इमामी ने अपनी तकरीर में हजरत अली की जिंदगी पर रोशनी डाली। कहा कि हजरत अली की जिंदगी हमें सच्चाई का साथ देने और शिक्षा हासिल करने का पैगाम देती है।



महफिल का आगाज मोहम्मद अब्बास ने तिलावत कलाम-ए-पाक से किया। जिसके बाद बस्ती से आए हुए नामवर शायर सुहैल बस्तवी ने नात-ए-पाक पेश की। इसके बाद मुशायरे में मारूफ सिरसवी, शबरोज कानपुरी, नौशा अमरोहवी, आजम सुल्तानपुरी, मौलाना फाजिल जरेलवी, कुमैल मेहदी, इरम बनारसी, काजिम जर्चवी, शबीह गोपालपुरी, नग्मी कीरतपुर, सज्जाद बिजनौरी, जौहर शिकारपुर, फरोग एहसन खां, फराज अर्शी, फुरकान अमरोहवी, डॉ.आसिम, डॉ. लाडले रहबर, नाजिम हुसैन आरिफ, अरमान हैदर, प्रोफेसर नाशिर नकवी, अशरफ फराज, रिजवान अब्बास आदि शायरों ने अपना कलाम पेश किया। संचालन वसीम अमरोहवी ने किया। मंच पर मौलाना डॉ.अहसन अख्तर सरोश, मौलाना शहवार, मौलाना इमामी, मौलाना मजहर अब्बास रहे। महफिल के अंत में मौलाना डॉ.शहवार हुसैन ने दुआ कराई। कार्यक्रम में विशेष रूप से मोहम्मद जफर, ताजदार हुसैन नकवी, गुफरान मेहदी नकवी, अफसर अमरोहवी, कैप्टन अशर रजा तकवी, जिया काजमी, लियाकत अमरोहवी, ताजदार अमरोहवी आदि मौजूद रहे।

# पालिका ने सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** सरकारी जमीन पर किये गये अतिक्रमण को पालिका ने जेसीबी की मदद से ध्वस्त करा दिया। साथ ही चेतावनी दी कि आगे इस जमीन पर कब्जे की कोशिश की तो मुकदमा दर्ज कराया जायेगा। गुरुवार को नगर पालिका परिषद क्षेत्र में स्थित शासकीय भूमि पर किये गये अवैध निर्माण को पालिका अधिकारियो द्वारा ध्वस्त कर उस पर किये जा रहे कब्जे को जेसीबी द्वारा हटा दिया गया।

जानकारी देते हुए पालिका उप नगरायुक्त डॉ. बृजेश कुमार द्वारा बताया गया की नगर के धनोरा रोड पर निजामपुर गर्बी मे स्थित भूमि जो विशुद्ध रूप से ग्राम समाज शासकीय भूमि है। उस भूमि में शमशान भी स्थित है। पालिका सीमा विस्तार के उपरांत इस भूमि का स्वामित्व नगर पालिका परिषद अमरोहा मे निहित है। इसी भूमि मे शासन द्वारा कल्याण मंडप का निर्माण कराया गया है। पालिका द्वारा इसी भूमि पर जीर्णोद्धार कार्य भी कराये जा रहे हैं। पूर्व मे भी पालिका द्वारा इस भूमि पर हुए कब्जे को हटवाया गया था। इस अवसर पर कर अधीक्षक, अवर अभियंता, राजस्व निरीक्षक, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सहित बड़ी संख्या मे पालिका स्टॉफ उपस्थित रहा।




**कार्यालय नगर पालिका परिषद, देवबन्द जनपद सहारनपुर।**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद देवबन्द में निम्नलिखित सूची में दिए गए साक्ष्यों के आधार पर उनके सामने अंकित संपत्ति संख्या पर अपना बतौर स्वामी नाम दर्ज करने हेतू प्रार्थना पत्र दिये हैं। उक्त के नामांतरण की कार्यवाही हेतू सूचना जारी की जाती है। यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्यों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के तीस दिन (30 दिन) के अंदर कार्यालय नगर पालिका परिषद देवबन्द में किसी भी कार्य दिवस में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र0 स0 | नाम दाखिल कराने वाले का नाम | कर पंजिका में दर्ज नाम | मौहल्ला/सम्पत्ति सं0 |
|---|---|---|---|
| 1. | इशरत जहां पत्नी नसीर अंसारी | एजाजुल हसन पुत्र अली हसन | सरायमालियान-562/24 |
| 2. | नसीर अंसारी पुत्र मकसूद | मौ. मरगूब मौ. अय्यूब | बडजियाउलहक-306 |
| 3. | रूपल पत्नी अरूण कुमार | एकता शर्मा पत्नी सुनील कुमार | जोशीवाडा-227 |
| 4. | सुरेंद्र कुमार पुत्र मामचंद | मामचंद पुत्र जाहिरया | रविदास मार्ग-370 |
| 5. | मुजाहिरा पत्नी मौ. नसीम | विक्रेता वसीम अहमद पुत्र इसराईल | पठानपुरा-क-नया |
| 6. | सीबा अग्रवाल पत्नी स्व. आशुतोष अग्रवाल, परी अग्रवाल नाबालिग व अनाया अग्रवाल नाबालिग पुत्रीगण स्व. आशुतोष अग्रवाल संरक्षक अनिल उपाध्याय पुत्र रोढामल | आशुतोष अग्रवाल पुत्र योगेन्द्र प्रकाश | चाहपारस-318 चाहपारस-318/1 चाहपारस-320 बाजाल कलां-47 |
| 7. | शबनम प्रवीन पत्नी नौशाद अली | हबीब पुत्र मजीद | सरायपीजादगान-471 |
| 8. | वसीम पुत्र यासीन | यासीन पुत्र अल्लारक्खा | बडजियाउलहक-209 |

दैनिक शाह टाइम्स
समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें 9837487334

# हम श्रीलंका में विश्व का खेलना चाहते हैं: बांग्लादेश

## बांग्लादेश के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने बीसीबी की मांग को दोहराया




**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 में बांग्लादेश के मुकाबलों को भारत से श्रीलंका स्थानांतरित करने की बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) की मांग को दोहराया है। उन्होंने कहा कि बीसीबी सुरक्षा संबंधी चिंताओं की गंभीरता के बारे में आईसीसी को समझाने का प्रयास करेगा और उन्होंने साथ ही इस मामले को बांग्लादेश की गरिमा से संबंधित भी बताया। नजरुल ने मंगलवार को आईसीसी और बीसीबी की चर्चा के बाद आईसीसी द्वारा प्राप्त हुए संदेश पर बात करते हुए कहा कि आज आईसीसी का पत्र पढ़ने के बाद हमें यह समझ आया कि आईसीसी को भारत में बांग्लादेशी क्रिकेटरों की सुरक्षा संबंधी समस्या की गंभीरता का पूर्ण रूप से एहसास नहीं है।

मेरा मानना है कि यह सिर्फ़ सुरक्षा ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय अपमान का भी मामला है। बीसीसीआई खुद कोलकाता (नाइट राइडर्स) की टीम से कह रहा है कि इस खिलाड़ी को सुरक्षा नहीं दी जा सकती इसलिए उसे बाहर कर दें। यह अपने आप में इस बात की मौन स्वीकृति है कि भारत में खेलना बहुत सुरक्षित नहीं है।

बांग्लादेश के फ़िलहाल अपने पहले तीन ग्रुप मुकाबले कोलकाता जबकि अंतिम मुक. ाबला मुंबई में खेलना है। दोनों देशों के बीच बिगड़ते संबंधों के बीच बिना कोई स्पष्ट कारण बताए बीसीसीआई द्वारा केकेआर को मुस्तफ़िज़ुर रहमान को रिलीज करने का निर्देश दिए जाने के बाद वेन्यू को लेकर समस्या खड़ी हो गई। मुस्तफ़िज़ुर को हटाए जाने के बाद बांग्लादेश ने अपने देश में आईपीएल के प्रसारण पर रोक लगा दी और बीसीबी ने भारत में विश्व कप मुकाबले न खेलने को लेकर आईसीसी को पत्र भी लिखा। इस मुद्दे पर मंगलवार को बीसीबी की आईसीसी के साथ बातचीत हुई और बुधवार सुबह बीसीबी ने बयान जारी करते हुए आईसीसी द्वारा मिली किसी भी चेतावनी का खण्डन किया। इसके साथ ही बीसीबी ने कहा कि वह इस मामले पर आईसीसी के साथ व्यवहारिक समाधान तलाशने का प्रयास करेगा। हालांकि बुधवार को ही नजरुल ने बांग्लादेश के भारत में विश्व कप मुकाबले न खेलने की इच्छा को दोहराया। नजरुल ने कहा कि हम भारत में सांप्रदायिक स्थिति के बारे में कुछ नहीं कहना चाहते लेकिन जब बात हमारे खिलाड़ियों की सुरक्षा, बांग्लादेश की सुरक्षा और गरिमा की बात आती है तो हम कोई समझौता नहीं करेंगे। हम क्रिकेट खेलना चाहते हैं, हम विश्व कप खेलना चाहते हैं लेकिन हम श्रीलंका में खेलना चाहते हैं जो कि अन्य मेजबान देश है। हम अपने इस रुख पर कायम हैं क्योंकि हमें उम्मीद है कि हम आईसीसी को समझाने के प्रयास में सफल होंगे और आईसीसी हमारे तर्क को निष्पक्ष रूप से स्वीकार करेगा और हमें विश्व कप में खेलने का मौका देगा। आगे जो भी होता है हम उसके अनुसार रुख अख्तियार करेंगे। अभी के लिए हमारे रुख यही है कि हम आईसीसी को यह समझाएंगे कि भारत में हमारे खेलने के लिए हालात सही नहीं हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में नजरुल के साथ मौजूद बीसीबी अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम ने कहा कि सुरक्षा संबंधी चिताएं केवल टीम तक ही सीमित नहीं हैं और बोर्ड विश्व कप के संबंध में सरकार की सलाह का पालन करेगा। हम आईसीसी को समझाने का प्रयास करेंगे, सुरक्षा से संबंधी घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं। आपको पता है कि हाइब्रिड वर्ल्ड कप आयोजित किए जाने का मुख्य कारण सुरक्षा है।

# संक्षिप्त खेल समाचार

## चीन की झेंग किनवेन ऑस्ट्रेलिया ओपन से हटीं

**वुहान, वार्ता।** चीन की ओलंपिक चैंपियन झेंग किनवेन ने गुरुवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन से हटने की घोषणा की है, उन्होंने कहा कि वह अभी तक अपनी पसंदीदा प्रतिस्पर्धी स्थिति में नहीं पहुंची हैं। झेंग ने सोशल मीडिया पर एक बयान पोस्ट किया, जिसमें कहा गया कि यह फैसला उनकी टीम द्वारा सावधानीपूर्वक मूल्यांकन और मेडिकल सलाह के बाद लिया गया है। हालांकि झेंग ने कहा कि उनकी रिकवरी अच्छी तरह से हो रही है और उनका ऑफ-सीजन सुचारू रूप से चला गया है, उन्होंने कहा कि ग्रैंड स्लैम में प्रतिस्पर्धा करने के लिए खिलाड़ियों को अत्यधिक प्रतिस्पर्धी स्थिति में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि फिलहाल, मैं अभी तक उस सर्वश्रेष्ठ स्थिति में नहीं पहुंची हूं जो मैंने अपने लिए तय की है। झेंग ने इस वापसी को अविश्वसनीय रूप से कठिन बताया।

## तिलक की हुई सर्जरी न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलने पर संशय

**नई दिल्ली, वार्ता।** मंगलवार को राजकोट में बंगाल के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफ़ी मुकाबले के बाद दर्द की शिकायत के बाद भारतीय बल्लेबाज तिलक वर्मा के पेट के निचले हिस्से में सर्जरी की गई है। तिलक को तत्काल ही स्कैन कराने की सलाह दी गई जिसके बाद उनकी सर्जरी हुई। अब आने वाले कुछ दिनों में उनके बीसीसीआई सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस में रिपोर्ट करने की उम्मीद है। इससे उबरने में और उनकी वापसी की समय का अनुमान उनकी दोबारा जांच के बाद ही लगाया जा सकेगा। तिलक को हुई इंजरी के समय को देखते हुए 21 जनवरी से शुरू हो रही न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी-20आई सीरीज में उनके न खेल पाने की संभावना प्रबल है। तिलक भारत के टी-20 विश्व कप दल का भी हिस्सा हैं।

# दानिल मेदवेदेव, कोर्डा मिशेलसेन क्वार्टरफाइनल में

● **मेदवेदेन ने 61 मिनट में 6-3 6-2, से आसान जीत दर्ज करने के रास्ते में अपने पहले सर्व पॉइंट्स का 91 प्रतिशत (31/34) जीता**

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** दानिल मेदवेदेव ने ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में फांसिस टियाफो के खिलाफ अपना शानदार लेक्सस एटीपी हेड2हेड रिकॉर्ड बनाए रखा और अपने 90वें टूर-लेवल क्वार्टर-फाइनल में पहुंचे।

मेदवेदेव को बुधवार को हुए इस मुकाबले में कोई ब्रेक पॉइंट का सामना नहीं करना पड़ा और उन्होंने 61 मिनट में 6-3, 6-2 से आसान जीत दर्ज करने के रास्ते में अपने पहले सर्व पॉइंट्स का 91 प्रतिशत (31/34) जीता। शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी, जो इस सप्ताह अपनी 22वीं टूर-लेवल ट्रॉफी का पीछा कर रहे हैं, अब इस जोड़ी की हेड2हेड श्रृंखला में टियाफो से 6-1 से आगे हैं, उनकी सभी सात भिड़ंत हार्ड कोर्ट पर हुई हैं। मेदवेदेव की ब्रिस्बेन में अच्छी यादें हैं, क्योंकि वह 2019 में अपने एकमात्र पिछले मुकाबले में फाइनल तक पहुंचे थे। एटीपी रैंकिग में नंबर 13 खिलाड़ी ने 2026 के अपने पहले दो मैचों में अभी तक एक भी सेट नहीं हारा है और वह कामिल माजच्रजाक के खिलाफ भी इसी फॉर्म को जारी रखने की कोशिश करेंगे। पोलिश खिलाड़ी ने रेली ओपेल्का को 6-7(2), 7-6(7), 7-6(8) से हराया, और तीन मैच प्वाइंट बचाए। दो अच्छे दोस्तों के बीच मुकाबले में, अमेरिकी एलेक्स मिशेलसेन ने अपने हमवतन लर्नर टिएन को 6-4, 6-2 से हराया। 21 साल के एलेक्स ने अपनी किशोरावस्था में टिएन के साथ ट्रेनिग की थी और जेद्दा में 13 महीने पहले अपनी पहली मुलाकात के बाद से नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल्स खेला।

# वर्ल्ड चैंपियन मीनाक्षी, निकहत व हितेश आसानी से सेमीफाइनल में पहुंचे



**नई दिल्ली, वार्ता।** देश के टॉप बॉक्सर, जिनमें वर्ल्ड चैंपियन मीनाक्षी हुड्डा, दो बार की वर्ल्ड चैंपियन निकहत जरीन, वर्ल्ड बॉक्सिग कप गोल्ड मेडलिस्ट हितेश गुलिया और अन्य शामिल हैं, गुरुवार को गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी, ग्रेटर नोएडा में अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में आसान जीत के साथ एलीट पुरुष और महिला नेशनल बॉक्सिग चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंच गए। यह पहली बार है कि पुरुष और महिला नेशनल चैंपियनशिप एक ही जगह पर एक साथ हो रही हैं और देश भर से 600 बॉक्सर पुरुष और महिलाओं के लिए 10-10 वेट कैटेगरी में हिस्सा ले रहे हैं। ऑल इंडिया पुलिस की मीनाक्षी (महिलाओं का 45-48 किग्रा) ने पंजाब की कशिश मेहता को 5:0 से हराया, जबकि निकहत (48-51किग्रा) ने मणिपुर की लांचेनबी चानू टोंगब्रम को इसी अंतर से हराया। पुरुषों के 65-70किग्रा क्वार्टर फाइनल में, हितेश ने पंजाब के तेजस्वी को 5:0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। वर्ल्ड बॉक्सिग कप फाइनल के सिल्वर मेडलिस्ट पवन बर्तवाल (पुरुषों का 50-55किग्रा), जादुमणि सिंह (50-55किग्रा) और सचिन (55-60किग्रा) सभी ने अपने मुकाबलों में सर्वसम्मत फैसले से जीत हासिल की। पवन ने अरुणाचल प्रदेश के टायसन को हराया, जादुमणि ने पंजाब के निखिल को और सचिन ने उत्तर प्रदेश के करण को हराया। महिलाओं के 51-54 किग्रा क्वार्टर फाइनल में, प्रीति ने पंजाब की हरमीत कौर विर्क को 5-0 से हराया, जबकि साक्षी ने आरएसपीबी की पूनम को 4-1 से हराया।

# सिंधु, चिराग-सात्विक क्वार्टरफाइनल में




● **पुरुष वर्ग के एकल के प्री क्वार्टर मुकाबले में लक्ष्य सेन सीधे गेम में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए**

**कुआलालम्पुर, वार्ता।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिधु ने जापान की आठवीं सीड टोमोका मियाजाकी को गुरूवार को हराकर सुपर 1000 इवेंट मलेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। वहीं चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की जोड़ी भी युगल वर्ग क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं जबकि पुरुष वर्ग के एकल के प्री क्वार्टर मुकाबले में लक्ष्य सेन सीधे गेम में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। यहां स्टेडियम एक्सियाटा एरिना में खेले गए मुकाबले में पूर्व वर्ल्ड चैंपियन सिधु ने पहला गेम 21-8 से जीता और दूसरे गेम में भी यही लय बनाए रखते हुए मैच 21-13 से अपने नाम किया। यह दुनिया की नंबर 18 पीवी सिधु की टोमोका मियाजाकी के खिलाफ तीन मैचों में दूसरी जीत थी। क्वार्टर फाइनल में सिधु का मुक. ाबला चीन की गाओ फांग जी और जापान की तीसरी सीड अकाने यामागुची के बीच होने वाले मैच की विजेता से होगा। बैडमिंटन रैंकिग में 13वें स्थान पर मौजूद लक्ष्य सेन 53 मिनट में हांगकांग के दुनिया के18 नंबर खिलाड़ी ली चेउक यिउ से 22-20, 21-15 से हार गए। 24 साल के भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने सकारात्मक शुरुआत की, ब्रेक तक 11-9 की बढ़त बनाए रखी और पहले गेम में उनके पास चार गेम पॉइंट भी थे। हालांकि ली चेउक यिउ ने लगातार छह पॉइंट हासिल किए, जिससे लक्ष्य सेन टाई-ब्रेक में पहला गेम हार गए। दूसरे गेम में, लक्ष्य सेन ब्रेक तक 11-8 से आगे थे, लेकिन बाकी मैच में सिर्फ चार और अंक जोड़ पाए, क्योंकि ली चेउक यिउ ने मैच पर नियंत्रण कर लिया और अगले राउंड में पहुंच गए। यह ली चेउक यिउ के खिलाफ पांच मैचों में लक्ष्य सेन की तीसरी हार है। आयुष शेट्टी भी अपना प्री-क्वार्टर फाइनल मैच हार गए, जिससे बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट में भारत की पुरुष एकल चुनौती समाप्त हो गई। चीन के टॉप सीड और विश्व चैंपियन शी युकी के खिलाफ, आयुष शेट्टी एक घंटे और 12 मिनट में 21-18, 18-21, 21-12 से हार गए। इस बीच, भारत की शीर्ष युगल जोड़ी चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। मलेशिया के जुनैदी आरिफ और याप रॉय किंग के खिलाफ खेलते हुए चिराग शेट्टी और सात्विक ने यह मैच 21-18, 21-11 से जीत लिया।

# वहेंगबाम सुधीर ने जीता स्वर्ण पदक



● **19 वर्षीय सुधीर ने गंडा स्पर्धा में मणिपुर को खेलो इंडिया बीच गेम्स 2026 में राज्य का पहला स्वर्ण पदक दिलाया**

**दीव, वार्ता।** मणिपुर के वहेंगबाम सुधीर मीतेई ने केआईबीजी 2026 की पेंचक सिलाट स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। 19 वर्षीय सुधीर ने न केवल चुनौतियों पर काबू पाया, बल्कि प्रेमचंद्र एन्गखोम के साथ मिलकर गंडा स्पर्धा में मणिपुर को खेलो इंडिया बीच गेम्स 2026 में राज्य का पहला स्वर्ण पदक भी दिलाया। मुकाबले के बाद सुधीर ने कहा कि यह मेरा पहला खेलो इंडिया बीच गेम्स था और आने से पहले मैंने अपने माता-पिता से वादा किया था कि मैं स्वर्ण पदक लेकर लौटूंगा। फाइनल के दौरान कुछ पल ऐसे थे जब घबराहट हुई, क्योंकि माता-पिता से हुई सारी बातें मेरे दिमाग में चल रही थीं। लेकिन मुझे खुशी है कि मैं गोल्ड जीत सका। सुधीर के मुताबिक, दीव का अनुभव उनके करियर की अब तक की सबसे कठिन परीक्षा था। वह कहते हैं कि हम आमतौर पर रेत पर प्रदर्शन करने के आदी नहीं हैं, इसलिए यह एक बड़ी चुनौती थी। लेकिन यह एक नया अनुभव था और मैंने हर पल का आनंद लिया। मैंने हमेशा खेलो इंडिया मंच के बारे में सुना था, लेकिन इसे खुद अनुभव करना बेहद खास रहा। और स्वर्ण पदक के साथ लौटना इसे और भी यादगार बना देता है। इंफाल की प्रसिद्ध नवांग स्पोर्ट्स अकादमी के प्रशिक्षित खिलाड़ी सुधीर उसी संस्थान से निकले हैं, जिसने भारत को गंडा इवेंट में बिशन और जॉनसन के रूप में एकमात्र अंतर्राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता दिए हैं। 2018 में सीनियर खिलाड़ियों से प्रेरित होकर सुधीर ने पेंचक सिलाट शुरू किया और जल्द ही राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई। उन्होंने जूनियर नेशनल्स में 45-50 किग्रा टांडिग श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता।

# ऑस्ट्रेलिया ने एशेज सीरीज 4-1 से जीती

## एलेक्स कैरी ने विजयी बाउंड्री लगाकर मैच और सीरीज अपने नाम कर ली




**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर पांचवें और आखिरी टेस्ट में इंग्लैंड को पांच विकेट से हराकर एशेज सीरीज 4-1 से अपने नाम कर ली, जिससे गर्मियों में उनका दबदबा दिखा। आखिरी दिन 160 रन के टारगेट का पीछा करते हुए, ऑस्ट्रेलिया ने 31.2 ओवर में पांच विकेट पर 161 रन बनाए, जिसमें एलेक्स कैरी ने विजई बाउंड्री लगाकर मैच और सीरीज अपने नाम कर ली।

इससे पहले, जैकब बेथेल के शानदार 154 रन के बावजूद इंग्लैंड अपनी दूसरी पारी में 342 रन पर आउट हो गया, जिन्हें उनकी मैराथन पारी के लिए स्टैंडिंग ओवेशन मिला। मिचेल स्टार्क ने एक बार फिर अहम झटका दिया, सीरीज को 31 विकेट के साथ खत्म किया, जब इंग्लैंड के आखिरी खिलाड़ी जोश टंग को मार्नस लाब. ुशेन ने वाइड मिड-ऑफ पर कैच कराया। उस्मान ख्वाजा (6), स्टीव स्मिथ (12) और लाबुशेन (37) के आउट होने से ऑस्ट्रेलिया का लक्ष्य कुछ देर के लिए डगमगा गया, लेकिन कैमरन ग्रीन (नाबाद 22) के शानदार स्ट्रोकप्ले और कैरी (नाबाद16) के धैर्य ने पक्का किया कि देर से कोई अलार्म नहीं बजा।

हेड को टेस्ट में उनके असर के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जबकि स्टार्क को गेंद से लगातार बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। सीरीज का फैसला असल में बहुत पहले ही हो गया था, जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने पहले तीन टेस्ट जीतकर 11 दिनों के अंदर एशेज अपने पास रखी थी। पर्थ में शुरुआती टेस्ट में, जो एक तीखी पिच पर खेला गया था, इंग्लैंड पहले दिन 172 रन पर आउट हो गया, जब स्टार्क ने सात विकेट लेकर मेहमान टीम को ढेर कर दिया। पहली इनिग में बढ़त लेने के बाद इंग्लैंड ने थोड़ी बढ़त हासिल कर ली थी, लेकिन दूसरी इनिग में उनकी आक्रामक बैटिंग का तरीका उल्टा पड़ गया। ख्वाजा के चोटिल होने के कारण ऑस्ट्रेलिया को ट्रैविस हेड के साथ ओपनिग करनी पड़ी, इस कदम ने सीरीज को बदल दिया। हेड ने 69 गेंदों में सेंचुरी बनाई और ऑस्ट्रेलिया दो दिन के अंदर 1-0 से आगे हो गया।

ब्रस्बेन में दूसरे टेस्ट में स्टार्क ने पिक बॉल से अपना प्यार जारी रखा, पहले दिन छह विकेट लिए। जो रूट ने ऑस्ट्रेलिया में अपना पहला टेस्ट शतक बनाया, लेकिन इंग्लैंड की फील्डिग ने उन्हें निराश किया क्योंकि उन्होंने पांच कैच छोड़े और ऑस्ट्रेलिया को 177 रन की अहम बढ़त बनाने दी। विल जैक्स और बेन स्टोक्स के ज्यादा कंजर्वेटिव अप्रोच से इंग्लैंड ने हार थोड़ी देर टाल दी, लेकिन जोफ्रा आर्चर और स्मिथ के बीच जबरदस्त मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में रहा और मेजबान टीम 2-0 से आगे हो गई। एडिलेड में तीसरे टेस्ट में, पैट कमिस कप्तान के तौर पर लौटे जबकि स्मिथ नहीं खेल पाए, जिससे ख्वाजा को वापस बुलाया गया।

# विजय हजारे ट्रॉफी: पंजाब ने मुंबई को 1 रन से हराया

● **गुरनूर बराबर-मयंक मार्कंडेय की घातक गेंदबाजी की बदौलत पंजाब ने मुंबई को हराया**

**जयपुर, वार्ता।** गुरनूर बरार और मयंक मार्कंडेय (चार-चार) विकेट की घातक गेंदबाजी की बदौलत पंजाब ने गुरुवार को विजय हजारे ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी मुकाबले में मुम्बई पर एक रन से रोमांचक जीत दर्ज की। यहां मुम्बई ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब की पूरी टीम मुम्बई के गेंदबाजी आक्रमण के आगे 45.1 ओवर में 216 के स्कोर पर सिमट गई। पंजाब के लिए रमनदीप सिंह ने सर्वाधिक 72 रनों की पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में पांच चौके और तीन छक्के लगाए। अनमोलप्रीत सिंह ने छह चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 57 रन बनाए। नमन धीर (22), सुखदीप सिंह बाजवा (17), हरप्रीत बराड़ (15) और प्रभसिमरन सिंह (11) रन बनाकर आउट हुए। कप्तान अभिषेक शर्मा (आठ) सहित पांच बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंचे सके। मुम्बई के लिए मुशीर खान ने तीन विकेट लिए। ओंकार तरमाले, शशांक अतारडे और शिवम दुबे को दो-दो विकेट मिले। साईराज पाटिल ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी मुम्बई के लिए अंगकृष रघुवंशी और मुशीर खान की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 57 रन जोड़े। इन दोनों बल्लेबाजों को गुरनूर बरार ने आउट किया। अंगकृष रघुवंशी ने (23) और मुशीर खान ने 21 रन बनाए। सरफराज खान एक बार फिर आतिशी बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए महज 20 गेंदों में पांच छक्के और सात चौके लगाते हुए 62 रन ठोक डाले। 15वें ओवर में उन्हें मयंक मार्कंडेय ने पगबाधा आउट किया। सूर्यकुमार यादव और शिवम दुबे का बल्ला भी नहीं चला। सूर्यकुमार यादव (15) और शिवम दुबे 12 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। एक समय मुम्बई ने 22-3 ओवरों में छह विकेट पर 210 रन बना लिए थे और उसे जीत के लिए सात रनों की दरकार थी। 25वें ओवर में हरनूर सिंह ने हार्दिक तामोरे (15) को आउटकर मुम्बई की मुश्किल को बढ़ा दिया। अगले ही ओवर में हरप्रीत ने साईराज पाटिल (एक) को बोल्डकर मुम्बई को आठवां झटका दिया। 27वां ओवर करने आए मयंक मार्कंडेय ने शशांक और ओंकार को बिना खाता खोले ही पवेलियन भेजा।

## दिल्ली ने हरियाणा को नौ विकेट से रौंदा

**बेंगलुरु, वार्ता।** इशांत शर्मा, नवदीप सैनी और प्रिंस यादव (तीन-तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद नीतीश राणा (नाबाद 57) और वैभव कांडपाल (नाबाद 28) की पारियों की बदौलत दिल्ली ने गुरुवार को विजय हजारे ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मुकाबले में हरियाणा को 219 गेंदे शेष रहते नौ विकेट से रौंद दिया। इशांत शर्मा को उनकी बेहतरीन गेंदबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। यहां टॉस जीतकर दिल्ली ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी हरियाणा के बल्लेबाज इशांत शर्मा की अगुवाई में दिल्ली के गेंदबाजी आक्रमण के आगे अधिक देर तक नहीं टिक सके और उनकी पूरी टीम 25.4 ओवर में महज 105 रन के स्कोर पर ढेर हो गई।

## सरफराज खान ने लिस्ट 'ए' क्रिकेट में जड़ा सबसे तेज अर्द्धशतक

**जयपुर, वार्ता।** सरफराज खान ने विजय हजारे ट्रॉफी के सातवें राउंड में पंजाब के खिलाफ लिस्ट ए क्रिकेट में भारत की ओर से सबसे तेज अर्द्धशतक लगाया। जयपुर के जयपुरिया विद्यालय मैदान पर 217 के लक्ष्य का पीछे करते हुए मुशीर खान और अंगकृष रघुवंशी ने 8-2 ओवर में 57 रनों की साझेदारी करते हुए मुंबई को मजबूत शुरुआत दिलाई। अपने भाई के आउट होने के बाद बल्लेबाजी करने आए सरफराज ने आते ही स्पिनरों पर धावा बोल दिया।उन्होंने पंजाब के कप्तान अभिषेक शर्मा के एक ओवर में तीन छक्के और तीन चौके जड़े और इसके बाद उन्होंने बाएं हाथ के स्पिनर हरप्रीत बराड़ के खिलाफ पांच गेंदों में 19 रन बटोर लिए। सरफराज ने महज 15 गेंदों पर अपना अर्द्धशतक पूरा किया और जब उन्हें मंयक मार्कंडे ने पगबाधा किया तब वह सात चौकों और पांच छक्कों की मदद से 20 गेंदों पर 62 रन बना चुके थे। इस उपलब्धि के साथ सरफराज खान ने महाराष्ट्र के अभिजीत काले और बड़ौदा के अतीत सेठ के संयुक्त रिकॉर्ड को तोड़ा।

# 2027 एशेज सीरीज खेलने को लेकर आश्वस्त नहीं हैं स्टीव स्मिथ



**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान स्टीवन स्मिथ ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के उम्रदराज खिलाड़ियों का समूह 2027 एशेज खेलने को लेकर उत्सुक है लेकिन वह खुद को लेकर आश्वस्त नहीं हैं कि वह उस सीरीज का हिस्सा हो पाएंगे या नहीं क्योंकि तब तक वह 38 के हो जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया ने सिडनी में सबसे उम्रदराज टीमों में से एक टीम के साथ जीत हासिल करते हुए एशेज पर 4-1 से कब्जा जमाया। टेस्ट इतिहास में अब तक सिर्फ़ सात बार कोई टीम 30 से अधिक की उम्र के 10 खिलाड़ियों के साथ खेली है और ऑस्ट्रेलिया ने इस सीरीज में दो बार (पर्थ और सिडनी में) ऐसा किया। अन्य पांच बार ऐसा करने वाली टीम इंग्लैंड थी जो 1909 से 1926 के बीच 30 से अधिक की उम्र के 10 खिलाड़ियों के साथ मैदान में उतरी थी। इस सीरीज की शुरुआत से पहले ऑस्ट्रेलिया में शामिल उम्रदराज खिलाड़ियों पर सवाल उठे थे लेकिन 35 वर्षीय मिचेल स्टार्क प्लेयर ऑफ द सीरीज बने जबकि 36 वर्षीय स्कॉट बोलैंड ने सभी पांच टेस्ट खेले और उन्होंने 24-95 की औसत से 20 विकेट हासिल किए। वहीं 35 वर्षीय माइकल नीसर ने भी अहम भूमिका निभाते हुए तीन टेस्ट में 19.93 की औसत से 15 विकेट झटके। ऑस्ट्रेलियाई दल के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी 39 वर्षीय उस्मान ख्वाजा ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया लेकिन स्मिथ से पूछा गया कि अन्य खिलाड़ी 2027 में इंग्लैंड में खेलने के लिए कितने उत्सुक हैं। स्मिथ ने कहा कि इंग्लैंड में दो ड्रॉ एशेज सीरीज खेलने के बाद यह एक ऐसी चीज (इंग्लैंड में एशेज जीतना) है जिसे वह हासिल करना चाहेंगे लेकिन फ़िलहाल वह अनिश्चित हैं।

स्मिथ ने फ़ॉक्स क्रिकेट से कहा कि मैं आश्वस्त हूं कि हर कोई वहां जाकर खेलना चाहता है और एशेज जीतने के लिए अपना 100 फ़ीसदी देना चाहता है। यह एक ऐसी चीज है जिसे मैंने अपने करियर में नहीं किया है इसलिए मैं निश्चित तौर पर हासिल करना चाहता हूं। हालांकि मैं वहां खेलने जा पाऊंगा या नहीं यह एक अलग सवाल है। पिछले चार या पांच वर्षों से हमारे पास एक बेहतरीन दल है और मुझे विश्वास है कि हम आगे विकसित होते रहेंगे और बेहतर करते रहेंगे।

# आईएमए, डीएम व सीएमओ ने वितरित किए स्वेटर

## सर्दी के मौसम में इण्डियन मैडिकल एसोसिएशन का राजकीय इन्टर कालेज में चला अभियान




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सर्दी के मौसम में बच्चों को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए आज विभिन्न विद्यालयों में जिलाधिकारी मनीष बंसल एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार की देखरेख में स्वेटर्श वितरित किए गए।

आईएमए सहारनपुर के सदस्यों ने आज गवर्मेंट इंटर कॉलेज, नेहरू मार्केट में छात्र-छात्राओं को स्वेटर्श वितरित किए। आईएमए अध्यक्ष डॉ प्रवीण शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि आईएमए हमेशा ही समाज सेवा में अपना योगदान देता आया है उसी क्रम में आज छात्रों में गर्म कपड़े वितरण का यह पहला चरण है आने वाले दिनों में अन्य सरकारी स्कूलों में भी इस प्रकार गर्म कपड़े वितरित किए जाएंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी, मनीष बंसल और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार ने शिर. कत की और बच्चों को शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्टता प्राप्त करने और सफलता प्राप्त करने पर बधाई देते हुए उन्हें सामाजिक कार्यो में भी शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया। गवर्नमेंट इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल हर्षदेव स्वामी और अन्य शिक्षकों ने कार्यक्रम के प्रबंधन में सहायता की और आईएमए के चिकित्सको की उनके सामाजिक कार्यो के लिये सराहना की। आईएमए सचिव नीरज आर्या ने सभी सदस्यों को उनके बहुमूल्य समय और योगदान के लिए धन्यवाद दिया और बताया कि 9 जनवरी को सुबह 10 बजे एस.ए.एम. इंटर कॉलेज में छात्रों को गर्म कपड़े वितरित किये जायेंगे। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष डॉ. अनुपम मलिक, संयोजक सामाजिक सेवा डॉ. रितु जैन, डॉ महेश ग्रोवर, डॉ कुणाल जैन, डॉ रेणु शर्मा, डॉ कलीम अहमद, डॉ अरुण अनेजा, डॉ सी. एस. चोपड़ा आदि मौजूद रहे।

# विधायक चौ.किरत सिंह ने गरीबों को वितरित किए 250 कंबल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** शीत लहर के चलते उतर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत गरीब व जरुरतमंद महिला पुरुषों को 250 कम्बल वितरित किये।

विधायक किरत सिंह द्वारा अपने गंगोह कार्यालय में कम्बल प्रदान किये। कम्बल पाकर लाभार्थी महिला पुरुष बेहद खुश हुए और पीएम मोदी व सीएम योगी के साथ साथ विधायक किरत सिंह को दुआयें देते नजर आयें। इस अवसर पर भाजपा जिलाउपाध्यक्ष सत्यपाल सिंह, चौ. मांगेराम, सुशील, सोनी, सरताज, ललित आदि मौजुद रहे।

# चोरी की घटनाओं का अनावरण, दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए थाना सरसावा पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तीन बैट्री, चार किलो तांबे के तार ,1370 रुपए नकद घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद करते हुए। पकड़े गए दोनों अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहे है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर द्वारा चोरी लुट की घटनाओं की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सरसावा प्रभारी निरक्षक प्रवेश कुमार के निर्तत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने नकुड रोड से ग्राम बुढेडा रोड पर दो अभियुक्त अमनदीप उर्फ टीपा पुत्र फकीर सिंह निवासी राधा स्वामी कालोनी सरसावा , विकास पुत्र शिव कुमार निवासी ग्राम किशनपुरा थाना सरसावा जनपद सहारनपुर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तीन अदद बैटरे,चार किलो तांबे का तार ,1370 रुपए नकद,घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल ,करते हुए उपरोक्त मुकदमे में धारा 317 (2) वृद्धि की गई ।गिरफ्तार अभियुक्त अभ्यस्त किस्म के शातिर अपराधी है जिनके विरुद्ध थाना सरसावा पर चोरी व अन्य गंभीर धाराओं में पूर्व से मुकदमे पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किए जा रहे है ।

# प्रदेश का पहला एन्टी रेबीज शहर बनेगा सहारनपुर

## मेयर डा. अजय सिंह व नगर आयुक्त शिपू गिरी ने वार्डो में जाने वाली टीमों को हरी झण्डी दिखा किया रवाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महानगर सहारनपुर प्रदेश का पहला एंटी रेबीज शहर बनेगा। महापौर डॉ. अजय कुमार और नगरायुक्त शिपू गिरि ने वार्ड 40 के नगर निगम परिसर से आज कुत्तों में एंटी रेबीज वैक्सीनेशन कराकर तथा वार्डो में जाने वाली टीमों को हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरुआत की।



अभियान की शुरुआत में चिकित्सकों ने सबसे पहले पकड़े गए कुत्तों को एंटी रैबीज इंजेक्शन लगाए तथा महापौर डॉ. अजय कुमार ने नगरायुक्त शिपू गिरि के साथ हरी झण्डी दिखाकर वार्ड के लिए टीमों को रवाना किया। महापौर डॉ. अजय कुमार ने बताया कि आज वृहद स्तर पर सहारनपुर के वार्ड 40 से इसकी शुरुआत की गयी है। उन्होंने निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा को निर्देश दिए कि सार्वजनिक स्थानों बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, धर्म स्थलों आदि के आसपास यह अभियान प्राथमिकता के साथ चलाया जाए।

नगरायुक्त शिपू गिरि ने बताया कि कुत्तों में एंटी रेबीज वैक्सीनेशन अभियान लगातार चलाया जायेगा। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा अब तक लगभग 24 हजार कुत्तों की नसबंदी भी की गयी है। नसबंदी के दौरान कुत्तों में एंटी रेबीज वैकसीनेशन भी किया जाता है। उन्होंने बताया कि जिन कुत्तों में नसबंदी के दौरान वैक्सीनेशन किया गया था उन्हें भी बूस्टर डोज दिया जायेगा। नगरायुक्त ने कहा कि यह नगर निगम की उपलब्धि है कि सहारनपुर प्रदेश का पहला रैबीज फ्री सिटी बनेगा। उन्होंने सार्वजनिक स्थानों पर रेबीज से बचाव के सम्बंध में प्रचार प्रसार करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानव-पशु संघर्ष को कम करने की दिशा में भी यह एक बड़ा कदम है। निगम के पशु चिकित्साधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा ने अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के लिए पांच टीमें गठित की गई है, हर टीम में चार डॉग कैचर, एक वैक्सीनेटर और एक पशु चिकित्सक तथा एक वाहन शामिल है। डॉ.मिश्रा ने बताया कि अनुमानित शहर में 40 हजार कुत्ते है। प्रयास रहेगा कि 300 दिन में सभी वार्डो को कवर कर लिया जाए। इस दौरान अपर नगरायुक्त मृत्युंजय, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह, लेखाधिकारी मनोज त्रिपाठी सहित निगम के अनेक अधिकारी तथा क्षेत्रीय पार्षद राजेंद्र कोहली, पार्षद मुकेश गक्खड आदि शामिल रहे।

# चाईनीज मांझा बेचता दुकानदार पकड़ा

**सहारनपुर।** मंडी कोतवाली पुलिस ने प्रतिबंधित चाईनीज मांझे का विक्रय करने वाले दुकानदार को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भारी मात्रा में चाईनीज मांझे की गिट्टी व गुच्छी बरामद करने में सफलता हासिल कर ली।

मिली जानकारी के अनुसार मंडी कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक रोजंत त्यागी व उपनिरीक्षक अवशेष भाटी के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर प्रतिबंधित चाईनीज मांझे का विक्रय करने वाले एक दुक. ानदार दीपक पुत्र मनोज कुमार निवासी मौहल्ला रानी बाजार थाना मंडी को मौहल्ला रानी बाजार के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 40 किग्रा (69 गिट्टी व 10 गुच्छी) पतंग का प्रति. बंधित मांझा बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

# सांसद इमरान के करीबी शाहबाज उर्फ काका बसपा में हुए शामिल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साढौली कदीम।** वरिष्ठ समाजस. ेवी एवं कांग्रेस नेता तथा सहारनपुर सांसद इमरान मसूद के करीबी माने जाने वाले शाहबाज उर्फ काका ने कांग्रेस पार्टी से नाता तोड़ते हुए बहुजन समाज पार्टी (बसपा) का दामन थाम लिया है। उनके इस कदम से बेहट विधानसभा की राजनीति में हलचल मच गई है।

बसपा में शामिल होने के बाद शाहबाज उर्फ काका ने कांग्रेस सांसद पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि सांसद इमरान मसूद ने उनके साथ वादाखिलाफी की, जिससे आहत होकर उन्होंने पार्टी छोड़ने का निर्णय लिया। शाहबाज का कहना है कि कांग्रेस अब जनहित के मुद्दों से भटक चुकी है, जबकि बसपा ही दलित, पिछड़े और शोषित वर्गों की सच्ची आवाज है।

शाहबाज उर्फ काका ने स्पष्ट किया कि वे अब पूरी निष्ठा और ईमानदारी से बसपा सुप्रीमो बहन कुमारी मायावती को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा कि इस मिशन की शुरुआत प्रदेश की नंबर एक विधानसभा सीट बेहट से की जाएगी।उन्होंने दावा किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में बेहट सीट से बसपा प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित होगी और क्षेत्र की जनता बसपा की नीतियों पर भरोसा जताएगी। शाहबाज ने कहा कि बहन मायावती के नेतृत्व में ही प्रदेश में कानून-व्यवस्था, सामाजिक न्याय और विकास को नई दिशा मिलेगी। शाहबाज उर्फ काका के बसपा में शामिल होने से बेहट विधानसभा क्षेत्र की सियासी समीकरणों में बड़ा बदलाव माना जा रहा है। राजनीतिक जानकार इसे बसपा के लिए एक महत्वपूर्ण बढ़त के रूप में देख रहे हैं।

# छात्राओं के सवालों के दिए जवाब



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** मिशन शक्ति फेस 5 की टीम एंटी रोमियो प्रभारी द्वारा साइबर अपराध सुरक्षा जागरूकता अभियान व मिशन शक्ति फेस 5 के विषय में जगह-जगह जानकारी दी गई। छात्राओं ने अपनी जिज्ञासा को भी शांत किया।

एंटी रोमियो टीम प्रभारी महिला उप निरीक्षक खुशबु, संगीता, आद. ेशना व चालक विकास चौधरी ने वाहन चेकिंग, संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करने के साथ मिशन शक्ति फेस 5 के विषय में नानौता चौक, मेन बाजार, शिव चौक, लखनौती चौंक, मेटाडोर स्टैंड, पंजाब नेशनल बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक, मोहल्ला कोटल, मोहल्ला छत्ता, मोहल्ला टांकान, रामकृष्ण मेहता इंटर कॉलेज व अन्य जगहों पर महिला में बालिकाओं को जागरूक करते हुए विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं विधवा पेंशन, सुमंगला योजना, बाल कल्याण योजनाओं, बाल मजदूरी न कराने और गुड टच और बेड टच आदि के बारे में जानकारी दी। साईबर फ्राड एवं साईबर क्राईम के बारे मे भी जागरुक किया गया। आईपीएस डिग्री कॉलेज में एवीपी कार्यक्रम के दौरान कोतवाली प्रभारी पीयूष दीक्षित ने महिलाओ और बालिकाओ को हेल्पलाईन नंबर 1090 वूमेन पावर, 1930 साइबर अपराध, 108 एंबुलेंस सेवा व 112 पुलिस आपातकालीन सेवा,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन आदि के बारे मे जानकारी दी गयी, उनकी समस्याएं को पूछी गयी पम्पलेट वितरित किए गए।

# दफ्तरों में भ्रष्टाचार से जुड़े मुद्दों पर बात करेगी टीम




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एंटी-करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने सहारनपुर कोर टीम और राष्ट्रीय नेतृत्व अधिकारियों के साथ एक मीटिंग आयोजित की।

मीटिंग के दौरान, भ्रष्टाचार के खिलाफ मिलकर लड़ने के लिए एक टीम बनाई गई। यह भी तय किया गया कि टीम अलग-अलग सरकारी दफ्तरों में जाकर संबंधित अधिकारियों से भ्रष्टाचार से जुड़े मुद्दों पर बात करेगी और ऐसे कामों को रोकने के लिए खुफिया जानकारी भी इकट्ठा करेगी। कोर अधिकारी सुरेंद्र मोहन कालरा, सुरेंद्र गाबा, गुलशन वधवा, गगन गुलाटी, प्रिंस बत्रा, सुधीर भाटिया, अभिषेक भाटिया, धनवीर चौधरी, हेमंत अरोड़ा, गगनदीप सिंह मौजूद थे।

# शीतला माता की पूजा अर्चना व भंडारा



शाह टाइम्स संवाददाता

चिलकाना। सुल्तानपुर नगर में एकता जन सेवा समिति के तत्वावधान में मां शीतला देवी की पूजा अर्चना एवं भंडारे का आयोजन श्रद्धा एवं उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन किए और प्रसाद ग्रहण किया।

बृहस्पतिवार को सुल्तानपुर में मां शीतला देवी स्थल पर पूजा-अर्चना कराते हुए पंडित शंकर रुहालकी शर्मा ने कहा कि मां भगवती के अनेक रूप हैं और माता अपने इन्हीं विविध रूपों के माध्यम से भक्तों का कल्याण करती हैं।

उन्होंने कहा कि मां शीतला रोगों से रक्षा करने वाली और भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करने वाली हैं। पूजा अर्चना में मुख्य यजमान विकास सैनी रहे। हवन पूजन के बाद हुए भंडारे में क्षेत्र के सैंकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# चंद्रशेखर सर्वसमाज के नेताः राव कैसर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आजाद समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता राव केसर सलीम ने कहा कि सांसद चंद्रशेखर आजाद सर्व समाज के नेता है और आज वहीं एकमात्र संघर्षील व्यक्ति हैं जो सर्व समाज की लड़ाई लड़ने का काम कर रहे हैं।

राव कैसर सलीम ने यह बात जनमंच रोटरी सभागार में आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष सचिन खुराना के साथ पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ वर्षो में रालोद अपने नीतियों सिद्धांतों से भटक गया है। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह एवं बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की नीतियों को समाप्त कर केवल सत्ता के लिए कार्य किया जा रहा है।




उन्होंने कहा कि भाजपा से हाथ मिलाने के बाद रालोद में एमएलसी दो सांसद आठ विधायक सहित अन्य प्रमुख पद मिले हैं, जिसमें अल्पसंख्यक समाज की भागीदारी पूरी तरह शून्य है। इससे प्रतीत होता है कि रालोद केवल सत्ता पाने तक ही सीमित रह गया है। मजदूर किसान एवं सर्व समाज की कोई बात नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि साथियों के साथ विचार मंथन करने के उपरांत उन्होंने 5 जनवरी को सांसद चंद्रशेखर के सम्मुख पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने कहा कि आगामी 2026 में होने वाले जिला पंचायत एवं 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में आजाद समाज पार्टी जिसकी जितनी हिस्सेदारी उतनी उसकी भागीदारी के अनुसार टिकट देने का काम करेगी।

जिलाध्यक्ष सचिन खुराना ने कहा कि आज सर्व समाज आजाद समाज पार्टी के साथ जोड़ रहा है जो भविष्य के लिए एक अच्छा संकेत है। इस दौरान नानौता चेयरमैन अफजल खान, राव शमीम, असद समेत आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# रिफ्लेक्टर लगाये

**सहारनपुर।** सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए आरटीओ द्वारा गागालेड़ी-छुटमलपुर टोल प्लाजा पर विशेष रिफ्लेक्टर टेप लगाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ आरटीओ मनोज कुमार सिंह ने रिबन काटकर किया। इस कार्य में रोशनी आई बैंक एवं धर्मार्थ हॉस्पिटल, रोशनी मानव सेवा ट्रस्ट, भारतीय मानवाधिकार जागृति संगठन और सेवा निधि ट्रस्ट ने मुख्य भूमिका निभाई। प्रशासनिक सहयोगरू परिवहन विभाग के अधिकारियों एआरटीओ एमपी सिंह, एआरटीओ संदीप जायसवाल, एआरटीओ वाणी विलास शुक्ला और पीटीओ अनिल तिवारी ने अपनी टीम के साथ दर्जनों वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाकर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर कमल जैन, नितिन त्यागी, कुलदीप सिंह पुंडीर। सूरज जैन, सिया कश्यप, अशोक पुंडीर, रमन पुंडीर एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# सभी वर्गों को मिला योजनाओं का लाभः विश्वास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साढौली कदीम।** बीडीओ योगेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा है कि विभिन्न योजनाओं के तहत क्षेत्र पंचायत साढौली कदीम द्वारा इस वित्तीय वर्ष में अनेक ग्राम पंचायतों में विभिन्न मदों में लगभग सात करोड़ रुपए की लागत से विकास कार्य किए गए हैं जबकि आगामी वित्तीय वर्ष में दो करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यो के प्रस्ताव मंजूर किए गए हैं।

उक्त जानकारी उन्होंने आज ब्लाक मुख्यालय पर आयोजित बीडीसी बैठक में देते हुए बताया है कि विकास कार्यों में किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया गया और जितना विकास कार्य उनके कार्यकाल में किया गया, उससे पहले शायद ही किसी के द्वारा किया गया है। उन्होंने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए स्वच्छता अभियान को सफल बनाने पर बल दिया है। इस दौरान उन्होंने बताया है कि मनरेगा के अन्तर्गत कुल चार सौ उन्नीस लाख रुपए की लागत के कार्य किए जा चुके हैं, जिसके चलते पैंतीस अंत्येष्टि स्थल, नो आंगनबाड़ी केंद्र,नौ उचित दर सस्ते गल्ले की दूकानों,दो अस्थाई गौशालाओं के निर्माण कार्यो को पूरा किया गया है।




ब्लाक प्रमुख विश्वास चौधरी ने कहा है कि साढौली कदीम क्षेत्र पंचायत द्वारा बगैर किसी भेद-भाव के समाज के सभी वर्गों को योजनाओं का लाभ पहुंचाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वे चौबीस घंटे समाज में काम करने को तत्पर रहते हैं, जिसके जो काम करने हैं क्षेत्र वासियों द्वारा उन्हें लिखित रूप में दिया जा सकता है।

भाजपा जिला प्रतिनिधि एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय सैनी ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकारों द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

इस अवसर पर प्रधान संगठन के अध्यक्ष चौधरी राकेश कुमार, पूर्व ब्लाक प्रमुख हाजी चौधरी इनाम, सहायक विकास अधिकारी प्रदीप पुंडीर, प्रधान मांगेराम शर्मा आदि ने भी अपने विचार प्रकट किए जबकि कार्यक्रम में एडीओ अश्विनी शर्मा, ग्राम पंचायत अधिकारी शुभम् सैनी, नरेंद्र कुमार, बिजेंद्र सिंह, विवेक कुमार, नवीन कुमार, हाजी राव शहीद खां प्रधान रायपुर, प्रदीप प्रधान नुनयारी, सतीश प्रधान काशमपुर, मेघ पाल प्रधान, अनिल कांबोज, बीडीसी चौधरी विश्वास नम्बरदार,सोनी सैनी, फूल देवी, कय्यूम, असलम आदि बहुत से लोग उपस्थित रहे हैं।

# अतिक्रमण कर कराया दुकान का निर्माण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** निवासी पीड़िता ने नगर के वार्ड नम्बर सात व नौ के बीच सड़क पर अतिक्रमण कर दुकानें बनाने व एक दुकान पर अवैध कब्जा कराने का आरोप लगाया है। इसी मामले में दो दिन पूर्व दूसरे पक्ष ने थाना पर तहरीर देकर उक्त पीड़िता के बेटे पर उसकी दुकान में काम कर रहे मिस्त्री व मजदूरों के साथ गाली गलौज तथा मारपीट करने का आरोप लगाया था। नगर के वार्ड नम्बर सात निवासी बुजुर्ग महिला सुशीला देवी पत्नी स्वर्गीय नरेश गोयल ने विपक्षी पर आरोप लगाते हुए बताया कि वार्ड नम्बर सात व नो के बीच सड़क पर अतिक्रमण करते हुए दुकानों का निर्माण किया गया है, जिनमें से एक दुकान पर निर्माणकर्ता द्वारा एक युवक को अवैध रूप से कब्जा दे दिया गया है। जिसके द्वारा दुकानों के ऊपर निवास निर्माण कार्य किया जा रहा है, जबकि उक्त युवक पर न तो उस दुकान का बैनामा है ओर न ही नगर पंचायत द्वारा निवास निर्माण का नक्शा पास कराया गया है।

पीड़िता का आरोप है कि निर्माणकर्ता द्वारा सडक पर अतिक्रमण करते हुए दुकानों के सामने सडक के काफी हिस्से पर पैडी व स्लैब आदि डालते हुए अतिक्रमण कर लिया गया है। पीड़िता ने अपनी गंभीर बीमारी का हवाला देते हुए कहा कि उसे मैडिकल चौकअप के लिए हर दूसरे तीसरे दिन डॉक्टर के पास जाना पड़ता है वह चलने फिरने में असमर्थ है।

उन्हें कार आदि वाहन को अतिक्रमण के चलते सड़क से निक. ालने में काफी परेशानी होती है। पीड़िता ने तहरीर देकर विपक्षी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण हटवाये जाने की मांग की है। वहीं दूसरे पक्ष का कहना है कि उसके द्वारा कोई भी अवैध निर्माण नही किया गया है, विपक्षी द्वारा रंजिशन उन्हें परेशान किया जा रहा है।

**❑गंगोह।** मादक पदार्थो के अवैध कारोबार की तस्करी रोकने को आपरेशन सवेरा के तहत धरपकड अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गांव बाढीमाजरा निवासी

सद्दाम पुत्र जिशान को 50.33 ग्राम स्मैक के साथ रंगे हाथों गिरफतार किया है। आरोपी का एनडीपीएस की धाराओं के तहत चालान कर जेल भिजवा दिया है। आरोपी का अपराधिक इतिहास भी बताया जाता है।

शाह टाइम्स

# सम्पादकीय

शुक्रवार, 9 जनवरी 2026

# कुत्तों पर सुनवाई

आवारा कुत्ते क्या वास्तव में इंसानों के लिए सिरदर्द बनते जा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट में जिस तरह आवारा कुत्तों को लेकर सुनवाई हो रही है, उससे तो यही लगता है कि मामला वास्तव में गंभीर स्तर तक पहुंच गया है। गुरुवार को जोकि लगातार सुनवाई का दूसरा दिन था, कुत्तों के पक्ष और विपक्ष में अदालत के सामने दलीलें रखी गई। जोकि काफी मजेदार भी रही। ढाई घंटे तक चली बहस में जस्टिस नाथ का कहना था कि कुत्ते इंसानों का डर पहचान लेते हैं, इसलिए काटते हैं। हालांकि जज की इस बात पर जो कुत्तों का फेवर करने वाले अधिवक्ता ने इन्कार किया। इस पर जस्टिस नाथ यह कहने से नहीं चूके कि अपना सिर मत हिलाइए, यह बात वह पर्सनल एक्सपीरियंस से बोल रहे हैं।

वहीं याचिकाकर्ता के वकील ने यह दलील दी कि राज्यों ने जो आंकड़े दिए हैं, उसमें किसी ने यह नहीं बताया कि नगरपालिका की तरफ से कितने शेल्टर चलाए जाते हैं। उनके अनुसार देश में सिर्फ 5 शेल्टर हैं और इनमें प्रत्येक में मात्र 100 कुत्ते रह सकते हैं। ऐसे में इन्फ्रास्ट्रक्चर की जरूरत है। वहीं एनिमल वेलफेयर की तरफ से दलील दे रहे एडवोकेट सीयू सिंह ने कुत्तों को हटाने या शेल्टर होम भेजने पर आपत्ति जताई। उनका कहना था कि कुत्ते हटाने से चूहों की आबादी बढ़ेगी। इस पर कोर्ट ने भी मजाकिया अंदाज में कह डाला कि क्या इसके लिए बिल्लियां ले आएं। इस पूरे मामले पर सात महीनों से कोर्ट में छह बार सुनवाई हो चुकी है और पिछले साल नवंबर में सुप्रीम कोर्ट ने स्कूल, अस्पताल, बस स्टैंड, स्पोर्ट्स कॉम्प्लैक्स और रेलवे स्टेशन से आवारा कुत्तों को हटाने का आदेश दिया था। आदेश देते समय कोर्ट ने यह भी कहा था कि इन कुत्तों को तय शेल्टर में ट्रांसफर किया जाए।

याचिकाकर्ता के वकील का कहना था कि अदालत का आदेश सिर्फ संस्थानों तक सीमित नहीं होना चाहिए बल्कि उसे रिहायशी इलाकों पर भी लागू किया जाना चाहिए। अधिवक्ता की यह भी दलील थी कि कुत्तों को समझाना संभव नहीं है, लेकिन कुत्तों की देखभाल करने वाले मालिक को समझाया जा सकता है। याचिकाकर्ता के वकील ने हर डॉग लवर और एनजीओ की याचिका लगाने में जो एक तय राशि जमा करनी होती है, उसको हटाने की मांग की है। कोर्ट ने भी उसी लहजे में जवाब दिया कि अगर हमने यह शर्त नहीं रखी होती तो यहां पंडाल लगाना पड़ता। जज महोदय का यह कहना सही है कि कुत्तों की मॉनिटरिंग के लिए पहले उनकी गिनती जरूरी है। उन्होंने आखिरी बार हुई 2009 में गिनती का हवाला भी दिया और कहा कि सिर्फ दिल्ली में ही 5 लाख 60 हजार कुत्ते थे। जाहिर है, आज के संदर्भ में यह संख्या कई गुना बढ़ी हो सकती है। इसमें कोई दोराय नहीं कि कुत्तों को लेकर आए दिन बड़ी दुखदायी खबरें सामने आती रहती हैं। कई मामलों में तो जान तक चली जाती है, जिसमें बच्चे और बुजुर्ग प्रभावित होते हैं।

## एक भी वोट न कटने पाए



वोटर लिस्ट से नाम काटे जाने की साजिश को हर हाल में नाकाम किया जाए, तमाम प्रयासों के बावजूद पीडीए समाज के करोड़ों मतदाताओं के नाम अब तक मतदाता सूची से हटाए जा चुके हैं, एक भी वोट न कटने पाए, एक भी वोट न घटने पाए के संकल्प के साथ सभी को फिर से संगठित होना होगा, मतदाता सूची में नाम होना नागरिक होने की पहचान है, अगर किसी का नाम वोटर लिस्ट से हटता है, तो आने वाले समय में उसी आधार पर राशन कार्ड, सरकारी योजनाओं, जाति प्रमाणपत्र, आरक्षण, नौकरी, बैंक खाते, बीमा, पैन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, बिजली-पानी कनेक्शन, खेत-जमीन और घर- मकान तक पर संकट आ सकता है।

**-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# पक्षियों की जिंदगी और ध्वनि प्रदूषण

आज की तेजी से विकसित होती दुनिया में, शोर प्रदूषण एक गंभीर पर्यावरणीय समस्या बन गई है। शहरीकरण, औद्योगिकीकरण, और जनसंख्या वृद्धि के कारण शोर स्तर बढ़ता जा रहा है। इस शोर प्रदूषण का न केवल मनुष्यों पर प्रभाव पड़ता है, बल्कि यह पक्षियों और अन्य जीवों के जीवन को भी प्रभावित करता है। इस लेख में हम यह समझेंगे कि शोर प्रदूषण किस प्रकार पक्षियों के जीवन, उनके व्यवहार, और उनके प्रजनन पर प्रभाव डालता है।

**शोर प्रदूषण क्या है?**

शोर प्रदूषण उन सभी अवांछित ध्वनियों को संदर्भित करता है जो मानव गतिविधियों के कारण उत्पन्न होती हैं। यह ध्वनियां ट्रैफिक, औद्योगिक गतिविधियों, निर्माण कार्य और सार्वजनिक कार्यक्रमों से उत्पन्न होती हैं। शोर प्रदूषण को मापने के लिए डेसीबल का प्रयोग किया जाता है। 85 dB से अधिक के स्तर को शोर प्रदूषण माना जाता है।

**पक्षियों की संवेदनशीलता**

पक्षी अपनी सुनने की क्षमता और संवेदी तंत्र के लिए जाने जाते हैं। उनका अधिकांश संचार स्वर और आवाज के माध्यम से होता है। पक्षियों की अनेक प्रजातियां आवाज को अपने शिकार, साथी, और दुश्मनों के पहचानने के लिए उपयोग करती हैं। इसलिए, शोर प्रदूषण पक्षियों की जीविका के लिए एक गंभीर खतरा है।

**शोर प्रदूषण के प्रभाव**

1. व्यवहार में परिवर्तन

शोर प्रदूषण पक्षियों के व्यवहार पर गहरा प्रभाव डालता है। विभिन्न अध्ययन दर्शाते हैं कि जब पक्षियों को उच्च स्तर के शोर के संपर्क में लाया जाता है, तो उनके गाने की आवृत्ति और ध्वनि स्तर में बदलाव होता है। इससे उनकी संचार क्षमता प्रभावित होती है, और वे साथी को आकर्षित करने में कठिनाई महसूस करते हैं।

2. प्रजनन पर प्रभाव

शोर प्रदूषण का प्रजनन पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। कई प्रजातियों में यह देखा गया है कि शोर के कारण अंडों की संख्या में कमी, अंडों के फटने में देरी, और शिशुओं की मृत्यु दर में वृद्धि होती है। जब माता-पिता शोर से परेशान होते हैं, तो वे अपने बच्चों की देखभाल करने में असमर्थ हो सकते हैं।

3. भोजन की उपलब्धता

शोर प्रदूषण से पक्षियों की भोजन खोजने की क्षमता पर भी प्रभाव पड़ता है। जब शोर स्तर बढ़ता है, तो पक्षियों को अपने शिकार या भोजन को पहचानने में कठिनाई होती है। इससे उनकी ऊर्जा खर्च होती है, जो उनके स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती है।

4. स्वास्थ्य पर प्रभाव

शोर प्रदूषण के कारण पक्षियों में तनाव स्तर बढ़ जाता है। यह तनाव विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है, जैसे कि हृदय रोग, रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी, और सामान्य स्वास्थ्य में गिरावट। तनावग्रस्त पक्षियों का जीवन काल भी प्रभावित हो सकता है।

**अध्ययन और शोध**

विभिन्न शोधों ने शोर प्रदूषण के पक्षियों पर प्रभाव की पुष्टि की है। उदाहरण के लिए, एक अध्ययन में यह पाया गया कि शहरी क्षेत्रों में रहने वाली चिड़ियों की प्रजातियों की प्रजनन दर ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में कम थी। इसके अलावा, कई शोधकर्ताओं ने पाया है कि शोर प्रदूषण से प्रभावित पक्षियों में मानसिक तनाव और चिंता के लक्षण अधिक देखे गए हैं।

**समाधान और संरक्षण**

1. शोर स्तर को नियंत्रित करना

सरकार और स्थानीय प्राधिकरणों को शोर प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए उपाय करने चाहिए। जैसे कि ट्रैफिक को नियंत्रित करना, निर्माण कार्यों के समय को सीमित करना, और औद्योगिक ध्वनियों को कम करना।

2. संरक्षण क्षेत्रों की स्थापना

विशेष संरक्षण क्षेत्रों की स्थापना से पक्षियों को सुरक्षित स्थान प्रदान किया जा सकता है। इन क्षेत्रों में शोर प्रदूषण को कम किया जा सकता है, जिससे पक्षियों को उनकी प्राकृतिक स्थिति में रहने का अवसर मिलेगा।

3. जन जागरूकता

लोगों को शोर प्रदूषण के प्रभावों के बारे में जागरूक करना आवश्यक है। इसके लिए शैक्षिक कार्यक्रम और कार्यशालाओं का आयोजन किया जा सकता है।

4. अनुसंधान और विकास

शोर प्रदूषण के प्रभावों को समझने के लिए और अनुसंधान की आवश्यकता है। यह शोध न केवल पक्षियों, बल्कि अन्य जीवों के लिए भी महत्वपूर्ण हो सकता है।

**निष्कर्ष**

शोर प्रदूषण केवल मानव जीवन को ही प्रभावित नहीं करता, बल्कि यह पक्षियों और अन्य जीवों के लिए भी एक गंभीर समस्या है। हमें इस दिशा में कदम उठाने की आवश्यकता है, ताकि हम अपने पर्यावरण को बचा सकें और पक्षियों को उनके प्राकृतिक निवास में रहने का अवसर प्रदान कर सकें। हमें समझना होगा कि प्रकृति का संरक्षण हमारे अपने भविष्य के लिए भी आवश्यक है।

यदि हम इस समस्या के प्रति जागरूक रहें और इसे हल करने की दिशा में प्रयास करें, तो हम न केवल पक्षियों को बल्कि पूरी पारिस्थितिकी तंत्र को सुरक्षित रख सकते हैं। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम प्रकृति की रक्षा करें और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ और संतुलित पर्यावरण सुनिश्चित करें।



## विलुप्त हो रहे पक्षियों की संख्या

हालांकि ध्वनि प्रदूषण के कारण कई पक्षियों की प्रजातियां प्रभावित हो रही हैं, विशेष रूप से उनके संचार और प्रजनन पर प्रभाव डालने के कारण, कोई सटीक संख्या बताना मुश्किल है। विभिन्न अध्ययन बताते हैं कि पिछले कुछ दशकों में कई पक्षी प्रजातियां शोर के कारण अपने आवासों से बाहर जा चुकी हैं।

**टॉड के पक्षी**

इन पक्षियों का प्रजनन स्थान शोरगुल वाले क्षेत्रों में होने के कारण प्रभावित हुआ है, जिससे उनकी संख्या में कमी आई है।

**संगीत पक्षी**

जो अपने सुंदर गीतों के लिए जाने जाते हैं, वे ध्वनि प्रदूषण के कारण अन्य पक्षियों के साथ संवाद नहीं कर पा रहे हैं।

**विलुप्त होती प्रजातियां**

शोधकर्ताओं का मानना है कि ध्वनि प्रदूषण के कारण कई प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर हैं। उदाहरण के लिए, एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका में कुछ प्रजातियां जैसे कि श्हेम्पस्टरश और इबिस तेजी से घट रही हैं।

# मनुष्य के विकास में दूध के सेवन का संबंध

**कुछ उत्परिवर्तनों से वयस्कों में भी लैक्टेस एंजाइम का उत्पादन होने लगा, जो दूध में उपस्थित लैक्टोस शर्करा को पचाने में मदद करता है। वयस्क अवस्था में भी इस एंजाइम के बने रहने को लैक्टेस निरंतरता कहते हैं। आधुनिक अफ्रीका की बड़ी जनसंख्या में लैक्टेस निरंतरता के लिए चार उत्परिवर्तन हुए हैं जबकि यूरोपीय लोग सिर्फ एक ऐसे उत्परिवर्तन पर निर्भर हैं। फिर भी यह उत्परिवर्तन काफी तेजी से फैल गए जिससे लगता है कि ये काफी फायदेमंद रहे होंगे। दूध सेवन के इतिहास को और गहराई से समझने के लिए शोधकर्ताओं ने अफ्रीका का अध्ययन किया, जहां का समाज पिछले 8000 वर्षों से गाय, भेड़ और बकरी पालन करता आ रहा है।**

मनुष्यों द्वारा दूध के सेवन का इतिहास मुर्गी और अंडा की पहेली जैसा है। मनुष्य दूध का सेवन तब से करते आ रहे हैं जब उनमें इसे पचाने की व्यवस्था भी नहीं थी, लेकिन डीएनए में उपयुक्त परिवर्तन के लिए जरूरी था कि वे दूध का सेवन करें। तो सवाल है कि क्या दूध पीने की शुरुआत पहले हुई या दूध पचाने के लिए जरूरी उत्परिवर्तन? ताजा अध्ययनों के अनुसार आधुनिक केन्या और सूडान के लोग कम से कम 6000 वर्षों से दुग्ध उत्पादों का सेवन कर रहे हैं यानि वे दूध को पचाने वाले जीन के अस्तित्व में आने से भी पहले से दूध का सेवन करते आ रहे हैं। गौरतलब है कि सभी मनुष्य बचपन में दूध पचाने की क्षमता रखते हैं, लेकिन लगता है कि वयस्कों में यह क्षमता पिछले 6000 वर्षों में ही विक. सित हुई है।

कुछ उत्परिवर्तनों से वयस्कों में भी लैक्टेस एंजाइम का उत्पादन होने लगा, जो दूध में उपस्थित लैक्टोस शर्करा को पचाने में मदद करता है। वयस्क अवस्था में भी इस एंजाइम के बने रहने को लैक्टेस निरंतरता कहते हैं। आधुनिक अफ्रीका की बड़ी जनसंख्या में लैक्टेस निरंतरता के लिए चार उत्परिवर्तन हुए हैं जबकि यूरोपीय लोग सिर्फ एक ऐसे उत्परिवर्तन पर निर्भर हैं। फिर भी यह उत्परिवर्तन काफी तेजी से फैल गए जिससे लगता है कि ये काफी फायदेमंद रहे होंगे। दूध सेवन के इतिहास को और गहराई से समझने के लिए शोधकर्ताओं ने अफ्रीका का अध्ययन किया, जहां का समाज पिछले 8000 वर्षों से गाय, भेड़ और बकरी पालन करता आ रहा है। वैज्ञानिकों ने खुदाई में मिले सूडान और केन्या के 2000 से 6000 वर्ष पुराने 8 कंकालों के दांतों की कठोर परतों में दुग्ध-संबंधी प्रोटीन की उपस्थिति देखी, जिससे लगता है कि ये लोग लगभग 6000 वर्ष पहले से डेयरी उत्पादों का सेवन कर रहे थे। नेचर कम्युनिकेशन्स में प्रकाशित यह अध्ययन अफ्रीका और विशेष रूप से विश्व की डेयरी खपत का प्राचीनतम प्रमाण है। अध्ययन से यह भी पता चला है कि अफ्रीका में डेयरी उद्योग यूरोप के डेयरी उद्योग जितना या उससे भी अधिक पुराना है और तो और, 2020 में कुछ अफ्रीकी कंकालों के डीएनए के अध्ययन के अनुसार प्राचीन अफ्रीकी लोगों में उस समय दूध को पचाने वाले किसी जीन का विकास भी नहीं हुआ था। वे लोग लैक्टेस निरंतरता से पहले से ही दूध का सेवन करते आ रहे थे। कंकालों में मिला प्रोटीन दूध, पनीर या दही जैसे किण्वित उत्पादों से आया होगा। कई संस्कृतियों में किण्वन का उपयोग दूध का सेवन करने से पहले उसकी शर्करा को तोड़ने के लिए किया जाता रहा है ताकि लैक्टेस की अनुपस्थिति में भी दूध उत्पादों का सेवन कर सकें। अंततः वह उत्परिवर्तन हुआ होगा, जिसने लोगों को दूध से अधिक से अधिक पोषण प्राप्त करने में मदद की।




वाशिंगटन यूनिवर्सिटी की पुरातत्वविद फियोना मार्शल के अनुसार, जिन अफ्रीकी लोगों में लैक्टेस की निरंतरता अधिक थी वे लोग अधिक समय तक जीवित रहते थे और उनके बच्चे भी ज्यादा होते थे। वैज्ञानिकों का मानना है कि लैक्टेस निरंतरता के चयन का कारण पर्यावरणीय भी हो सकता है। गौरतलब है कि दूध मुश्किल परिस्थितियों में आबादी का प्रबंधन करने का एक बढ़िया तरीका है जिसमें चरवाहे जानवरों की हत्या किए बिना ही उनसे पोषण प्राप्त कर सकते थे। सूखे के समय में भी ये चौपाए उनके लिए पानी के फिल्टर और भंडारण का काम किया करते थे। जब तक ये जीव जिंदा रहते थे, तरल, प्रोटीन और पोषण का स्रोत हुआ करते थे।

**...स्रोत फीचर्स**

# सबकुछ जानकर भी नहीं छूट पा रही सोशल मीडिया की लत

सोशल मीडिया का आगमन पिछले एक दशक में हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गया है। फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, और व्हाट्सएप जैसे प्लेटफार्मों ने न केवल हमारी संवाद शैली को बदल दिया है, बल्कि हमारी मानसिकता, स्वास्थ्य और सामाजिक जीवन पर भी गहरा प्रभाव डाला है। हालांकि, इस तकनीकी प्रगति के साथ-साथ, सोशल मीडिया की लत भी एक गंभीर समस्या बन गई है। इस लेख में हम सोशल मीडिया की लत के स्वास्थ्य पर प्रभावों की गहराई से चर्चा करेंगे।

**सोशल मीडिया की लत: एक परिचय**

सोशल मीडिया की लत को किसी व्यक्ति के सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग करने के रूप में परिभाषित किया जा सकता है, जो उनके दैनिक जीवन, कार्यक्षमता, और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। यह लत व्यक्तियों को अपने वास्तविक जीवन से दूर कर देती है और उन्हें एक आभासी दुनिया में सीमित कर देती है।

**सोशल मीडिया का बढ़ता उपयोग**

1. जनसंख्या के विभिन्न आयु वर्ग में प्रभाव

आजकल के युवा और बच्चे सोशल मीडिया पर अत्यधिक समय बिता रहे हैं। विभिन्न अध्ययनों से पता चला है कि औसतन एक व्यक्ति दिन में लगभग 2-3 घंटे सोशल मीडिया का उपयोग करता है। यह समय न केवल संचार के लिए, बल्कि मनोरंजन, समाचार, और अन्य जानकारी के लिए भी उपयोग किया जाता है।

2. सोशल मीडिया का व्यावसायिक उपयोग

सोशल मीडिया का उपयोग व्यवसायों में भी बढ़ रहा है। कंपनियां अपने उत्पादों और सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का उपयोग कर रही हैं। हालांकि, इस व्यावसायिक उपयोग के साथ-साथ, व्यक्तिगत उपयोग भी बढ़ रहा है।

**अवसाद और चिंता**

सोशल मीडिया की लत से अवसाद और चिंता की समस्याएं बढ़ सकती हैं। जब व्यक्ति दूसरों के जीवन को देखकर अपनी स्थिति की तुलना करते हैं, तो उन्हें असुरक्षा का अनुभव होता है। इससे मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

**आत्म-सम्मान में कमी**

सोशल मीडिया पर ष्लाइकष और ष्फॉलोअरष की संख्या से व्यक्ति का आत्म-सम्मान प्रभावित होता है। जब व्यक्ति को अपेक्षित प्रतिक्रिया नहीं मिलती है, तो उनकी आत्मछवि पर बुरा असर पड़ता है।

**शारीरिक स्वास्थ्य**

सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग रात में नींद की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकता है। स्क्रीन की नीली रोशनी और लगातार सूचनाओं के कारण व्यक्ति सोने में कठिनाई महसूस कर सकते हैं, जिससे स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ सकती हैं।

**शारीरिक गतिविधियों की कमी**

सोशल मीडिया पर अधिक समय बिताने से शारीरिक गतिविधियों की कमी होती है। यह वजन बढ़ने, हृदय रोग, और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है।

**व्यक्तिगत संबंधों में कमी**

सोशल मीडिया पर अधिक समय बिताने से व्यक्ति अपने वास्तविक संबंधों की उपेक्षा करने लगता है। इससे पारिवारिक और मित्रता संबंध कमजोर हो सकते हैं।

**सामाजिक अलगाव**

जब व्यक्ति केवल ऑनलाइन बातचीत में ही उलझा रहता है, तो वे वास्तविक दुनिया से अलगाव का अनुभव कर सकते हैं। यह सामाजिक जीवन में कमी का कारण बनता है।

**प्रभावी शोध और अध्ययन**

अनेक शोधों ने सोशल मीडिया के उपयोग और मानसिक स्वास्थ्य के बीच एक स्पष्ट संबंध स्थापित किया है। उदाहरण के लिए, एक अध्ययन में पाया गया कि जिन व्यक्तियों ने रोजाना अधिक समय सोशल मीडिया पर बिताया, उनमें अवसाद और चिंता के लक्षण अधिक देखे गए।

**डेटा का विश्लेषण**

एक अन्य अध्ययन में, 18 से 24 वर्ष के युवाओं में सोशल मीडिया के उपयोग और मानसिक स्वास्थ्य के बीच संबंध को स्थापित किया गया। यह पाया गया कि जिन युवाओं ने अपने आत्म-सम्मान को सोशल मीडिया पर आधारित किया, उनमें अवसाद की संभावना अधिक थी।

**समाधान और उपाय**


सोशल मीडिया के उपयोग को सीमित करना एक प्रभावी उपाय हो सकता है। व्यक्ति को अपनी स्क्रीन टाइम को नियंत्रित करना चाहिए और इसे केवल आवश्यकतानुसार उपयोग करना चाहिए।

**डिजिटल डिटॉक्स**

डिजिटल डिटॉक्स का अर्थ है कुछ समय के लिए सोशल मीडिया से दूरी बनाना। इससे व्यक्ति को अपने मानसिक स्वास्थ्य को पुनः सुधारने और वास्तविक जीवन में जुड़ने का अवसर मिलता है।

**जागरूकता कार्यक्रम**

लोगों को सोशल मीडिया के प्रभावों के बारे में जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए। स्कूलों और कॉलेजों में इस पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।





**मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं**

मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। व्यक्ति को अपने मानसिक स्वास्थ्य के लिए पेशेवर मदद लेने में संकोच नहीं करना चाहिए।

**निष्कर्ष**

सोशल मीडिया हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है, लेकिन इसकी लत गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकती है। मानसिक, शारीरिक, और सामाजिक स्वास्थ्य पर इसके प्रभावों को समझना अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमें इसे समझदारी से उपयोग करने की आवश्यकता है, ताकि हम इसके फायदों का लाभ उठा सकें और इसके हानिकारक प्रभावों से बच सकें। इस दिशा में उठाए गए कदम न केवल हमारे लिए, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। एक स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने के लिए हमें सोशल

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



नई दिल्ली। कड़ाके की ठंड के बीच सड़क किनारे आग के पास खुद को गर्म करती महिलाएं।

## मादुरो, सिलिया को गिरफ्तारी के दौरान में चोट लगीः वेनेजुएला

**काराकास।** वेनेजुएला के गृह मंत्री डियोसडाडो कैबेलो ने दावा किया है कि राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को उनकी गिरफ्तारी के दौरान चोट लगी थी। कैबेलो ने बुधवार को कहा कि श्रीमती सिल्विया को सिर में चोट लगी और शरीर पर मुक्के मारे गए, जबकि मादुरो के पैर में चोट लगी। उन्होंने यह भी दावा किया कि अमेरिकी सेना की सिलिया फ्लोरेस को ले जाने की कोई योजना नहीं थी। उन्होंने कहा कि जब वे मादुरो को ले जा रहे थे, तो उनका पत्नी सिलिया को ले जाने का कोई इरादा नहीं था, मगर श्रीमती सिलिया ने उनसे कहा कि अगर तुम मेरे पति को ले जाओगे, तो तुम्हें मुझे भी ले जाना होगा।

# ट्रम्प का कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो को अमेरिका आने का न्यौता

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कोलंबिया के खिलाफ सैन्य कार्रवाई की बात करने के कुछ ही दिनों बाद, बुधवार को दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों के बीच टेलीफोन पर बात हुई। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में बताया कि कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने नशीली दवाओं की तस्करी और दोनों देशों के बीच जारी अन्य विवादों पर चर्चा करने के लिए उन्हें फोन किया था।

इस बातचीत के बाद ट्रम्प ने घोषणा की है कि पेट्रो के साथ राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस में वार्ता की तैयारी की जा रही है। गौरतलब है कि जनवरी 2025 में ट्रम्प के कार्यभार संभालने और वेनेजुएला में हालिया सैन्य अभियान के बाद दोनों नेताओं के बीच यह पहला सीधा संवाद है। ट्रम्प ने लिखा कि कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो के साथ बात करना सम्मान की बात थी। उन्होंने नशीली दवाओं की स्थिति और हमारे बीच रहे मतभेदों को समझाने के लिए फोन किया था। मैं उनके कॉल और बात करने के लहजे की सराहना करता हूं और निकट भविष्य में उनसे मिलने के लिए उत्सुक हूं। ट्रम्प ने कहा कि विदेश मंत्री मार्को रुबियो और कोलंबिया के विदेश मंत्री के बीच बैठक की तैयारियां की जा रही हैं। यह बैठक व्हाइट हाउस में होगी, हालांकि अभी इसकी तारीख की घोषणा नहीं की गई है। पेट्रो ने भी इस बातचीत की पुष्टि करते हुए इसे 'सौहार्दपूर्ण' बताया और कहा कि उन्होंने दोनों सरकारों के बीच सीधे संवाद की बहाली का अनुरोध किया है। पेट्रो ने राजधानी बोगोटा में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि यह बातचीत एक घंटे से अधिक समय तक चली।

उल्लेखनीय है कि ट्रम्प की सत्ता में वापसी के बाद से अमेरिका और कोलंबिया के बीच संबंध तनावपूर्ण रहे हैं। ट्रम्प ने बार-बार कोलंबिया पर अमेरिका में कोकीन की तस्करी को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। कोलंबिया ने इन आरोपों को झूठा बताया और स्पष्ट किया है कि वह संवाद, सहयोग और आपसी सम्मान पर आधारित संबंधों के लिए प्रतिबद्ध है और राज्यों के बीच बल प्रयोग या धमकी की बात अस्वीकार्य है।

## वेनेजुएला तेल बिक्री की आय से केवल अमेरिकी उत्पाद खरीदेगाः ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को कहा कि वेनेजुएला अपनी तेल बिक्री से होने वाली आय का उपयोग केवल अमेरिकी उत्पादों और सेवाओं को खरीदने के लिए करेगा। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा कि उन्हें सूचित किया गया है कि नए तेल समझौते से प्राप्त धन से वेनेजुएला केवल अमेरिका निर्मित उत्पाद ही खरीदेगा। राष्ट्रपति ने बताया कि इस खरीद में कृषि उत्पाद, दवाएं, चिकित्सा उपकरण और ऊर्जा आपूर्ति वाले उपकरण शामिल होंगे। ट्रम्प ने कहा कि यह कदम वेनेजुएला के मुख्य आर्थिक भागीदार के रूप में अमेरिका की स्थिति को और मजबूत करेगा। उन्होंने इसे एक बुद्धिमानी भरा विकल्प और वेनेजुएला तथा अमेरिका, दोनों के लोगों के लिए बहुत अच्छी बात बताया। यह घोषणा ट्रम्प के उस बयान के बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि वेनेजुएला तीन से पांच करोड़ बैरल तेल अमेरिका को देगा जिसकी बिक्री से मिला पैसे का प्रबंधन अमेरिकी निंगरानी में होगा। अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने पुष्टि की है कि अमेरिका वेनेजुएला के तेल निर्यात की निंगरानी करेगा और मौजूदा प्रतिबंधित आपूर्ति के साथ-साथ भविष्य के उत्पादन को अमेरिकी रिफाइनरियों और अन्य बाजारों में बेचेगा। दोनों देशों के बीच हुए इस समझौते के तहत लगभग दो अरब डॉलर मूल्य का कच्चा तेल अमेरिका भेजा जा सकता है।

# भारत पर 500 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा अमेरिका!

## रूस के खिलाफ प्रतिबंधों से जुड़े बिल को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की मंजूरी, अगले हफ्ते संसद में वोटिंग

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस के खिलाफ कड़े प्रतिबंधों से जुड़े एक बिल को मंजूरी दे दी है। इकोनॉमिक टाइम्स के मुताबिक इस बिल में रूस से तेल खरीदने वाले देशों खासकर भारत, चीन और ब्राजील पर 500 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने का प्रावधान है। रिपब्लिकन सीनेटर लिडसे ग्राहम ने बताया कि उन्होंने व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति से बातचीत की, जिसमें ट्रम्प ने संसद में बिल को पेश करने के लिए हरी झंडी दे दी।

यह बिल पिछले कई महीनों से तैयार किया जा रहा था। इसे अगले हफ्ते संसद में वोटिंग के लिए लाया जा सकता है। बिल का नाम 'सैंक्शनिंग रशिया एक्ट 2025' है। इसका मकसद उन देशों पर दबाव बनाना है, जो यूक्रेन युद्ध के बीच रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीद रहे हैं। अमेरिका का आरोप है कि इससे रूस को युद्ध लड़ने में मदद मिल रही है। रूस के खिलाफ नए प्रतिबंधों से जुड़े बिल को रिपब्लिकन और डेमोक्रेट्स दोनों ही पार्टियों के सांसदों का समर्थन मिला है। इस एक्ट के तहत रूस के ऊर्जा, बैंकिंग और डिफेंस सेक्टर्स को निशाना बनाया गया है। इसमें रूसी तेल-गैस कंपनियों, बड़े बैंकों, डिफेंस इंडस्ट्री और उनसे जुड़े ग्लोबल नेटवर्क पर सख्त पाबंदियों का प्रस्ताव है।

इसके साथ-साथ उन तीसरे देशों, कंपनियों या बैंकों पर भी सेकेंडरी सैंक्शन लगाने का प्रावधान है, जो रूस को प्रतिबंधों से बचने में मदद करते पाए जाएं। मतलब साफ है जो देश भी रूस के साथ घुमावदार रास्ते से कारोबार करेगा, वह भी अमेरिकी कार्रवाई की जद में आ सकता है। विधेयक में अमेरिका और उसके सहयोगी देशों में फीज की गई रूसी संपत्तियों को यूक्रेन के पुनर्निर्माण में इस्तेमाल करने की कानूनी राह तैयार करने की बात कही गई है। इससे युद्ध के नुकसान की भरपाई की जाएगी। रूस पर प्रतिबंध लगाने के लिए जारी किए गए ट्रम्प के कार्यकारी आदेशों को इस एक्ट के जरिए कानून में बदला जाएगा। भविष्य में कोई भी अमेरिकी राष्ट्रपति अकेले फैसले से इन प्रतिबंधों को नहीं हटा सकता और न ही उनमें कटौती कर सकेगा। अगर किसी तरह की छूट या राहत देनी भी हो, तो उसके लिए कांग्रेस की मंजूरी जरूरी होगी। बिल में राष्ट्रपति को विशेष छूट (प्रेसिडेंशियल वेवर) देने का भी प्रावधान है, ताकि डोनाल्ड ट्रम्प को रूस पर दबाव बनाने की ज्यादा ताकत मिल सके। रूस के खिलाफ प्रतिबंध लगाने वाला यह बिल एक बाइपाटिसन यानी द्विदलीय बिल है। यह बिल रिपब्लिकन सीनेटर लिडसे ग्राहम और डेमोक्रेट सीनेटर रिचर्ड ब्लूमेंथल ने मिलकर पेश किया है। सीनेटर लिडसे ग्राहम के मुताबिक, इस बिल के अभी 85 सह-प्रायोजक (को-स्पॉन्सर) हैं, यानी सीनेट के 80 प्रतिशत से ज्यादा सांसद इसके समर्थन में हैं। अमेरिका ने रूसी तेल की खरीद को लेकर पर पहले से 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया हुआ है। अगर यह बिल पास हो जाता है, तो दिल्ली के लिए नई मुश्किलें लेकर आ सकता है। अब तक भारत पर कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लग चुका है। इसके चलते भारत को अमेरिका में अपना सामान बेचने में मुश्किलों का सामना करना पड़ा रहा है, जिसका असर भारत के निर्यात पर पड़ रहा है। दोनों देशों के बीच टैरिफ विवाद को निपटाने के लिए ट्रेड डील पर बातचीत भी चल रही है। भारत चाहता है कि उस पर लगाए गए कुल 50 प्रतिशत टैरिफ को घटाकर 15 प्रतिशत किया जाए और रूस से कच्चा तेल खरीदने पर जो एक्स्ट्रा 25 प्रतिशत पेनल्टी लगाई गई है, उसे पूरी तरह खत्म किया जाए। दोनों देशों के बीच चल रही इस वार्ता से नए साल में कोई ठोस फैसला निकलने की उम्मीद है। लिडसे ग्राहम ने 5 जनवरी को कहा था कि वह करीब एक महीने पहले भारतीय राजदूत विनय मोहन क्वात्र के घर गए थे। उस मुलाकात में सबसे ज्यादा चर्चा भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद कम करने को लेकर हुई थी। उन्होंने बताया कि भारतीय राजदूत ने उनसे राष्ट्रपति ट्रम्प तक यह संदेश पहुंचाने को कहा था कि भारत पर लगाया गया एक्स्ट्रा 25 प्रतिशत टैरिफ हटाया जाए। भारत ने 2021 के बाद पहली बार रूस से कच्चे तेल का आयात घटाया है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत का रूसी तेल आयात नवम्बर में करीब 17.7 लाख बैरल प्रतिदिन था, जो दिसम्बर में घटकर लगभग 12 लाख बैरल प्रतिदिन रह गया है। आने वाले समय में यह 10 लाख बैरल प्रतिदिन से भी नीचे जा सकता है। जनवरी में आने वाले आंकड़ों में भारत के रूसी तेल आयात में बड़ी गिरावट दिख सकती है।



- **यह बिल पिछले कई महीनों से तैयार किया जा रहा था, इसे अगले हफ्ते संसद में वोटिंग के लिए लाया जा सकता है**
- **इसका मकसद उन देशों पर दबाव बनाना है, जो यूक्रेन युद्ध के बीच रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीद रहे हैं**

## ट्रम्प ने अमेरिका को 66 वैश्विक निकायों से अलग किया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने राष्ट्रीय हित का हवाला देते हुए देश को 66 वैश्विक संगठनों से अलग करने की घोषणा की है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने बुधवार को एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि संयुक्त राष्ट्र से जुड़े निकायों सहित इन 66 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों, एजेंसियों और आयोगों से अब अमेरिका का कोई वास्ता नहीं है। आदेश के अनुसार, ए समूह अब अमेरिका के राष्ट्रीय हितों की सेवा नहीं करते हैं। राष्ट्रपति कार्यालय ने इन संगठनों की पहचान बेकार, अप्रभावी और हानिकारक संस्थाओं के रूप में की है। अमेरिकी प्रशासन की ऐसी समीक्षा का कार्य अभी जारी है, जिससे भविष्य में ऐसे संगठनों की संख्या में और वृद्धि होने की संभावना है। वर्तमान आदेश में मुख्य रूप से संयुक्त राष्ट्र से जुड़े उन निकायों को निशाना बनाया गया है जो जलवायु, श्रम और इनसे संबंधित मुद्दों पर केंद्रित हैं। अधिकारियों के अनुसार, 'कार्यकारी आदेश 14199' के तहत की गई सरकार-व्यापी समीक्षा में 35 गैर-संयुक्त राष्ट्र संगठन और 31 संयुक्त राष्ट्र से संबंधित ऐसी संस्थाएं पाई गईं जो अमेरिकी मानकों पर खरी नहीं उतरीं। विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सात जनवरी को जारी एक प्रेस बयान में कहा कि इनमें से कई संगठनों को अनावश्यक, कुप्रबंधित या विशेष हितों द्वारा नियंत्रित पाया गया है, जो अमेरिकी प्राथमिकताओं के विपरीत काम कर रहे हैं।

# अमेरिका ने सोमालिया सरकार की सभी प्रकार की सहायता रोकी

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने सोमालिया सरकार की सभी प्रकार की सहायता स्थगित करते हुए आरोप लगाया है कि अधिकारियों ने खाद्य सहायता से भरा विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफ़पी) का एक गोदाम नष्ट कर दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन ने बुधवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में आरोप लगाया कि सोमाली अधिकारियों ने दानदाताओं द्वारा वित्त पोषित 76 टन खाद्य सहायता जब्त कर ली थी, जो जरूरतमंद सोमालियाई लोगों के लिए थी।

विभाग ने एक्स पर एक बयान में कहा, षविदेश विभाग ने सोमाली संघीय सरकार को लाभ पहुंचाने वाले सभी जारी अमेरिकी सहायता कार्यक्रमों को रोक दिया है। ट्रम्प प्रशासन मानवीय सहायता की बर्बादी, चोरी और हेरफेर को बिलकुल सहन नहीं करेगा और उसने सोमाली संघीय सरकार को लाभ पहुंचाने वाले सभी अमेरिकी सहायता कार्यक्रमों को रोक दिया है। सहायता की कोई भी बहाली सोमाली संघीय सरकार पर निर्भर होगी, जो अपने अस्वीकार्य कार्यों के लिए जवाबदेही लेगी और उचित सुधारात्मक कदम उठाएगी। वाशिंगटन एक्जामिनर की एक रिपोर्ट में डब्ल्यूएफपी के एक प्रवक्ता के हवाले से कहा गया कि मोगादिशु बंदरगाह में एक खाद्य गोदाम को बंदरगाह अधिकारियों द्वारा ध्वस्त कर दिया गया है। प्रवक्ता ने कहा कि गोदाम में कुपोषित गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं, लड़कियों और बच्चों के इलाज के लिए विशेष पौष्टिक भोजन था। डब्ल्यूएफपी के प्रवक्ता ने कहा कि यह गोदाम हमारे आपातकालीन अभियानों के लिए महत्वपूर्ण है, ऐसे समय में जब लगभग एक चौथाई आबादी (44 लाख लोग) सोमालिया में भूख के संकट स्तर या उससे भी बदतर स्थिति का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एजेंसी इस मुद्दे को हल करने के लिए अधिकारियों और भागीदारों के साथ सक्रिय रूप से काम कर रही है। ट्रम्प ने व्यक्तिगत रूप से अमेरिका में सोमाली समुदाय के खिलाफ नस्लवादी टिप्पणियां करते हुए कहा है कि वे 'अमेरिका को नष्ट कर रहे हैं।' उन्होंने सोमालिया से एक डेमोक्रेटिक प्रतिनिधि इल्हान उमर पर भी हमला किया, जो एक बाल शरणार्थी के रूप में अमेरिका आई थीं।

## श्रीलंका में भारी बारिश का अनुमान मछुआरों को समुद्र से लौटने की सलाह

**कोलंबो।** श्रीलंका मौसम विभाग ने गुरुवार को समुद्र में मौजूद मछुआरों को तुरंत वापस लौटने या सुरक्षित ठिकानों पर शरण लेने का आग्रह किया है। बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना एक 'गहरा दबाव' शुक्रवार को देश को प्रभावित कर सकता है जिससे भारी भारिश की चेतावनी दी गई है। विभाग ने मछुआरों को अगले आदेश तक समुद्र में न जाने की सलाह भी दी है। मौसम विभाग का कहना है कि पिछले साल आए चक्रवात 'दित्वा' से प्रभावित हुए कई जिलों में 100 मिमी से अधिक बारिश हो सकती है। विभाग ने संबंधित अधिकारियों को इसके लिए तैयार रहने को कहा है। इस बीच, सिंचाई विभाग ने चेतावनी दी है कि यदि देश में भारी बारिश होती है, तो नदियों और जलाशयों का जलस्तर तेजी से बढ़ सकता है।

## बीएनपी नेता अजीजुर रहमान मुसब्बिर की ढाका में गोली मारकर हत्या

**ढाका।** बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के वॉलंटियर विंग स्वेच्छासेबक दल के नेता अजीजुर रहमान मुसब्बिर की बुधवार रात ढाका के कारवां बाजार इलाके में अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी, जबकि तेजगांव थाना वन श्रमिक संघ के महासचिव सुफियान ब्यापारी मसूद को घायल कर दिया।

यह घटना देश में होने वाले राष्ट्रीय चुनाव से पहले कानून-व्यवस्था को लेकर बढ़ती चिताओं के बीच हुई। ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस (तेजगांव जोन) के अतिरिक्त उपायुक्त फजलुल करीम ने द डेली स्टार को बताया कि मुसब्बिर को पंथपथ के बीआरबी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां पहुंचते ही उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मसूद को बाद में इलाज के लिए ढाका मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल (डीएमसीएच) ले जाया गया। पुलिस और पार्टी सूत्रों के मुताबिक मुसब्बिर शाम को शहर के एक होटल में शरीयतपुर के कुछ लोगों के साथ एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे। कार्यक्रम के बाद मुसब्बिर और मसूद पास की एक गली में चल रहे थे, तभी दो लोगों ने उन पर गोलियां चला दीं। हमलावर मौके से भाग गए। बीएनपी के स्थानीय कार्यकर्ताओं समेत कुछ लोगों ने गोलीबारी के बाद सोनारगांव चौराहे के पास विरोध-प्रदर्शन किया।

## दिल के दौरे, स्ट्रोक के लिए मकड़ी के जहर से बनी दवा का परीक्षण शुरू

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई शोधकर्ताओं ने दुनिया की सबसे खतरनाक मकड़ियों में से एक के जहर से तैयार दवा का दिल के दौरे और स्ट्रोक मरीजों पर नैदानिक परीक्षण शुरू किया है। शोधकर्ताओं ने गुरुवार को यह जानकारी दी। ऑस्ट्रेलिया की यूनिवर्सिटी ऑफ क्वींसलैंड (यूक्यू) के एक बयान के अनुसार, 'फेज 1 क्लीनिकल ट्रायल' के दौरान 'आईबी409' नामक दवा की सुरक्षा, सहनशीलता और इसकी सही खुराक का परीक्षण किया जाएगा। यह एक नई दवा है। इसे बायोटेक्नोलॉजी कंपनी 'इन्फेंसा बायोसाइंस' ने ऑस्ट्रेलियाई 'फनल-वेब' मकड़ी के जहर में पाए जाने वाले अणु से विकसित किया है।

# बांग्लादेश को जेएफ-17 फाइटर जेट बेचने की तैयारी में पाक

## दोनों देशों के एयरफोर्स चीफ ने बातचीत की, चीन की मदद से बनाया था जेएफ-17 थंडर फाइटर जेट



**ढाका।** पाकिस्तान बांग्लादेश को जेफ-17 थंडर फाइटर जेट बेचने की तैयारी में है। इसको लेकर दोनों देशों के वायुसेना प्रमुखों के बीच इस्लामाबाद में बातचीत हुई है। पाकिस्तानी सेना ने इसकी पुष्टि की है।

बांग्लादेशी अखबार डेली स्टार के मुताबिक पाकिस्तान एयरफोर्स प्रमुख एयर चीफ मार्शल जहीर अहमद बाबर सिंधु और बांग्लादेश वायुसेना प्रमुख हसन महमूद खान के बीच बैठक हुई। इसमें जेफ-17 थंडर लड़ाकू विमानों की संभावित बिक्री और रक्षा सहयोग पर चर्चा की गई। जेफ-17 थंडर एक मल्टी-रोल काम्बैट एयरक्राफ्ट है, जिसे पाकिस्तान ने चीन के साथ मिलकर विकसित किया है। यह विमान हवा से हवा और हवा से जमीन पर हमला करने में सक्षम माना जाता है और पाकिस्तान वायुसेना में पहले से सेवा में है। रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान ने बांग्लादेश को 'सुपर मुश्शक' ट्रेनर विमान की फास्ट-ट्रैक डिलीवरी का भरोसा भी दिया है। इसके साथ पायलट ट्रेनिंग और लान्ग-टर्म सपोर्ट सिस्टम उपलब्ध कराने की बात कही गई है। पाकिस्तानी सेना के मुताबिक, दोनों देशों के बीच रक्षा, व्यापार और कनेक्टिविटी जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर भी चर्चा चल रही है। बांग्लादेश की ओर से इस संभावित सौदे पर अब तक आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। हाल के महीनों में पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच कूटनीतिक संपर्क बढ़े हैं। दिसम्बर के अंत में ढाका में पाकिस्तान के उच्चायुक्त ने बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस से मुलाकात की थी। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के तख्तापलट के बाद से भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में लगातार तनाव बना हुआ है। जबकि पाकिस्तान और बांग्लादेश के रिश्तों में लगातार सुधार आया है। मोहम्मद यूनुस अगस्त 2024 के बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से दो बार मुलाकात कर चुके हैं।

नवम्बर 2024 में, 1971 के बाद पहली बार एक पाकिस्तानी कार्गो जहाज चटगांव बंदरगाह पहुंचा था। इसके अलावा अप्रैल 2025 में ढाका में 15 साल बाद दोनों देशों के विदेश सचिवों ने मुलाकात की थी। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने भी 27-28 अप्रैल को ढाका का दौरा किया था, जो 2012 के बाद पहली उच्च-स्तरीय यात्रा थी। इस दौरान दोनों देशों ने आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए समझौतों पर चर्चा की थी।

# ट्रम्प के इशारों पर चल रही वेनेजुएला की सरकार

## ट्रम्प ने कहाः यहां से तेल निकालकर दुनिया को बेचेंगे, अमेरिका कई साल राज करेगा

- **ट्रम्प ने वेनेजुएला में चुनाव कब होंगे, इस पर कोई जानकारी नहीं दी, अमेरिकी सैनिकों की तैनाती को लेकर भी ट्रम्प ने कोई सीधा जवाब नहीं दिया**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका अब वेनेजुएला को चलाएगा और उसके विशाल तेल भंडार से सालों तक तेल निकालेगा। न्यूयार्क टाइम्स को दिए इंटरव्यू में ट्रम्प ने बताया कि वेनेजुएला की अंतरिम सरकार जो भी जरूरी है, वह सब दे रही है।

जब उनसे पूछा गया कि अमेरिका कितने समय तक वेनेजुएला पर सीधा कंट्रोल रखेगा। क्या यह तीन महीने होगा? छह महीने? एक साल? या उससे भी अधिक? इसपर उन्होंने कहा कि 'यह तो समय ही बताएगा, लेकिन यह काफी लंबा समय होगा, शायद सालों तक। ट्रम्प ने वेनेजुएला में चुनाव कब होंगे, इस पर कोई जानकारी नहीं दी। अमेरिकी सैनिकों की तैनाती को लेकर भी ट्रम्प ने कोई सीधा जवाब नहीं दिया। ट्रम्प ने कहा कि मैं आपको यह नहीं बता सकता। ट्रम्प ने कहा कि वह भविष्य में वेनेजुएला की यात्रा करना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि ऐसा समय जल्द आएगा जब मेरा वहां जाना सुरक्षित हो जाएगा। ट्रम्प से पहले अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा था कि अमेरिका वेनेजुएला के तेल की बिक्री को अनिश्चित काल तक अपने कंट्रोल में रखेगा। रिपब्लिकन सांसदों ने ज्यादातर इस कदम का समर्थन किया है, लेकिन डेमोक्रेट्स ने चेतावनी दी है कि बिना स्पष्ट कानूनी अधिकार के अमेरिका एक लंबे अंतर्राष्ट्रीय हस्तक्षेप की ओर बढ़ रहा है। इंटरव्यू में ट्रम्प ने मादुरो की उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज को वेनेजुएला की नई नेता मानने के सवाल का जवाब नहीं दिया, जबकि विपक्षी नेता मारिया कोरिना माचाडो, जिनकी पार्टी ने 2024 के चुनाव में जीत हासिल की थी और हाल ही में नोबेल शांति पुरस्कार जीता, को समर्थन नहीं देने का कारण भी नहीं बताया। ट्रम्प ने इस सवाल का जवाब नहीं दिया कि उन्होंने मादुरो की उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज को वेनेजुएला की नई नेता के रूप में मान्यता क्यों दी। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने रोड्रिगेज से बात की है, तो उन्होंने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। ट्रम्प ने कहा कि विदेश मंत्री रुबियो लगातार उनके संपर्क में हैं। मैं आपको बता दूं कि हम उनके और प्रशासन के साथ बातचीत कर रहे हैं। ट्रम्प ने यह भी नहीं बताया कि अमेरिका ने विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो का समर्थन क्यों नहीं किया, जबकि उनकी पार्टी ने 2024 में निकोलस मादुरो के खिलाफ चुनावी जीत का दावा किया था और हाल ही में नोबेल शांति पुरस्कार भी जीता। इंटरव्यू के दौरान ट्रम्प ने कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो का फोन भी उठाया। यह बातचीत करीब एक घंटे चली। इसके बाद ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि पेट्रो ने कोलंबिया से निकलने वाले ड्रग्स की स्थिति पर सफाई दी है और उन्हें वाशिंगटन आने का न्योता दिया गया है। इंटरव्यू के दौरान ट्रम्प को कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो के काल की जानकारी दी गई। ट्रम्प ने आपरेशन एब्सोल्यूट रिजाल्व की भी चर्चा की, जिसमें पूर्व राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को गिरफ्तार किया गया।

